Springboard ACADEMY

समसामयिकी

विषय-वस्तु शोध, अनुसंधान एवं संपादकीय कार्य
स्प्रिंगबोर्ड एकेडमी करेंट अफेयर्स टीम

अक्टूबर: 2026

CURRENT AFFAIRS (October-2026)

PUBLISHER

MAHECHA PUBLICATION

PLOT NO. 58, WEST WAY HEIGHTS, BHANKROTA, JAIPUR (RAJASTHAN), 302026

E-mail: thenoteshub@gmail.com , **Website:** www.thenoteshub.com

The Notes Hub

+91 7300134518, +91 7610010054

MAHECHA PUBLICATION

विषय-सूची

विषय-वस्तु		पृष्ठ-संख्या
1. राजस्थान-समसामयिकी	→	1-22
2. राष्ट्रीय-समसामयिकी	→	23-51
3. अंतरराष्ट्रीय-समसामयिकी	→	52-62
4. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी	→	63-73
5. खेल-समसामयिकी	→	74-90



मूल्य : 30/- रुपये

नोट:-इस पुस्तक के किसी भी अंश का पुनरुत्पादन या किसी प्रणाली के सहारे पुन:प्राप्ति का प्रयास अथवा किसी भी तकनीकी तरीके-इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग या वेब माध्यम-से प्रकाशक की अनुमति के बिना वितरित नहीं किया जा सकता है। प्रकाशक ने अपने प्रयास से इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्त्रोतों से प्राप्त किया है। पुस्तक में प्रकाशित किसी भी सूचना की सत्यता के प्रति तथा इससे होने वाली किसी भी क्षति के लिए प्रकाशक, सम्पादक, लेखक अथवा मुद्रक जिम्मेदार नहीं है।

महत्त्वपूर्ण व्यक्तित्व

❑ वी. श्रीनिवास ने IIAS शासन सूचकांक-2026 की प्रारंभिक रूपरेखा जारी की: 15.10.2026

⇨ **व्यक्तित्व:** राजस्थान के मुख्य सचिव एवं **International Institute of Administrative Sciences–IIAS)** के अध्यक्ष। 'अंतरराष्ट्रीय प्रशासनिक विद्यालय एवं संस्थान संघ' (IASIA) के **वार्षिक सम्मेलन-2026** के दौरान किया गया।



- **अवधि: 12-16 अक्टूबर, 2026** तक।
- **आयोजन:** ग्रीस की राजधानी **एथेंस**।
- **विषय: Rethinking Governance for a Changing World**

⇨ **IIAS शासन सूचकांक की प्रमुख विशेषताएँ**

- **164 देशों का आकलन:** प्रस्तावित सूचकांक के माध्यम से विश्व के **164 देशों** की शासन व्यवस्थाओं एवं सार्वजनिक संस्थाओं के प्रदर्शन का तुलनात्मक मूल्यांकन किया जाएगा।
- **मूल्यांकन आधार:** शासन के **6 प्रमुख आयामों, 50 संकेतों तथा 8 डेटा स्रोत**।
- **6 प्रमुख आयाम:** संस्थागत प्रभावशीलता, डिजिटल प्रशासन और नवाचार, पारदर्शिता और जवाबदेही, नागरिक-केंद्रित सेवा वितरण, कानून का शासन और वित्तीय प्रबंधन।
- **उद्देश्य:** सरकारी संस्थाओं की कार्यकुशलता, प्रशासनिक प्रदर्शन और शासन में सुधार की आवश्यकता वाले क्षेत्रों की पहचान करके 'अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तुलनात्मक अध्ययन को बढ़ावा देना।
- **औपचारिक विमोचन:** एथेंस में केवल सूचकांक की प्रारंभिक रूपरेखा प्रस्तुत की गई। इसकी पूर्ण कार्यप्रणाली, निष्कर्ष एवं देशों की तुलनात्मक स्थिति **17-20 नवंबर, 2026** के दौरान दक्षिण कोरिया के सियोल में आयोजित IIAS वार्षिक सम्मेलन में प्रस्तुत किए जाने का कार्यक्रम है।

❖ **Note:** वी. श्रीनिवास ने यूरोपीय ग्रुप फॉर पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन **(EGPA) की अध्यक्ष प्रो. डॉ. सबाइन कुलमैन** के साथ बैठक की। ग्रीस की राजधानी एथेंस में वी. श्रीनिवास ने **भारत के राजदूत रवि शंकर** से शिष्टाचार भेंट की।

❑ प्रो. शिव सिंह सारंगदेवत गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय के कुलगुरु नियुक्त

⇨ राजस्थान के राज्यपाल एवं कुलाधिपति **हरिभाऊ बागडे** ने **17 अक्टूबर, 2026** को **प्रो. शिव सिंह सारंगदेवत** को **GGTU, बाँसवाड़ा** का नया कुलगुरु नियुक्त किया।

⇨ **पूर्व पद:** उदयपुर स्थित जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के कुलपति रह चुके हैं।

⇨ **कार्यभार ग्रहण:** उन्होंने **17 अक्टूबर, 2026** को **प्रो. कैलाश चंद्र डागा** से कार्यभार ग्रहण किया, जिनके पास विश्वविद्यालय का अतिरिक्त प्रभार था।

❑ संतोष देवी खेदड़ बनीं राजस्थान की पहली महिला किसान ब्रांड एंबेसडर

⇨ **नियुक्त:** सीकर जिले के बेरी गाँव की **प्रगतिशील किसान** को **अक्टूबर 2026** में राजस्थान कृषि आयुक्तालय द्वारा **महिला किसान ब्रांड एंबेसडर एवं ट्रेनर** नियुक्त किया गया।

⇨ **उपलब्धि:** जैविक बागवानी में नवाचार-शुष्क व गर्म जलवायु में **सेब (HRMN-99) की सफल खेती**।

⇨ **वर्ष 2024 में** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (IARI), नई दिल्ली द्वारा प्रतिष्ठित **'इनोवेटिव फार्मर अवार्ड'** से सम्मानित।

योजनाएँ/कार्यक्रम/अभियान/समारोह

❑ विश्व बैंक की 'सूत्रा' (SUTRA) परियोजना

- ⇨ **कार्यान्वयन एजेंसी:** राजस्थान अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट (RUIDP)
- ⇨ **प्रमुख परियोजना:** विश्व बैंक द्वारा राजस्थान के प्रमुख शहरों में सुविधाओं के विस्तार, आधारभूत ढांचे के विकास और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ''**सस्टेनेबल अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन इन राजस्थान एक्सीलरेटेड''**
  - **(सूत्रा - SUTRA)** परियोजना का प्रस्ताव तैयार किया गया है।
- ⇨ **कुल लागत:** इस प्रस्तावित परियोजना की कुल लागत **38 करोड़ 57 लाख अमेरिकी डॉलर**
  - (लगभग ₹3,500 करोड़ से अधिक) है। इसमें **विश्व बैंक (IBRD) का 27 करोड़ डॉलर का ऋण तथा राज्य सरकार का 11 करोड़ 57 लाख डॉलर का वित्तपोषण** प्रस्तावित है।
- ⇨ **शामिल क्षेत्र व निकाय-**
  - कुल **32 शहरी स्थानीय निकायों** को शामिल किया जाएगा।
  - इसमें **जयपुर, जोधपुर, कोटा और भरतपुर** के **4 प्रमुख शहरी क्लस्टर** तथा उनसे जुड़े **28 सैटेलाइट टाउन** शामिल (अनुमानित आबादी 78 लाख से अधिक)

❑ राष्ट्रीय पोषण माह 2026 में राजस्थान

- ⇨ **आयोजन:** 9 सितंबर से 8 अक्टूबर 2026
- ⇨ **राष्ट्रीय उपलब्धि:** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार **9वें राष्ट्रीय पोषण माह** में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए **राजस्थान ने पूरे भारत में दूसरा स्थान** प्राप्त किया।
- ⇨ **लक्ष्य प्राप्ति:** प्रदेश ने निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष **113.66%**
- ⇨ **वर्ष 2026 थीम: "हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी"**
- ⇨ राजस्थान सरकार **'कुपोषण मुक्त राजस्थान, स्वस्थ राजस्थान'** के लक्ष्य के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध।
- ⇨ **प्रदेश के टॉप 5 प्रदर्शन करने वाले जिले-**
  1. **जोधपुर** = 148.22% **2**. **बीकानेर** = 133.70%
  3. **पाली** = 132.01% **4. चूरू** = 128.85%
  5. **श्रीगंगानगर** = 127.21%

पोषण माह के दौरान **5 प्रमुख विषयों पर विशेष गतिविधियां** आयोजित की गई –

1. आहार विविधता एवं पर्याप्त प्रोटीन
2. आंगनवाड़ी केन्द्रों पर ताजा पका हुआ गर्म भोजन (HCM)
3. सामुदायिक स्वामित्व एवं जवाबदेही
4. बाल्यावस्था विकास के लिए पोषण और प्रारंभिक उद्दीपन
5. प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना

❑ PM विश्वकर्मा योजना: कौशल विकास और आजीविका संवर्धन

- ⇨ **राष्ट्रीय उपलब्धि:** योजना के तहत **देश भर में वर्ष 2028 तक 30 लाख पंजीकरण का लक्ष्य निर्धारित समय से पहले ही हासिल** कर लिया गया।
- ⇨ 30 सितंबर 2026 तक 30,03,925 कारीगर व शिल्पकार पंजीकृत।
- ⇨ **राजस्थान: 2.30 लाख से अधिक कारीगरों** के पंजीकरण के साथ राजस्थान **<u>देशभर में चौथे स्थान</u>** पर।
- ⇨ **प्रमुख श्रेणियां: बढ़ई श्रेणी** में 45,958 और **राजमिस्त्री** में 38,450 कारीगरों का सर्वाधिक पंजीकरण।

- ⇨ **प्रशिक्षण व वित्तीय सहायता-**
  - प्रदेश में **2,22,473 लाभार्थियों** का बेसिक प्रशिक्षण पूरा हो चुका।
  - रियायती ब्याज दर पर अधिकतम **₹3 लाख तक का ऋण** (प्रदेश में 62 हजार से अधिक ऋण स्वीकृत) तथा टूलकिट हेतु **₹15,000 की सहायता** (2,17,084 ई-वाउचर जारी)। **प्रभाव:** IIM मुंबई के समवर्ती मूल्यांकन के अनुसार, प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 93% लाभार्थियों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

❑ विशिष्ट पंजीकरण योजना-2026: पत्रकारों के लिए विशेष आवास योजना

- ⇨ **शुभारंभ:** 17 अक्टूबर 2026 , कॉन्स्टिट्यूशनल क्लब ऑफ राजस्थान, जयपुर
- ⇨ **प्रमुख:** राजस्थान आवासन मंडल
- ⇨ **योजना का स्थल व लाभ-**
  - **इंदिरा गांधी नगर आवासीय योजना, सेक्टर-9, जगतपुरा** में फ्लैट्स का पंजीकरण शुरू।
  - मुख्यमंत्री द्वारा आवासीय योजना के फेज-1 में **3 BHK फ्लैट पर ₹15 लाख** तथा **2 BHK फ्लैट पर ₹12 लाख** की विशेष छूट की घोषणा की गई।
  - भविष्य में अन्य संभागों के साथ-साथ **भरतपुर में पूंछरी का लौठा** के पास विकसित हो रही **सैटेलाइट सिटी** में भी नई आवासीय योजना लाने की घोषणा की गई।
  - पत्रकारों के लिए **न्यूनतम पात्रता आयु 45 वर्ष तथा अनुभव 15 वर्ष** निर्धारित।

⇨ **Note: राष्ट्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन में राजस्थान अग्रणी प्रदेश—**मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश **12 राष्ट्रीय योजनाओं में प्रथम, 10 में द्वितीय और 8 योजनाओं में तृतीय स्थान** पर रहा है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में सर्वाधिक पॉलिसी जारी करने, पीएम-कुसुम योजना के विभिन्न घटकों, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 में प्रदेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। **धरती आबा जनभागीदारी अभियान** में राजस्थान को **बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट का दर्जा** मिला है।

❑ तम्बाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श सेवाओं में राजस्थान का देश में प्रथम स्थान

- ⇨ **राष्ट्रीय उपलब्धि:** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के राष्ट्रीय संसाधन केंद्र द्वारा पिछले 10 माह में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर राजस्थान को **तम्बाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में देशभर में प्रथम स्थान** के लिए चयनित। यह जनवरी-फरवरी 2027 में नई दिल्ली में प्रदान किया जाएगा।
- ⇨ **उपचार व परामर्श आंकड़े:** वर्ष 2026-27 के दौरान प्रदेश में दंत चिकित्सकों के माध्यम से ब्लॉक स्तर तक **1 लाख 52 हजार से अधिक लोगों** को तम्बाकू छोड़ने के लिए उपचार एवं परामर्श।
- ⇨ **ब्लॉक स्तर तक विस्तार व जियो-टैगिंग: राजस्थान देश का एकमात्र राज्य** जहाँ दंत चिकित्सकों के माध्यम से ब्लॉक स्तर तक ये सेवाएं। आमजन को सुविधा के लिए **500 से अधिक तम्बाकू मुक्ति केंद्रों की जियो-टैगिंग** कराई गई है तथा **'निकोटिन रिप्लेसमेंट थेरेपी'** को निःशुल्क दवा सूची में शामिल।
- ⇨ विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा वर्ष 2026 में **दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र** में उत्कृष्ट कार्यों के लिए राजस्थान को **'विश्व तम्बाकू निषेध दिवस अवार्ड-2026'** से भी सम्मानित।

❑ प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना: नागौर जिले को देश में दूसरा स्थान

- ⇨ **प्रमुख उपलब्धि:** योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में **नागौर जिले** ने पूरे भारतवर्ष में **द्वितीय स्थान** प्राप्त किया।
- ⇨ **योजना के अंतर्गत देशभर से 100 आकांक्षी कृषि जिलों का चयन किया गया है,** जिनमें **राजस्थान के 8 जिले** (बाड़मेर, जैसलमेर, पाली, नागौर, जोधपुर, बीकानेर, चूरू और जालोर) शामिल हैं। पहले वर्ष के मूल्यांकन में गया (बिहार) प्रथम, **नागौर (राजस्थान)** द्वितीय तथा उमरिया (मध्य प्रदेश) तृतीय स्थान पर रहे।

⇨ **देश में नागौर का प्रदर्शन (पीएम धन-धान्य कृषि योजना)-**

1: फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना **— प्रथम स्थान** (18.44 अंक)

2: फसल कटाई के बाद भंडारण क्षमता बढ़ाना और किसानों के लिए दीर्घकालिक कृषि ऋण की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित करना **— देश में चौथा स्थान**

3: कृषि उत्पादकता बढ़ाना तथा बेहतर शासन और सेवा वितरण सुनिश्चित करना**— देश में पाँचवाँ स्थान**

4: सभी 6 उद्देश्यों में समग्र प्रदर्शन **— देश में दूसरा स्थान** (84.13 अंक के साथ)

⇨ **अन्य जिलों से संबंधित बिंदु:-**

- राजस्थान का **पाली जिला** सभी 6 उद्देश्यों में समग्र प्रदर्शन के आधार पर **11वें स्थान** पर रहा है, तथा सिंचाई अवसंरचना में सुधार करने में पाली **8वें स्थान** पर रहा है।
- **जैसलमेर** में 2 हजार एकड़ में इंटीग्रेटेड पेस्ट मैनेजमेंट आधारित जीरे की खेती और 500 एकड़ में सौर ऊर्जा आधारित स्प्रिंकलर सिंचाई के इस्तेमाल को राष्ट्रीय स्तर पर **'बेस्ट प्रैक्टिसेज'** में शामिल।

नागौर को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के तहत नागौर जिले ने पूरे भारतवर्ष में द्वितीय स्थान प्राप्त कर गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 12 अक्टूबर को नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में इस उपलब्धि के लिए नागौर जिले को सम्मानित किया। नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में नागौर जिले का प्रतिनिधित्व जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में संयुक्त निदेशक कृषि रविंद्र सिंह रियाड़, कृषि विज्ञान केंद्र नागौर के डॉ. बुद्धा राम चौधरी तथा प्रगतिशील किसान रामदेव जाट ने किया। जिले में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कृषि विभाग द्वारा लगातार मॉनिटरिंग, समीक्षा एवं फील्ड स्तर पर विभिन्न गतिविधियों की प्रगति पर निगरानी रखी गई।

❑ पीएम-सेतु योजना के तहत भिवाड़ी हब-स्पोक क्लस्टर हेतु 241 करोड़ रुपये की मंजूरी

⇨ **योजना का उद्देश्य:** 'विकसित भारत-2047' के संकल्प को पूरा करने के लिए कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा **पीएम-सेतु (प्रधानमंत्री स्किलिंग एंड एम्प्लॉयबिलिटी ट्रांसफॉर्मेशन थ्रू अपग्रेडेड आईटीआई)** योजना के तहत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (ITIs) का कायाकल्प।

⇨ **भिवाड़ी क्लस्टर को मंजूरी:** राष्ट्रीय संचालन समिति ने राजस्थान में **भिवाड़ी क्लस्टर के लिए 241 करोड़ रुपये** की निवेश योजना को मंजूरी, राजस्थान **शेयर होल्डर एग्रीमेंट साइन करने वाला देश का पहला राज्य** बन गया।

⇨ **12 हब-स्पोक क्लस्टर्स:** प्रदेश में कुल 12 हब-स्पोक क्लस्टर्स (भिवाड़ी, जयपुर, जोधपुर, कोटा, भरतपुर, बांसवाड़ा, बालोतरा, बीकानेर, भीलवाड़ा, कोटपूतली, सीकर और पाली) के माध्यम से आईटीआई को आधुनिक तकनीक और उद्योगों से जोड़ा जाएगा।

⇨ **नवीन पाठ्यक्रम:** युवाओं को एआई, रोबोटिक्स, ड्रोन टेक्नोलॉजी, 5जी नेटवर्क, इलेक्ट्रिक व्हीकल, साइबर सुरक्षा और ग्रीन एनर्जी जैसे **32 से अधिक नए पाठ्यक्रमों** का प्रशिक्षण मिलेगा

❑ निदेशालय ICDS की योजनाओं की समीक्षा

⇨ **दिनांक:** 26 अक्टूबर 2026 (शासन सचिवालय, जयपुर), **अध्यक्षता:** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास

⇨ **मुख्य उपलब्धियां-**

❖ **98.5% आंगनबाड़ी केंद्रों का विद्यालयों से सह-स्थापन:** प्रदेश में **61,483 आंगनबाड़ी केंद्रों (98.5%)** को विद्यालयों के साथ सह-स्थित एवं मैप किया जा चुका है, जिससे प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों का सहज प्रवेश सुनिश्चित हो रहा है। **चैंपियन कार्यकर्ता:** उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली **1,000 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं** का चयन 'चैंपियन' के रूप में किया गया है, जिसके लिए **90 लाख रुपये** स्वीकृत किए गए हैं।

❑ राजस्थान में 'सही खान-पान, स्वस्थ राजस्थान' अभियान

- ⇨ **आयोजन:** राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन को सुरक्षित, पौष्टिक एवं मिलावट-मुक्त भोजन के प्रति जागरूक करने के लिए **3-16 अक्टूबर, 2026** तक प्रदेशव्यापी अभियान।
- ⇨ **अभियान का संदेश: 'सुरक्षित खाएं-स्वस्थ रहें-स्थानीय खाएं-मिलावट को हराएं'**
- ⇨ **प्रमुख गतिविधियाँ:** अभियान के अंतर्गत-
  - **स्कूल ईट राइट डे** (3-5 अक्टूबर), **मिलावट को पहचानो-मिलावट को हराओ** (6-7 अक्टूबर)
  - **हेल्दी राजस्थान-हेल्दी थाली डे** (8-9 अक्टूबर), **'रीड द लेबल-ईट राइट, ईट सेफ'** (11-12 अक्टूबर)
  - **राइट कैम्पस डे** (13-14 अक्टूबर), **फूड वेस्ट-सेव फूड डे** (15-16 अक्टूबर) आयोजित किए गए।

प्रमुख पुरस्कार प्रकाशन एवं लेखक

❑ SDRF राजस्थान: 'नेशनल CBRN कॉम्पिटिशन-2026'



- ⇨ **आयोजन अवधि:** 12-15 अक्टूबर 2026
- ⇨ **स्थान:** 5वीं बटालियन एनडीआरएफ, पुणे (महाराष्ट्र)
- ⇨ **आयोजक:** राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (**NDRF**)
- ⇨ **उपलब्धि:** राज्य आपदा प्रतिसाद बल (**SDRF**), राजस्थान की टीम **द्वितीय स्तर** (रीजनल लेवल) में **प्रथम स्थान** प्राप्त, जबकि **गुजरात** टीम दूसरे स्थान पर।
- ⇨ **नेतृत्व:** 21 सदस्यीय दल-प्लाटून कमांडर **आशीष बंशीवाल** और **हेमंत दायमा**
- ⇨ **उद्देश्य:** रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल एवं परमाणु (**CBRN**) आपात स्थितियों से निपटने के लिए आपदा मोचन बलों की तकनीकी दक्षता, त्वरित प्रतिक्रिया मूल्यांकन करना।

❑ जयपुर की निहारिका राठौड़ बनीं 'द मिस ग्लोब इंडिया-2026'



- ⇨ **30 सितम्बर, 2026** को **'द मिस ग्लोब इंडिया-2026'** घोषित किया, जिसके तहत वे थाईलैंड के फुकेट में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।
- ⇨ **खिताब हस्तांतरण:** अगस्त 2026 में आयोजित **मिस फ्यूजन इंडिया प्रतियोगिता** में अदिति भटनागर विजेता तथा निहारिका राठौड़ प्रथम रनर-अप रही थीं, लेकिन अदिति के हटने के बाद निहारिका को यह खिताब सौंपा गया।
- ⇨ **अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता:** निहारिका **24 अक्टूबर-6 नवम्बर, 2026** तक फुकेट (थाईलैंड) में आयोजित **'द मिस ग्लोब-2026'** में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। निहारिका द मिस ग्लोब प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली **राजस्थान की पहली प्रतिभागी** हैं।

❑ 'वर्ड्स बियॉन्ड बॉर्डर्स' अन्तर्राष्ट्रीय साहित्य महोत्सव-2026

- ⇨ **आयोजन:** नीमराना (**कोटपूतली-बहरोड़**) स्थित **रैफल्स यूनिवर्सिटी** एवं नीमराना फोर्ट पैलेस 25-27 **अक्टूबर, 2026** तक **(पहला संस्करण)**
- ⇨ **आयोजक: डॉ. ज्ञानेश्वर मुले फाउंडेशन**, **फाउंडेशन फॉर आर्ट एंड लिटरेचर (FOCAL)** तथा **रैफल्स यूनिवर्सिटी** के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।
- ⇨ **प्रमुख आयोजन:** महोत्सव के 35 सत्रों में देशभर के लगभग 73 वक्ताओं ने साहित्य, संस्कृति, कूटनीति एवं वैश्विक मुद्दों पर विचार व्यक्त किए।

❑ जादूगर शिवकुमार: गोल्डन मर्लिन अवॉर्ड



- ⇨ मुण्डावर (**खैरथल-तिजारा**) निवासी जादूगर शिवकुमार को थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में आयोजित बैंकॉक इंटरनेशनल मैजिक फेस्टिवल में **'गोल्डन मर्लिन अवॉर्ड'** से सम्मानित किया गया।
- ⇨ **श्रेणी:** मोस्ट आउटस्टैंडिंग मैन्युपुलेशंस (हाथ की सफाई और शानदार जादू प्रदर्शन)
- ⇨ **प्रदानकर्ता: इंटरनेशनल मैजिशियंस सोसायटी यूएसए के अध्यक्ष टोनी हसिनी** द्वारा।
- ⇨ **सर्वोच्च दर्जा:** पुरस्कार वैश्विक स्तर पर **'जादू की दुनिया का ऑस्कर'** माना जाता है।
- ⇨ **पृष्ठभूमि:** मर्लिन अवॉर्ड अमेरिका स्थित इंटरनेशनल मैजिशियंस सोसायटी द्वारा जादू कला में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए प्रदान किया जाता है।

❑ सातवें जल प्रहरी सम्मान-2026

- ⇨ **आयोजन:** 23 अक्टूबर (नई दिल्ली) **मुख्य अतिथि:** केंद्रीय जलशक्ति राज्य मंत्री **डॉ. राजभूषण चौधरी**
- ⇨ यह **नागरिक समाज और मीडिया समूह (Sarkaritel.com) की एक संयुक्त पहल** है, जिसे सरकार (जल शक्ति मंत्रालय) का पूरा संरक्षण प्राप्त है। देशभर से **कुल 31** जल संरक्षकों को जल संरक्षण, स्वच्छता और पर्यावरण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।
- ⇨ **प्रमुख सम्मानित हस्तियाँ-**
  - **अजय क्रांतिकारी:** कर्मभूमि राजस्थान (सकरनी नदी के पुनरुद्धार के लिए)
  - **इंजीनियर एम.सी.टी. परेवा:** दूदू क्षेत्र (जयपुर)– जल संरक्षण एवं जलवायु सुधार के क्षेत्र में योगदान।
  - **भूपेंद्र पालीवाल** (चिड़ावा, झुंझुनूं) – जल संरक्षण में योगदान के लिए
  - **सावित्री श्रीवास्तव** ('वाटर वुमेन'): मध्य प्रदेश – जल संसाधन प्रबंधन के लिए
  - **नोट: 'वाटरमैन ऑफ़ इंडिया' : डॉ. राजेंद्र सिंह** (अलवर)

❑ जैविक किसान पुरस्कार (2025-26)

- ⇨ **प्रदान: कृषि विभाग, राजस्थान सरकार** द्वारा
- ⇨ **चयनकर्ता:** कृषि विभाग की राज्यस्तरीय कमेटी
- ⇨ **पुरस्कार राशि:** ₹1-1 लाख नकद (प्रत्येक को)

चयनित किसान (कुल 3)

1. **गिरधारी लाल गेदर**– श्रीगंगानगर
2. **रावलचंद**– फलोदी (तलिया नौसर गांव)
3. **देवी लाल**– झालावाड़ (देवडूंगरी धतुरिया कला)

❑ जयपुर, 5 अक्टूबर-2026 : राजस्थान पुलिस अकादमी में दीक्षांत परेड समारोह

राजस्थान पुलिस अकादमी में सोमवार को नव-प्रशिक्षित कॉन्स्टेबल के बैच-102 का दीक्षांत परेड समारोह हुआ।

- पासिंग आउट परेड के दौरान परिजनों और पुलिसकर्मियों की तालियों की गूंज के बीच प्रदेश के विभिन्न शहरों, गांवों और ढाणियों से पहुंचीं 438 महिला कॉन्स्टेबल ने देश और जनसेवा की शपथ ली।
- मार्च पास्ट के दौरान मंच के सामने से गुजरती नारी शक्ति का दर्शक दीर्घा में बैठे परिजनों के भावुक चेहरों और खुशी के आंसुओं के साथ स्वागत किया। वहीं, पुलिसकर्मियों ने सैल्यूट कर अभिवादन किया।
- समारोह में परेड कमांडर प्रियंका बेनीवाल ने नेतृत्व में मुख्य अतिथि महानिदेशक पुलिस राजस्थान राजीव कुमार शर्मा ने परेड का निरीक्षण किया।
- इस दौरान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एडीजीपी एवं आरपीए निदेशक संजीब कुमार नाज़ारी ने नव प्रशिक्षित कॉन्स्टेबलों को शपथ दिलाई।
- डीजीपी ने नव प्रशिक्षितों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

बैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए अवॉर्ड

सर्वश्रेष्ठ ऑल राउंडर एवं सर्वश्रेष्ठ ड्रिल श्रेणी में सवाई माधोपुर की प्रियंका बेनीवाल, सर्वश्रेष्ठ इंडोर प्रशिक्षण में कोटा की राशिका मीना, सर्वश्रेष्ठ आउटडोर में कोटपूतली-बहरोड़ की भारती शर्मा, सर्वश्रेष्ठ फायरिंग में कोटपूतली-बहरोड़ की निधि शेखावत, सर्वश्रेष्ठ कंप्यूटर विषय में प्रदर्शन के लिए जयपुर की रविना को पुरस्कृत किया।

- सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षक के रूप में निरीक्षक नितेश शर्मा और पुलिस निरीक्षक मीना वर्मा को भी सम्मानित किया गया।

परेड और प्लाटून कमांडर भी सम्मानित

इस अवसर पर परेड कमांडर प्रियंका बेनीवाल तथा प्लाटून कमांडर भारती शर्मा, पूजा जाट, राशिका मीना, तनुश्री माली, निधि शेखावत, प्रिया यादव, सुमन कुमावत और किरण मीणा को प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया है।

राजस्थान के संदर्भ में महत्त्वपूर्ण समझौते

❑ कृषि आदानों की गुणवत्ता जांच हेतु राजस्थान सरकार + डाक विभाग के मध्य–

- ⇨ **दिनांक:** 23 अक्टूबर 2026, **स्थान:** पंत कृषि भवन, जयपुर
- ⇨ **पहल:** कृषि विभाग एवं भारतीय डाक विभाग (राजस्थान परिमण्डल) के मध्य बीज, उर्वरक और कीटनाशकों के नमूनों की जांच को **फेसलेस, कॉन्टैक्टलेस और पारदर्शी** बनाने हेतु MoU साइन।
- ⇨ **Agri QMS मोबाइल ऐप:** कृषि आदान निरीक्षक इस ऐप के माध्यम से मौके पर GPS जियो-टैगिंग, QR कोड जनरेशन और टैम्पर-प्रूफ पैकिंग के साथ डिजिटल नमूना संग्रहण करेंगे।
- ⇨ **सिस्टम आधारित रैंडम आवंटन:** निरीक्षक अपनी पसंद की प्रयोगशाला में नमूना नहीं भेज सकेंगे, बल्कि **Agri QMS प्रणाली स्वत: रैंडम आधार पर प्रयोगशाला आवंटित करेगी** (जिससे निरीक्षक और प्रयोगशाला दोनों को एक-दूसरे की पहचान गुप्त रहेगी)।
- ⇨ **डाक विभाग की भूमिका:** डाक विभाग स्पीड पोस्ट और बिजनेस पोस्ट सेंटर सेवाओं के माध्यम से नमूनों को सुरक्षित रूप से अधिकृत प्रयोगशालाओं तक पहुंचाएगा तथा **Book Now Pay Later (BNPL)** सुविधा प्रदान की जाएगी। यह समझौता **3 वर्ष** की अवधि के लिए किया गया है।
- ⇨ **प्रमुख अधिकारी:** कृषि आयुक्त **श्री नरेश कुमार गोयल** और कृषि मंत्री **डॉ. किरोड़ी लाल मीणा**

❑ कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता विभाग + BSDU के बीच सहयोग ज्ञापन

- ⇨ **दिनांक:** 09 अक्टूबर 2026, **उद्देश्य:** प्रदेश के युवाओं को उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण, व्यावसायिक शिक्षा को प्रोत्साहित करने तथा रोजगार व स्वरोजगार के अवसरों का विस्तार करने के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रयास।
- ⇨ **MoC सहयोग ज्ञापन: कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता विभाग** तथा जयपुर स्थित **भारतीय स्किल डेवलपमेंट विश्वविद्यालय (BSDU)** के बीच सहयोग।
- ⇨ **हस्ताक्षरकर्ता–**कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता विभाग: **ऋषव मंडल**। BSDU के अध्यक्ष: **संजय गोयल**।

❑ MSMEs हेतु 'M1xchange' और 'RXIL' के मध्य–

- ⇨ **दिनांक:** 07 अक्टूबर 2026
- ⇨ **प्रमुख पहल:** प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों (MSMEs) के लिए वित्तीय संसाधनों की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु **उद्योग एवं वाणिज्य विभाग** द्वारा **M1xchange** और **रिसीवेबल्स एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (RXIL)** के साथ समझौता ज्ञापनों (MoU) पर हस्ताक्षर।
- ⇨ **TReDS का संवर्धन:** प्रदेश के **MSMEs** उद्योगों के लिए **ट्रेड रिसीवेबल्स डिस्काउंटिंग सिस्टम** के उपयोग को बढ़ावा देना और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाना।
    - **TReDS एक प्रभावी डिजिटल माध्यम है**, जिसके जरिए **MSMEs** द्वारा आपूर्ति किए गए माल या सेवाओं के स्वीकृत बिलों का भुगतान निर्धारित तिथि से पहले प्रतिस्पर्धी दरों पर फाइनेंस कराकर समय से पूर्व प्राप्त किया जा सकता है । **केन्द्रीय स्तर पर दिशा-निर्देश:** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के क्रम में **250 करोड़ रुपये से अधिक टर्नओवर वाली कंपनियों तथा सभी केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों (CPSEs) के लिए TReDS प्लेटफॉर्म** पर पंजीकरण अनिवार्य किया गया।

……

❑ राजस्थान पुलिस की हाइटेक बीट पुलिसिंग पहल

- ⇨ **दिनांक:** 05 अक्टूबर 2026
- ⇨ **MoU ज्ञापन:** राजस्थान पुलिस और गृह मंत्रालय के **''ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट'' (BPR&D)** के मध्य **पुलिस मुख्यालय, जयपुर** में हस्ताक्षर।
- ⇨ **राष्ट्रीय स्तर पर पहल: DGP/IGP कांफ्रेंस 2025** की सिफारिशों के अनुरूप **एक वर्षीय एक्शन प्लान** के क्रियान्वयन का हिस्सा है। **गोवा के बाद ऐसा MoU करने वाला राजस्थान देश का दूसरा राज्य है।**
- ⇨ **प्रथम चरण: प्रत्येक रेंज से एक-एक जिला** लेते हुए कुल **9 जिलों** (सीकर, जयपुर उत्तर, धौलपुर, डीडवाना-कुचामन, कोटा शहर, डूंगरपुर, चूरू, जैसलमेर एवं जोधपुर पश्चिम) में नवीन बीट प्रणाली लागू की गई।
- ⇨ **तकनीकी एकीकरण:** बीट पुलिसिंग में तकनीक के प्रभावी उपयोग हेतु **राजकॉप ई-बीट बुक** की क्षमताओं (GPS, जियो-टैगिंग, QR आधारित सुविधाएं) को और विकसित किया जाएगा।
- ⇨ **नोडल प्रशिक्षण संस्थान:** राजस्थान पुलिस अकादमी (RPA), जयपुर
- ⇨ **सहयोग का स्वरूप:** BPR&D द्वारा विशेषज्ञ मार्गदर्शन, प्रशिक्षण सामग्री और ढांचा उपलब्ध कराया जाएगा, जबकि मैदानी एवं परिचालन क्रियान्वयन की जिम्मेदारी राजस्थान पुलिस की होगी।

❑ कृषि विभाग + ब्रह्माकुमारी संस्थान के बीच समझौता

- ⇨ **दिनांक:** 25 अक्टूबर 2026-शांतिवन परिसर, आबूरोड (ग्लोबल समिट के दौरान)
- ⇨ **समझौता पक्ष:** राजस्थान सरकार का कृषि विभाग और **ब्रह्माकुमारी संस्थान की राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन** का कृषि एवं ग्रामीण विकास प्रभाग।
- ⇨ **हस्ताक्षर:** राजस्थान सरकार की ओर से कृषि आयुक्त **नरेश कुमार गोयल** और ब्रह्माकुमारी संस्थान की ओर से प्रभाग अध्यक्ष **बीके सरला**।
- ⇨ **उत्कृष्टता केंद्र:** आबूरोड स्थित **'तपोवन'** को 'योगिक-प्राकृतिक खेती' के रूप में विकसित करना।
- ⇨ **प्रशिक्षण व जागरूकता:** प्रदेशभर में किसानों को मिट्टी की उर्वरता, जल संरक्षण और स्थानीय संसाधनों से कृषि आदान तैयार करने का प्रशिक्षण देना।
- ⇨ **अवधि:** यह समझौता प्रारंभिक रूप से **3 वर्ष** के लिए प्रभावी रहेगा।

.....

विगत एक माह में 19 मेडिकल कॉलेजों और 58 जिला अस्पतालों में शून्य मातृ मृत्यु दर्ज

मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के सुदृढ़ीकरण के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं।

□ प्रसव पूर्व देखभाल, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं (एचआरपी) की समय पर पहचान एवं प्रबंधन, नियमित मॉनिटरिंग तथा गुणवत्तापूर्ण प्रसव सेवाओं की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

□ अक्टूबर माह में 19 मेडिकल कॉलेजों एवं 58 जिला अस्पतालों में शून्य मातृ मृत्यु दर्ज होना सकारात्मक उपलब्धि है।

□ मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की

□ अक्टूबर माह में 11,928 एएनसी पंजीकरण दर्ज किए गए तथा 6,175 उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को एएनसी कवरेज प्रदान किया गया। वर्ष 2026-27 में प्रदेश के 35 मेडिकल कॉलेजों में मॉड्यूलर ओटी का निर्माण किया जा रहा है।

□ 104 जननी एक्सप्रेस तथा आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा 108 की उपलब्धता की समीक्षा की। 19 अक्टूबर 2026 तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, इन सेवाओं के माध्यम से कुल 39,436 ट्रिप दर्ज किए गए।

□ प्रदेश में सरकारी चिकित्सा संस्थाओं प्रसव सखियों की संख्या 1,318 है।

प्रमुख आर्थिक एवं राजनीतिक घटनाक्रम

❑ प्रवासी राजस्थानी संवाद कार्यक्रम

- ⇨ **दिनांक:** 16 अक्टूबर 2026
- ⇨ **स्थान:** राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर
- ⇨ **'पधारो म्हारे देश'** के साथ **'पधारो थारे देश'** की पर जोर।
- ⇨ **राजस्थान फाउंडेशन के चैप्टर्स में विस्तार:** फाउंडेशन के **11 नए चैप्टर्स** प्रारंभ करने की घोषणा की गई,जिससे देश-विदेश में कुल चैप्टर्स की संख्या **40 से बढ़कर 51** हो गई।
- ⇨ MSMEs क्षेत्र में कंसेंट-ऑपरेट की समय-सीमा **120 दिन से घटाकर 30 दिन** (बड़े उद्योगों के लिए 60 दिन) की गई। **व्हाइट कैटेगरी के उद्योगों की सूची 104 से बढ़ाकर 877 की गई।**
- ⇨ शेखावाटी की ऐतिहासिक विरासत व हवेलियों के संरक्षण हेतु **8 दिसंबर को 'शेखावाटी हेरिटेज मीट'** आयोजित की जाएगी (सीकर, झुंझुनूं और चूरू में हेरिटेज टूरिज्म सर्किट)।
- ⇨ आगामी **10 दिसंबर को 'प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन'** प्रस्तावित है।
- ⇨ इस अवसर पर कॉफी टेबल बुक **'विकास के सहभागी'** का विमोचन।

(देश में = 25 और विदेश में = 26 चैप्टर्स)

- ⇨ **नए 6 चैप्टर्स देश:** रायपुर, लखनऊ, पटना, सिलीगुड़ी, पणजी, 'विशाखापट्टनम'
- ⇨ **नए 4 चैप्टर्स विदेश:** 'सैन फ्रांसिस्को-USA', ज्यूरिख-स्विट्जरलैंड, मिलान-इटली, डबलिन-आयरलैंड
- ⇨ **इसके अतिरिक्त 1 स्टॉकहोम में नॉर्डिक चैप्टर** स्थापित किया जाएगा, जिसमें स्वीडन, डेनमार्क, नॉर्वे और फिनलैंड सम्मिलित होंगे।

❑ राज्य सहकारी विकास समिति (SCDC) की 10वीं बैठक

- ⇨ **दिनांक:** 16 अक्टूबर 2026 (शासन सचिवालय, जयपुर)
- ⇨ **अध्यक्षता:** मुख्य सचिव **वी. श्रीनिवास** वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से।
- ⇨ **विभागीय उपलब्धियों के मुख्य आंकड़े (डॉ. समित शर्मा, शासन सचिव सहकारिता)**
  - **अन्न भंडारण योजना:** विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना के तहत वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में स्वीकृत 200 गोदामों में से 130 का निर्माण पूर्ण; इस उपलब्धि के साथ **राजस्थान देश में प्रथम स्थान** पर।
  - **पैक्स (PACS) का सुदृढ़ीकरण:** प्रदेश में 2,390 नवीन बहुउद्देशीय पैक्स (M-पैक्स) स्थापित तथा 6,901 पैक्स E-पैक्स के रूप में क्रमोन्नत।
  - **वित्तीय समावेश:** 3,583 बैंक मित्र नियुक्त और 1,741 माइक्रो एटीएम वितरित।
  - **अन्य पहल:** जेनेरिक दवाइयों हेतु **55 जन औषधि केंद्र संचालित** (दिसंबर 2026 तक 100 करने का लक्ष्य); वहीं जयपुर जिले के ग्राम **सुमेल में अमूल के सहयोग से 63 एकड़ भूमि पर 'सहकार वन' परियोजना** विकसित की जा रही।

❑ RITI की राज्य स्तरीय वर्चुअल कार्यशाला

- ⇨ **दिनांक:** 15 अक्टूबर 2026 (योजना भवन, जयपुर)
- ⇨ **आयोजक:** राजस्थान इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसफॉर्मेशन एंड इनोवेशन
- ⇨ **मुख्य विषय: 'एन्हांसिंग क्रेडिट आउटरीच टू एमएसएमईज – स्ट्रेंथनिंग इन्क्लूसिव फाइनेंसिंग, डिजिटल क्रेडिट डिलीवरी एंड एंटरप्रेन्योरशिप फॉर विकसित राजस्थान @ 2047'**
- ⇨ **मुख्य उद्देश्य:** MSME इकाइयों तक ऋण की पहुंच बढ़ाना, डिजिटल ऋण वितरण को सुदृढ़ करना तथा महिला उद्यमियों और स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करना।

❑ राजस्थान विधानसभा: 'अंडर व्हीकल सर्विलांस सिस्टम' (UVSS)

- ⇨ **शुभारंभ:** 15 अक्टूबर 2026 , राजस्थान विधानसभा परिसर, जयपुर
- ⇨ **उद्घाटन:** विधानसभा अध्यक्ष **वासुदेव देवनानी**, **तर्ज: लोकसभा सचिवालय** की तर्ज पर स्थापित।
- ⇨ **लागत:** कुल **₹1.06 करोड़** की राशि व्यय, **संचालन:** विधानसभा के **द्वार संख्या 6, 7, 8** पर।
- ⇨ **तकनीकी विशेषता:** विशेष कैमरों, इमेज कैप्चर उपकरणों, प्रकाश व्यवस्था और सॉफ्टवेयर के माध्यम से **वाहन के निचले हिस्सों (अंडरबॉडी)** की स्पष्ट तस्वीरें लेकर सूक्ष्म जांच में सहायता करती है।

❑ HCM RIPA में यूनेस्को के सहयोग से आयोजित 'मास्टरक्लास विद यूनेस्को' कार्यशाला

- ⇨ **दिनांक:** 12 अक्टूबर 2026, HCM राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान, जयपुर
- ⇨ **मुख्य विषय:** प्रशासनिक अधिकारियों और सिविल सेवा प्रशिक्षुओं को वैश्विक धरोहर संरक्षण, प्रबंधन तथा प्रशासन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के नैतिक व समावेशी उपयोग का प्रशिक्षण।
- ⇨ **प्रमुख व्यक्तित्व एवं उपस्थिति-**
  - **श्रेया गुहा:** महानिदेशक, HCM RIPA
  - **यूंसोंग किम:** प्रोग्राम स्पेशलिस्ट, यूनेस्को दक्षिण एशिया क्षेत्रीय कार्यालय।
  - **आनंद कानिटकर:** प्रोग्राम ऑफिसर (कल्चर सेक्टर), यूनेस्को।
  - सुश्री यूंसोंग किम के अनुसार एआई का उपयोग करने वाले 5 वर्ग हैं—
    AI यूजर्स, AI स्टूअर्ड्स, AI डिसीजन मेकर्स, AI सिस्टम डिजाइनर्स, AI कनेक्टर्स।

❑ तीसरे ग्लोबल हैप्पिनेस फोरम एंड फेस्टिवल-2026

- ⇨ **आयोजन:** वर्ल्ड हैप्पिनेस फाउंडेशन से संबद्ध **'ग्लोबल हैप्पिनेस फोरम एवं एसटी फाउंडेशन, जयपुर'** द्वारा **10-11 अक्टूबर** को जयपुर के **बिड़ला सभागार** में।
- ⇨ **उद्घाटन:** राजस्थान के राज्यपाल **हरिभाऊ बागडे** ने किया।
- ⇨ **मुख्य थीम: 'ए पाथवे टू ग्लोबल वेलबीइंग' (A Pathway to Global Wellbeing)**
- ⇨ **प्रतिभागिता: 35 से अधिक** राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय वक्ताओं ने भाग लिया।
- ⇨ **प्रमुख गतिविधि:'अनलिकिंग योर लाइट विदिन'** संगीत नाट्य की घोषणा की गई। राजस्थान में **पहली बार 'हेडफोन लेड इमर्सिव योगा'**, साउंड हीलिंग जैसी गतिविधियों का अनुभव लोगों को मिला।
- ⇨ **पुस्तक विमोचन:** जयपुर के महापौर **सुनील कोठारी** ने **'हैप्पीटैलिज्म' (Happytalism)** सहित खुशहाली से संबंधित पुस्तकों का विमोचन किया।

पर्यावरणीय एवं भौगोलिक घटनाक्रम

❑ बनास नदी: राजस्थान का सबसे लंबा हाई-लेवल ब्रिज तैयार

- ⇨ **निर्माण:** सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा बनास नदी के **गहलोद (टोंक)** में **₹134 करोड़ 74 लाख** की लागत से राजस्थान के सबसे लंबे हाई-लेवल ब्रिज का निर्माण किया गया है।
- ⇨ **कुल लंबाई:** 3.34 कि.मी., **भार क्षमता:** लगभग 243 टन , **फंडिंग:** सेंट्रल रोड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (**CRIF**)
- ⇨ **लोड टेस्टिंग:** 5 चरणों में सफलतापूर्वक पूर्ण की गई, जिसमें **92% संरचनात्मक रिकवरी** दर्ज की गई।

❑ रामदेवरा: गोडावण री-वाइल्डिंग एवियरी

- ⇨ **लोकार्पण:** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने **वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग** के माध्यम से **जयपुर, 03 अक्टूबर।** जैसलमेर के **रामदेवरा** में नवनिर्मित **गोडावण री-वाइल्डिंग एवियरी** (पुनर्स्थापन पक्षी गृह) का।
- ⇨ **वित्तीय:** राज्य सरकार द्वारा **9.25 करोड़ रुपये** का बजट स्वीकृत। यह भारत में अपनी तरह की अनूठी पहल।
- ⇨ **मुख्य उद्देश्य: कैप्टिव-ब्रेड (कृत्रिम प्रजनन) गोडावण को खुले प्राकृतिक आवास में पुनर्स्थापित करने से पहले उन्हें प्राकृतिक परिस्थितियों के अनुकूल ढलने और स्वाभाविक व्यवहार विकसित** करने का अवसर।
- ⇨ **संरक्षण की स्थिति:** केंद्र सरकार, राज्य सरकार एवं भारतीय वन्यजीव संस्थान (WII) के संयुक्त प्रयासों से जैसलमेर के सम और रामदेवरा प्रजनन केंद्रों में कुल **97 गोडावण** मौजूद।
- ⇨ **पारिस्थितिकी:** केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बताया कि गोडावण थार पारिस्थितिकी तंत्र की **'अम्ब्रेला स्पीशीज' (छाता प्रजाति)** है, जिसका संरक्षण घासभूमियों, भूमि क्षरण रोकने और मध्य एशियाई फ्लाईवे के प्रवासी पक्षियों के पड़ावों की रक्षा में मददगार है।
- ⇨ अजमेर जिले के **सोखलिया** में दुर्लभ खरमोर पक्षी के संरक्षण के लिए **राजस्थान राज्य जैव विविधता बोर्ड (RSBB)** ने **बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी (BNHS)** के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) किया है। इस पहल का उद्देश्य खरमोर के प्राकृतिक आवासों एवं जैव विविधता का दीर्घकालीन संरक्षण करना है।
- ⇨ वन एवं वन्यजीव संरक्षण में सहयोग के लिए 38 हजार 622 वन मित्रों का पंजीयन।

❑ 14 जिलों की 80 तहसीलों को सूखाग्रस्त घोषित- अगले **6 महीने** तक प्रभावी रहेगी।

- ⇨ राजस्थान सरकार ने **14 जिलों की 80 तहसीलों** को सूखाग्रस्त घोषित किया।
- ⇨ **अधिसूचना जारी:** आपदा प्रबंधन और राहत विभाग (**25 अक्टूबर-2026**)
- ⇨ **अत्यधिक सूखाग्रस्त श्रेणी:** 69 तहसील, **मध्यम सूखाग्रस्त श्रेणी:** 11 तहसील
- ⇨ **जोधपुर** जिले की सर्वाधिक **12 तहसील** तथा **जालौर** और **बाड़मेर** की दस-दस तहसील शामिल।
- ⇨ राज्य सरकार ने कम बारिश और खरीफ की फसलों को हुए नुकसान को ध्यान में रखते हुए इस संबंध में अधिसूचनाएं जारी की। सरकार के इस निर्णय से प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं के लिए चारा डिपो खोलने में सुविधा होगी। इसके साथ ही कृषि ऋणों की वसूली भी छह महीने तक स्थगित रहेगी।

❑ राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन-तिलहन: मूंगफली की खेती पर प्रक्षेत्र दिवस

- ♦ **आयोजन:** 26 अक्टूबर 2026 (डिगाड़ी गांव, तिंवरी ब्लॉक, जोधपुर)
- ♦ **आयोजक: भाकृअनुप**–केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (ICAR–CAZRI) एवं कृषि विज्ञान केंद्र, जोधपुर
- ♦ **मुख्य विषय:** राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन–तिलहन (NMEO-Oilseeds) के अंतर्गत मूंगफली की **'गिरनार-5'** किस्म पर क्लस्टर अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन (CFLD)
- ♦ **भागीदारी:** प्रक्षेत्र दिवस में कुल **27 किसानों (15 महिला एवं 12 पुरुष)** ने हिस्सा लिया।

पंचायती राज विभाग ने एनएचएआई को श्री अन्नपूर्णा रसोई के खोले जाने के संबंध में लिखा पत्र

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान के एक्सप्रेसवेज पर दुर्घटनाओं में कमी लाने और वाहन चालकों के लिए आवश्यक सुविधाएं रियायती दरों पर उपलब्ध कराने के लिए समय-समय पर दिशा-निर्देश प्रदान किए हैं।

□ इसी क्रम में पंचायती राज विभाग ने एक्सप्रेसवेज़ पर स्थित रेस्ट एरियाज़ में श्री अन्नपूर्णा रसोइयों (ग्रामीण) के खोले जाने की संभावना का परीक्षण कर एन.एच.ए.आई. के क्षेत्रीय अधिकारी को प्रस्ताव भिजवाने के लिए पत्र लिखा है।

□ मुख्यमंत्री ने प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए 6-ई आधारित कार्य योजना बनाकर संबंधित विभागों को कार्यवाही के निर्देश दिए।

एन.एच.ए.आई. इस संबंध में परीक्षण कर पंचायती राज विभाग को भिजवाएगा प्रस्ताव

□ इसके तहत एजुकेशन, इंजीनियरिंग, एनफोर्समेंट, इमरजेंसी केयर, इवेल्यूएशन, एन्गेजमेंट आधारित रणनीति पर निरंतर काम किया जा रहा है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

❑ देश की पहली सिरेमिक स्टोरेज-आधारित केंद्रित सौर ऊर्जा परियोजना-भड़ला सोलर पार्क, फलोदी

- ⇨ **क्षमता = 320 किलोवाट, सहयोग:** अमेरिका स्थित कंपनी **'247Solar'** द्वारा।
- ⇨ **तकनीक: सिरेमिक थर्मल एनर्जी स्टोरेज**।
- ⇨ **घोषणा: राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम लिमिटेड (RRECL)** के सहयोग से **NTPC** द्वारा देश की पहली सिरेमिक स्टोरेज-आधारित केंद्रित सौर ऊर्जा (CSP) परियोजना स्थापित की जा रही
- ⇨ **मुख्य उद्देश्य:** पारंपरिक बैटरी स्टोरेज पर निर्भरता कम करते हुए रात के समय भी निरंतर सौर ऊर्जा उत्पादन की क्षमता का परीक्षण करना है। इससे उत्पन्न होने वाली ऊर्जा का उपयोग NTPC संयंत्र की आंतरिक और सहायक खपत के लिए किया जाएगा।
- ⇨ **तकनीक (सिरेमिक थर्मल एनर्जी स्टोरेज):**
  - ⇨ दिन के समय कैप्चर की गई सौर ऊर्जा को उच्च तापमान वाले विशेष सिरेमिक मॉड्यूल में ऊष्मा (Heat) के रूप में स्टोर किया जाएगा।
  - ⇨ सूर्यास्त के बाद, इस स्टोर्ड हीट का उपयोग एयर टरबाइन चलाने और बिजली उत्पन्न करने के लिए किया जाएगा, जिससे भारी और महंगी रासायनिक बैटरियों पर निर्भरता कम।



❑ प्रदेश के 32 जिलों में 22 नवंबर को 'उप-राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान'

- ⇨ **दिनांक:** 23 अक्टूबर 2026
- ⇨ **स्थान:** स्वास्थ्य भवन, जयपुर में 'राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम' के तहत **स्टेट टास्क फोर्स** की बैठक **मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. जोगाराम** की अध्यक्षता में आयोजित की गई।
- ⇨ **अभियान: 22 नवंबर 2026** को प्रदेश के **32 जिलों** में **उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान** आयोजित।
- ⇨ **लक्ष्य: 5 वर्ष तक की आयु के 92 लाख 83 हजार बच्चों** को पोलियो की खुराक पिलाने का।
- ⇨ **शामिल जिले (32):** अजमेर, अलवर, बांसवाड़ा, बाड़मेर, भरतपुर, भीलवाड़ा, बीकानेर, बूंदी, चित्तौड़गढ़, चूरू, दौसा, धौलपुर, डूंगरपुर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, जयपुर, जैसलमेर, जालोर, झालावाड़, झुंझुनूं, जोधपुर, कोटा, कोटपूतली-बहरोड़, नागौर, पाली, राजसमंद, सवाई माधोपुर, सलूंबर, सीकर, सिरोही, टोंक एवं उदयपुर।

.....

❑ मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के सुदृढ़ीकरण के सकारात्मक परिणाम

- ⇨ **दिनांक:** 22 अक्टूबर 2026 **स्थान:** स्वास्थ्य भवन, जयपुर
- ⇨ **उपलब्धि:** मुख्य सचिव **वी. श्रीनिवास** की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक के अनुसार, **अक्टूबर माह में प्रदेश के 19 मेडिकल कॉलेजों एवं 58 जिला अस्पतालों में शून्य मातृ मृत्यु** दर्ज।
- ⇨ **गर्भवती महिलाओं की देखभाल व पंजीकरण-**
  - अक्टूबर माह में **11,928 ANC** पंजीकरण दर्ज किए गए।
  - **6,175 उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं (HRP)** को ANC कवरेज प्रदान।
- ⇨ **मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर (OT):** वर्ष 2026-27 के तहत प्रदेश के **35 मेडिकल कॉलेजों** में मॉड्यूलर ओटी का निर्माण कार्य जारी है।
- ⇨ **रेफरल परिवहन सेवाएं:** 19 अक्टूबर 2026 तक के आंकड़ों के अनुसार, **104 जननी एक्सप्रेस** और **108 आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा** के माध्यम से कुल **39,436 ट्रिप** दर्ज किए गए।
- ⇨ **प्रसव सखियां:** प्रदेश में सरकारी चिकित्सा संस्थानों में प्रसव सखियों की कुल संख्या **1,318** है।

❑ विद्युत वितरण निगमों की 10वीं राष्ट्रीय कांफ्रेंस (डिस्ट्रिब्यूशन यूटिलिटी मीट-2026)

- ⇨ **दिनांक:** 27 एवं 28 अक्टूबर 2026 (होटल 'ललित', जयपुर)
- ⇨ **आयोजक:** इण्डिया स्मार्ट ग्रिड फोरम तथा राजस्थान सरकार के ऊर्जा विभाग के तत्वावधान में; जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर डिस्कॉम।
- ⇨ **सह-आयोजक:** टाटा पावर, चण्डीगढ पावर, नोएडा पावर, BSES राजधानी पावर एवं BSES यमुना पावर।
- ⇨ **उद्घाटनकर्ता:** 'ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)' **हीरालाल नागर** तथा मुख्य सचिव **वी. श्रीनिवास**
- ⇨ **मुख्य थीम: 'सहयोगी विकास के लिए विद्युत वितरण निगमों का एकीकरण'**
- ⇨ **प्रथम अवसर:** राजस्थान में **पहली बार** आयोजन।
- ⇨ **सत्र:** सम्मेलन के दौरान कुल **7 विभिन्न सत्रों** में पावर डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर की मजबूती, डिजिटाइजेशन, एआई टूल्स, ग्रिड आधुनिकीकरण, साइबर सुरक्षा और शून्य कार्बन उत्सर्जन आदि विषयों पर चर्चा।
- ⇨ **प्रतिभागी:** देश-विदेश (USA, यूरोप, दक्षिण कोरिया, जापान आदि) के लगभग **500 से अधिक प्रतिनिधि**, ऊर्जा विशेषज्ञ और शीर्ष अधिकारी।

❑ 'जय से विजय' सैन्य अभ्यास-2026

- ⇨ **आयोजन:** भारतीय सेना की **सप्त शक्ति कमान (दक्षिण-पश्चिमी कमान)** ने **29 सितम्बर, 2026** को राजस्थान के बीकानेर जिले के **दन्तौर** में भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा के निकट।
- ⇨ इसमें राष्ट्रीय राजमार्ग-911 पर हेलीकॉप्टरों के उतरने एवं उड़ान भरने का अभ्यास किया गया।
- ⇨ **प्रमुख हेलीकॉप्टर:** सेना की **विमानन इकाइयों** ने **रुद्र** , **ध्रुव** और **चेतक** हेलीकॉप्टरों के माध्यम से सफल लैंडिंग एवं टेक-ऑफ का प्रदर्शन किया।
- ⇨ **मुख्य उद्देश्य:** आपातकालीन एवं युद्धकालीन परिस्थितियों में हवाई अड्डों के विकल्प के रूप में राष्ट्रीय राजमार्गों का उपयोग करके त्वरित सैन्य प्रतिक्रिया और परिचालन क्षमता का परीक्षण करना।

.....

❑ IIT जोधपुर: जल संरक्षण और सतत जल प्रबंधन पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (ICWS 2026)

- ⇨ **तिथि:** 28-30 अक्टूबर 2026, **आयोजक:** पर्यावरण एवं सततता अभियांत्रिकी विभाग
- ⇨ **शीर्षक:** जल स्थिरता पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन: नवाचार, नीति और सामुदायिक लचीलापन (**International Conference on Water Sustainability: Innovations, Policy, and Community Resilience – ICWS 2026**)
- ⇨ **पारंपरिक जल संरक्षण प्रणालियाँ:** थार मरुस्थल जैसे जल की कमी वाले क्षेत्रों के लिए पारंपरिक प्रणालियों—जैसे **बावड़ियां, टांके, जोहड़ और झीलें** को इंजीनियरिंग तकनीकों के साथ जोड़ने पर विचार।
- ⇨ **प्रमुख आमंत्रित विशेषज्ञ: पद्मश्री** प्रो. आशुतोष शर्मा (आईआईटी कानपुर), **पद्मश्री** प्रो. थलप्पिल प्रदीप (IIT मद्रास), प्रो. वोल्कर आबेट्ज (हैम्बर्ग विश्वविद्यालय, जर्मनी), **राजेंद्र सिंह (वॉटरमैन ऑफ इंडिया)**, **रामवीर तंवर (पॉन्डमैन ऑफ इंडिया)**,
- ⇨ **प्रकाशन व पुरस्कार:** चयनित शोधपत्रों को ACS ES&T Water और स्प्रिंगर की Lecture Notes in Civil Engineering में प्रकाशन का अवसर मिलेगा, तथा ACS ES&T Water और ACS ES&T Engineering के सहयोग से 10 उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। यह आयोजन संयुक्त राष्ट्र के **सतत विकास लक्ष्य-6 (स्वच्छ जल एवं स्वच्छता)** के अनुरूप है।

❑ IIT जोधपुर: मेडिकल एआई सिस्टम्स लैब

- ⇨ **तिथि:** 14 अक्टूबर 2026 **नेतृत्व: डॉ. दीपक मिश्रा** (एसोसिएट प्रोफेसर, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग)
- ⇨ **मुख्य बिंदु एवं शोध के प्रमुख क्षेत्र:-**
  - **एआई और रोबोटिक्स द्वारा हृदय की अल्ट्रासाउंड जाँच (इकोकार्डियोग्राफी)**
    - सटीक तस्वीरें प्राप्त करने के लिए **रोबोटिक अल्ट्रासाउंड प्रणाली** विकसित की जा रही है, जिसमें रोबोट प्रोब को पकड़ेगा और एआई उसकी दिशा व स्थिति को नियंत्रित करने में मार्गदर्शन देगा उद्देश्य हाथ से प्रोब रखने की निर्भरता कम करना और एकसमान गुणवत्ता वाली तस्वीरें प्राप्त करना।
  - **मेडिकल स्कैन का एआई आधारित विश्लेषण (पसलियों में फ्रैक्चर की पहचान)**
    - सीटी स्कैन, MRI और अल्ट्रासाउंड के विश्लेषण के लिए कंप्यूटर आधारित विधियाँ विकसित। **एजेंटिक एआई** पर आधारित प्रणाली के माध्यम से पसलियों में विभिन्न प्रकार के फ्रैक्चर की स्वतः पहचान और चिकित्सकीय मानकों के अनुसार उनकी विशेषताओं का विश्लेषण किया जाएगा।
  - **सिमुलेशन तकनीक से चिकित्सा शिक्षा:** मेडिकल विद्यार्थियों और स्वास्थ्यकर्मियों के लिए इंटरैक्टिव टूल, जाँच प्रक्रियाओं के सिमुलेटर तथा सर्जरी से संबंधित वीडियो के निर्माण और विश्लेषण की तकनीकें विकसित की जा रही हैं।

❑ 7 अक्टूबर 2026 तक के आंकड़ों के अनुसार सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए चलाये जा रहे टीकाकरण अभियान में राजस्थान का देशभर में चौथा स्थान-

- ⇨ **प्रदेश में टीकाकरण का टार्गेट:** 724000, टीकाकरण पूर्ण: 4,52,085 बालिकाएं (62.44%)
- ⇨ शीर्ष प्रदर्शन करने वाला जिला: डीग (100%)
- ⇨ 80% से अधिक कवरेज वाले जिले: टोंक, अलवर, जालोर, भीलवाड़ा
- ⇨ शीर्ष प्रदर्शकर्ता राज्य (3): 1. उत्तर प्रदेश, 2. बिहार, 3. मध्य प्रदेश
- ⇨ HPV वैक्सीनेशन अभियान: 28.02. 2026 को पीएम मोदी ने अजमेर से शुरुआत की थी।

……

❑ कैंसर स्क्रीनिंग के क्षेत्रीय प्रदर्शन में राजस्थान दूसरे स्थान पर

- ⇨ **दिनांक:** 01 नवंबर 2026
- ⇨ **उपलब्धि:** व्यापक सार्वजनिक-निजी सहभागिता और उन्नत HPV पायलट परियोजना के माध्यम से कैंसर स्क्रीनिंग के क्षेत्रीय प्रदर्शन में राजस्थान ने **दूसरा स्थान** प्राप्त किया है। पड़ोसी राज्यों उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली एवं मध्य प्रदेश की तुलना में **संचयी स्क्रीनिंग प्रदर्शन के आधार पर राजस्थान दूसरे स्थान पर**।
- ⇨ **स्क्रीनिंग के प्रमुख आँकड़े-**
  - ⇨ **स्तन कैंसर:** अब तक **1.58 करोड़** महिलाओं की स्क्रीनिंग जो निर्धारित लक्ष्य का **84%** है।
  - ⇨ **मुख कैंसर:** मानक ओरल विजुअल एग्जामिनेशन पद्धति के माध्यम से **3.33 करोड़** व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई है, जो निर्धारित लक्ष्य का **87%** है।
  - ⇨ **सर्वाइकल कैंसर: विजुअल इंस्पेक्शन विद एसिटिक एसिड (VIA) पद्धति** से **91,52,970** महिलाओं की जांच की गई, जिसमें 10,214 पॉजिटिव मामले चिन्हित किए गए।
- ⇨ **स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा एवं अन्य पहल-**
  - **आयुष्मान आरोग्य मंदिर:** प्रदेश में संचालित **15,297 आयुष्मान आरोग्य मंदिर** ।
  - **जिला कैंसर केयर यूनिट्स:** प्रदेश के **सभी 61 जिला अस्पतालों** में पूर्ण संचालन।
  - **निजी क्षेत्र:** निम्स हॉस्पिटल, महात्मा गांधी हॉस्पिटल, भगवान महावीर हॉस्पिटल और मरुधर हॉस्पिटल के साथ एमओयू किए गए हैं। **मोबाइल वैन:** 8 विशेष मोबाइल कैंसर स्क्रीनिंग वैन के जरिए दूरस्थ क्षेत्रों में 2,26,930 नागरिकों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है।
  - **विशेष पहल 'जीवनधारा':** कैंसर से जुड़े संकोच को दूर करने और लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए पहल के तहत कैंसर से उबर चुके मरीजों की **32 प्रेरक कहानियों** का संकलन।

❑ राज्यपाल ने किया 'शक्ति वंदन मोबाइल ऐप' का लोकार्पण: 28 अक्टूबर, 2026

- ⇨ **आयोजन:** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने जयपुर में आयोजित 'शक्ति संवाद, उद्यम उत्सव' कार्यक्रम के अंतर्गत **'शक्ति वंदन मोबाइल ऐप'** का लोकार्पण तथा महिला उद्यमिता प्रदर्शनी का अवलोकन।
- ⇨ **आयोजक: <u>सेवायाम संस्था</u>** द्वारा जयपुर के सीतापुरा स्थित रामचंद्रपुरा औद्योगिक क्षेत्र में (पोद्दार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के सभागार) किया गया
- ⇨ **ऐप की विशेषताएँ- विकासकर्ता:** सेवायाम संस्था
  - **पैनिक बटन:** आपातकालीन स्थिति में दबाने पर यह तुरंत चुने गए 5 संपर्कों को आपकी लाइव लोकेशन के साथ एसएमएस (SMS) अलर्ट भेज देता है।
  - **'रक्षा' फीचर:** आपातकाल में सीधे महिला हेल्पलाइन (1091) और पुलिस (100) से संपर्क करने की वन-टच सुविधा।
  - **डिजिटल शॉप:** महिला उद्यमियों के लिए अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और बड़े बाजार तक पहुँचने के लिए एक डिजिटल दुकान।

❑ भरतपुर में 107वाँ श्री जसवंत प्रदर्शनी एवं पशु मेला-2026

- ⇨ प्रमुख राज्य-स्तरीय पशु मेलों में शामिल **मेले** का आयोजन भरतपुर में **15-31 अक्टूबर** तक किया गया।
- ⇨ **आयोजक: जिला प्रशासन एवं पशुपालन विभाग** के समन्वय से किया गया।
- ⇨ **शुरुआत: 1920** में भरतपुर के महाराजा **किशन सिंह** ने अपने दादा **महाराजा जसवंत सिंह** की स्मृति में की थी। वर्ष **1963** से इसका आयोजन राज्य-स्तरीय मेले के रूप में किया जा रहा है।

……

विविध-घटनाक्रम

❑ दक्षिण पश्चिमी वायु कमान: 2nd 'सेखों आईएएफ मैराथन 2026'



- ⇨ **तिथि:** 04 अक्टूबर 2026 **आयोजक:** दक्षिण पश्चिमी वायु कमान
- ⇨ **उद्देश्य: भारतीय वायु सेना के एकमात्र परमवीर चक्र विजेता**, फ्लाइंग ऑफिसर **निर्मल जीत सिंह सेखों** की वीरता और सर्वोच्च बलिदान को सम्मान देना। **मुख्य थीम: 'पावर इन पार्टनरशिप' (साझेदारी में शक्ति)**
- ⇨ **व्यापक सहभागिता:** यह मैराथन **केवल जोधपुर तक सीमित न रहकर** SWAC के जिम्मेदारी वाले क्षेत्र के विभिन्न स्टेशनों पर आयोजित की गई, जिसमें **15,000 से अधिक प्रतिभागियों** ने एक साथ दौड़ लगाई।
- ⇨ **मुख्य आयोजन (जोधपुर): 4,000 से अधिक धावकों** ने हिस्सा लिया, जिनमें **'अभ्यास तरंग शक्ति'** में भाग ले रहे मित्र विदेशी देशों (FFCs) के सैन्यकर्मी, वायु योद्धा, उनके परिवार और स्थानीय नागरिक शामिल थे।
- ⇨ **दौड़ की श्रेणियाँ: 5** कि.मी., **10** कि.मी., **21** कि.मी. (हाफ मैराथन)
- ⇨ **प्रमुख अतिथि एवं हरी झंडी: एयर मार्शल पी.वी. शिवानंद** (एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ)

❑ 'नारी चौपाल-सशक्त बालिका-सुरक्षित समाज' सप्ताह

- ⇨ **आयोजन:** राजस्थान के महिला अधिकारिता विभाग द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर **11-16 अक्टूबर, 2026** तक प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में।
- ⇨ **मुख्य उद्देश्य:** बालिकाओं एवं महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक-आर्थिक सशक्तीकरण, लैंगिक समानता, बाल विवाह निषेध, शिक्षा तथा आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना।
- ⇨ **बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान:** प्रधानमंत्री ने **22 जनवरी, 2015** को हरियाणा के **पानीपत** से किया था।

❑ आदि बाज़ार - के. के. स्क्वायर मॉल, सी स्कीम, जयपुर

- ⇨ **आयोजक:** ट्राइफेड , जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार (क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर)
- ⇨ **तिथि:** 13 अक्टूबर-20 अक्टूबर 2026
- ⇨ **मुख्य उद्देश्य:** जनजातीय कारीगरों और शिल्पकारों के पारंपरिक उत्पादों, हस्तशिल्प, हथकरघा को बढ़ावा देना तथा उन्हें सीधे बाजार से जोड़कर आजीविका व आय के अवसरों को सुदृढ़ करना।
- ⇨ **स्टॉल:** लगभग **25 स्टॉलों** के माध्यम से राज्यों के जनजातीय कारीगरों द्वारा प्रदर्शनी व बिक्री की गई।
- ⇨ **प्रमुख प्रदर्शित उत्पाद-**
  - **राजस्थान:** बगरू प्रिंट/जयपुर ब्लू पॉटरी , **गुजरात:** बंधेज/बांधनी वस्त्र , **मणिपुर:** लॉन्गपी (ब्लैक पॉटरी)
  - **कर्नाटक:** बिदरी कला के घरेलू सजावटी उत्पाद , **छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा: डोकरा कला**
  - **मध्य प्रदेश:** बाघ प्रिंट वस्त्र , **तमिलनाडु:** टोडा बुनाई/कढ़ाई, **उत्तरपूर्वी राज्य:** बांस एवं बेंत के उत्पाद
  - **हिमाचल प्रदेश:** पट्टू ऊनी बुनाई , **महाराष्ट्र:** वारली पेंटिंग, **ओडिशा:** सोरा पेंटिंग

……

❑ 29वाँ राष्ट्रीय लोक कला महोत्सव 'लोकरंग'-2026

- ⇨ **अवधि: 27 अक्टूबर से 6 नवंबर, 2026** तक **जवाहर कला केन्द्र (JKK), जयपुर**
- ⇨ **उद्देश्य:** देश की विविध लोक कलाओं, लोक संगीत, नृत्य एवं हस्तशिल्प परंपराओं को प्रोत्साहित करना।
- ⇨ **आयोजक:** JKK, जयपुर द्वारा महोत्सव में देश के लगभग **22 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों** के लोक कलाकार।
- ⇨ **राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला:** जवाहर कला केन्द्र के शिल्पग्राम में आयोजित राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में लगभग **150 शिल्पकार** अपनी कलाकृतियों का प्रदर्शन।
- ⇨ इस संस्करण में **जसनाथी संप्रदाय का अग्नि नृत्य** और **तेजा गायन** विशेष आकर्षण हैं।
- ⇨ महोत्सव में **पहली बार** अग्नि नृत्य की प्रस्तुति निर्धारित की गई है।

❑ VB-G RAM G (विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन)

- ⇨ **दिनांक:** 29 अक्टूबर 2026
- ⇨ **मुख्य विषय:** राजस्थान में 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) योजना के **सफल क्रियान्वयन से महिलाओं और वंचितों का आर्थिक व सामाजिक सशक्तीकरण**।
- ⇨ **प्रमुख आंकड़े एवं उपलब्धियाँ-**
  - **महिलाओं की भागीदारी:** इस वर्ष (2026-27) राजस्थान में रोजगार में महिलाओं की हिस्सेदारी **72.69%** दर्ज की गई है, जबकि राष्ट्रीय औसत **62.25%** है।
  - **रोजगार के दिन:** राज्य में अब तक **18.86 लाख परिवारों** और **21.66 लाख व्यक्तियों** को रोजगार मिला है। राजस्थान में प्रति परिवार औसतन **24.29 दिन** का रोजगार मिल रहा है, जबकि राष्ट्रीय औसत 20.02 दिन (औसतन **4.27 दिन अधिक** रोजगार)।
  - **परिसंपत्तियों का निर्माण एवं जल संरक्षण:** प्रदेश में **42,557 परिसंपत्तियों** का निर्माण हो चुका है। कृषि एवं इससे संबद्ध गतिविधियों पर कुल व्यय का 35.88 प्रतिशत तथा **मिशन जल संरक्षण ब्लॉक पर 73.17 प्रतिशत** खर्च किया जा रहा है।
  - **अनुसूचित जाति (SC) एवं अनुसूचित जनजाति (ST) की भागीदारी-**
    - SC की 20.43% और ST की 23.34% **(कुल 44% सक्रिय हिस्सेदारी)**
    - जबकि राष्ट्रीय स्तर पर दोनों वर्गों की हिस्सेदारी क्रमशः 18% और 18% है।
  - **भुगतान व्यवस्था (EFMS):** राजस्थान में **97.04%** भुगतान 15 दिनों के भीतर जनरेट किए गए, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह आंकड़ा 82.46% है। कुल व्यय का 100% इलेक्ट्रॉनिक फंड मैनेजमेंट सिस्टम (EFMS) के माध्यम से किया गया है।

❑ 37वाँ राष्ट्रीय युवा संगीत सम्मेलन एवं प्रतियोगिता-2026

- ⇨ **आयोजन:** सुर संगम संस्थान द्वारा **1-2 अक्टूबर,** को जयपुर के टोंक रोड स्थित होटल बीलवा पैलेस में।
- ⇨ **समापन समारोह:** राजस्थान के राज्यपाल **हरिभाऊ बागडे** मुख्य अतिथि रहे।
- ⇨ **प्रतिभागिता:** देश के **10 राज्यों की 70 से अधिक** चयनित युवा संगीत प्रतिभाओं को शास्त्रीय, सुगम एवं लोक संगीत में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला।
- ⇨ **निर्णायक मंडल:** प्रसिद्ध संगीतज्ञ **पद्मभूषण पं. विश्व मोहन भट्ट** मुख्य निर्णायक रहे।
- ⇨ **प्रमुख पुरस्कार:** सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा के लिए **₹ 1 लाख** का **मिलाप कोठारी स्मृति पुरस्कार**, रतन धन पुरस्कार के अंतर्गत **₹ 50,000** के चार प्रथम पुरस्कार तथा **₹ 50,000** का **गणेश राणा स्मृति पुरस्कार** निर्धारित किया गया था।
- ⇨ **प्रमुख सम्मान:** राज्यपाल **हरिभाऊ बागडे** ने **हुलाश पुरोहित** को **₹ 1 लाख** का **मिलाप कोठारी पुरस्कार** तथा संगीतकार **दीपक पंडित** को **सुर संगम गौरव सम्मान** प्रदान किया।
- ⇨ **संस्थान की स्थापना:** सुर संगम संस्थान की स्थापना **1977** में हुई थी। वर्ष 2026 का आयोजन संस्थान एवं वीणा म्यूजिक ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष **स्व. के.सी. मालू** की स्मृति को समर्पित था।

❑ सांस्कृतिक महोत्सव 'ऑक्टेव-2026'

- ⇨ **शुभारंभ**: राज्यपाल **हरिभाऊ किसनराव बागडे** ने जयपुर के **RIC** में **1 अक्टूबर** को।
- ⇨ **आयोजन तिथि: 1-4 अक्टूबर** तक केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत **पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र (WZCC), उदयपुर** ने राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर के सहयोग से महोत्सव का आयोजन किया।
- ⇨ **आठ राज्यों की भागीदारी:** पूर्वोत्तर भारत के **अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा** की सांस्कृतिक विरासत प्रस्तुत की गई।
- ⇨ **प्रमुख उद्देश्य:** पूर्वोत्तर भारत की लोककला, संगीत, नृत्य, पारंपरिक परिधान, हस्तशिल्प और खानपान को देश के अन्य क्षेत्रों में लोकप्रिय बनाना तथा सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देना।
- ⇨ **प्रस्तुतियाँ:** असम का **सत्रिया**, मणिपुर का **रास**, त्रिपुरा का **होजागिरी** तथा सिक्किम का **सिंधी छाम**।
- ⇨ **पृष्ठभूमि:** राष्ट्रीय स्तर पर ऑक्टेव महोत्सव की शुरुआत वर्ष **2006** में नई दिल्ली से हुई थी। इसका उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री **डॉ. मनमोहन सिंह** ने किया था। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा पूर्व में जोधपुर (2012) और अजमेर (2016) में भी ऑक्टेव महोत्सव आयोजित किया जा चुका है।

महत्त्वपूर्ण वन-लाइनर

➲ **छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित** (22 अक्टूबर 2026) शदाणी दरबार की पांचवीं पीठाधीश माता साहिब **हासी देवी की 200वीं जयंती** समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा **₹200 का स्मारक सिक्का** जारी किया गया तथा विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा **विशेष डाक टिकट** का अनावरण किया गया।

➲ **छठे राष्ट्रीय मुख्य सचिव सम्मेलन (NCCS):** मुख्य सचिव **वी. श्रीनिवास** की अध्यक्षता में **राजस्थान इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसफॉर्मेशन एंड इनोवेशन** के तत्वावधान में आयोजित होने वाले **NCCS** की तैयारियों की समीक्षा बैठक (23 अक्टूबर) शासन सचिवालय में आयोजित। आगामी **26 से 28 दिसंबर 2026** तक आयोजित किया जाएगा।

➲ **राजस्थान पुलिस के जवानों की फ्रांसीसी संगीत कार्यक्रम में सहभागिता (**18 अक्टूबर 2026**)** राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (RIC), जयपुर में **'फ्रांस-भारत नवाचार वर्ष 2026'** के आयोजित **"ले वोयाज दे रेज़े"** में पुलिस की टूरिस्ट असिस्टेंस फोर्स (TAF) के **9 कर्मियों** ने भाग लिया। TAF के कुल **22 पुलिसकर्मियों** को फ्रेंच भाषा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे पर्यटकों की बेहतर सहायता कर सकें। आयोजन: भारत में फ्रांस का दूतावास, फ्रेंच इंस्टीट्यूट इन इंडिया और अलायंस फ्रांसेज़ डी जयपुर। सांस्कृतिक सहयोगी: RIC और राजस्थान पत्रिका।

➲ **मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में 'भारत टैक्सी' की समीक्षा बैठक:** 18 अक्टूबर 2026 को नेहरू सहकार भवन, जयपुर में आगामी **2 माह में 5,000 राइड प्रतिदिन** तक बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। बैठक में जानकारी दी गई कि वर्तमान में जयपुर में **भारत टैक्सी पर 53,766 ड्राइवर** पंजीकृत हैं।

➲ **पूर्वोत्तर राज्यों के 33 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का जयपुर दौरा:** राजस्थान में संचालित डिजिटल परियोजनाओं और तकनीकी व्यवस्थाओं का अध्ययन करने के लिए पूर्वोत्तर के **आठ राज्यों** (असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा) का **33 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल** जयपुर स्थित **भामाशाह डेटा सेंटर** पहुँचा। नेतृत्व केंद्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में संयुक्त सचिव (डिजिटल गवर्नेंस) एवं राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग के CEO **श्री नंद कुमारम** ने किया।

➲ **राजस्थान पुलिस द्वारा देश की पहली पुलिस पोलो टीम का गठन:** 8 अक्टूबर 2026 पुलिस महानिदेशक (DGP) **राजीव कुमार शर्मा** ने राजस्थान पुलिस अकादमी के हॉकी ग्राउंड में बॉल रोलिंग कर पुलिस पोलो टीम और उद्घाटन मुकाबले (टीम रेड और टीम ब्लू के बीच प्रदर्शन मैच) का शुभारंभ किया।इस रोमांचक मुकाबले में टीम ब्लू ने टीम रेड को 6-2 से पराजित किया। इस अवसर पर **राजस्थान पुलिस ऑर्केस्ट्रा बैंड** की भी शुरुआत की गई।

➲ **जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा एक्शन प्लान की समीक्षा:** 05 अक्टूबर 2026 उच्चतम न्यायालय की सड़क सुरक्षा समिति के निर्देशों के तहत परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग तथा **विश्व स्वास्थ्य संगठन** (WHO) के सहयोग से तैयार **जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा एक्शन प्लान** को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए सभी जिलों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (VC) से बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग के प्रमुख सचिव **भवानी सिंह देथा** ने की, **राजस्थान देश का पहला राज्य** है, **जहाँ स्थानीय परिस्थितियों, दुर्घटना के कारणों और ब्लैक स्पॉट को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक जिले के लिए अलग-अलग कार्य योजना तैयार की गई है।**

➲ **जयपुर एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स: सितंबर 2026 में सर्वाधिक वित्तीय कारोबार-**राजस्थान लघु उद्योग निगम लिमिटेड (RAJSICO) द्वारा संचालित जयपुर एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स ने सितंबर 2026 में अपनी स्थापना (1979) के बाद से अब तक का **सर्वाधिक 1.93 करोड़ रुपये का मासिक वित्तीय कारोबार** दर्ज किया। सितंबर माह में कुल **276.807 मीट्रिक टन** कार्गो का संचालन हुआ, जिसका कुल व्यापारिक मूल्य **2,776.91 करोड़ रुपये** रहा (जिसमें 211.261 मीट्रिक टन निर्यात और 65.546 मीट्रिक टन आयात शामिल है)। संचालन व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु **गोविन्दम क्लियरिंग एजेंसी प्रा. लि.** को नया हैंडलिंग एवं ट्रांसपोर्टेशन कॉन्ट्रैक्टर नियुक्त किया गया है।

➲ **बालश्रम उन्मूलन के संबंध में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक:** 26 अक्टूबर 2026 तक **पिछले चार वर्षों में राज्य में करीब 5,000 बच्चों को बालश्रम से मुक्त** कराया गया है। इनमें **जयपुर जिले में सर्वाधिक 1,560**, उदयपुर में 600 तथा कोटा में 315 बच्चे शामिल हैं।

➲ **आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जयंती:** हाल ही में 26 अक्टूबर 2026 को राजस्थान में शांति एवं अहिंसा विभाग और संस्कृत अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में **'आदिकवि वाल्मीकि साहित्यिक योगदान एवं लोकमंगल की अवधारणा'** विषय पर संगोष्ठी का आयोजन जयपुर में किया गया।

➲ **केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान, जयपुर द्वारा फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 7.0:** 28 अक्टूबर 2026 को केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन **थीम: 'फिटनेस की खुराक, आधा घंटा रोज'** के साथ किया गया।

➲ **आशा सहयोगिनियों के मानदेय में 10% की वृद्धि:** पुराना मानदेय: ₹4,959 प्रतिमाह, नया मानदेय: **₹5,455 प्रतिमाह (**इस बढ़ी हुई राशि का भुगतान **1 अक्टूबर 2026** से देय**)**

➲ **काजरी: ग्राम उदलियावास में '<u>महिला किसान दिवस</u>': 15** अक्टूबर 2026 को भाकृअनुप–केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (CAZRI), जोधपुर वैज्ञानिक तकनीकों को प्रयोगशाला से खेतों तक पहुँचाना तथा ग्रामीण महिलाओं को कृषि, पोषण सुरक्षा और आजीविका संवर्धन से संबंधित व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना।

➲ **भारतीय मानक ब्यूरो का '<u>मानक महोत्सव 2026'</u>:** 14 अक्टूबर 2026 को भारतीय मानक ब्यूरो (BIS), जयपुर शाखा कार्यालय द्वारा कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान, जयपुर में **मुख्य अतिथि** हरिभाऊ बागड़े। **विश्व मानक दिवस** प्रतिवर्ष **14 अक्टूबर** को वैश्विक स्तर पर गुणवत्ता, सुरक्षा, विश्वसनीयता और तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

➲ **केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत: चार प्रमुख धार्मिक स्थलों का विकास-**
<u>स्वदेश दर्शन योजना: कुल स्वीकृत राशि:</u> ₹ 50.93 करोड़

1. **रामदेवरा** (बाबा रामदेवजी की पावन स्थली) ₹ 21.16 करोड़
2. **माँ देगराय मंदिर** (जैसलमेर): ₹ 11.84 करोड़
3. **मेहोजी मांगलिया मंदिर** (बापिणी, फलोदी): ₹ 16 करोड़
4. **कोलू पाबूजी** (कोलू गाँव, फलोदी): ₹ 1.93 करोड़

➲ **शिशु संजीवनी पोषण आहार: 17 अक्टूबर 2026** को विद्याधर नगर आंगनबाड़ी केंद्र से शुभारंभ उप मुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में **3 से 6 वर्ष के बच्चों** को 'पौष्टिक आहार दिया जाएगा'। **सप्ताह में 2 बार** विटामिन और खनिजों से भरपूर, जिसे **NDDB- National Dairy Development Board फाउंडेशन फॉर न्यूट्रिशन** के सहयोग से तैयार किया गया।

➲ **राज्य-स्तरीय 'अमृता हाट'-2026:** राजस्थान के महिला अधिकारिता विभाग द्वारा **11-20 अक्टूबर** तक जयपुर के जवाहर कला केन्द्र स्थित शिल्पग्राम परिसर में दस दिवसीय राज्य-स्तरीय **'अमृता हाट'** का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन **11 अक्टूबर** को महिला एवं बाल विकास विभाग की शासन सचिव **पूनम** ने किया।

➲ **प्रसिद्ध फिल्म निर्माता-निर्देशक सीमा कपूर** (**झालावाड़** जिले की निवासी) को उनकी किस आत्मकथा के लिए **प्रतिष्ठित 'कलिंगा लिटरेचर फेस्टिवल (KLF) बुक अवार्ड्स 2026' में सम्मानित करने की घोषणा (तिथि:** 18 दिसंबर 2026 त्रावणकोर पैलेस, नई दिल्ली**)-**



- **श्रेणी:** बेस्ट हिन्दी नॉन फिक्शन बुक ऑफ द ईयर
- **सम्मानित कृति: 'यूँ गुजरी है अब तलक'**

➲ **26 सितंबर 2026 को जयपुर में आयोजित हुए 14वें राजस्थान फिल्म फेस्टिवल (RFF) में 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड'** 90 के दशक की बॉलीवुड अभिनेत्री **ममता कुलकर्णी** को 'लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार' प्रदान किया गया।

➲ **राजस्थान AVGC-XR शिखर सम्मेलन-2026:** 28 अक्टूबर (इंटरनेशनल एनिमेशन डे पर)राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (RIC), जयपुर में RAMA (राइजिंग AVGCXR और मीडिया एसोसिएशन राजस्थान)द्वारा **ऑरेंज इकोनॉमी को बुनना" ("वीविंग द ऑरेंज इकोनॉमी")** थीम के साथ मनाया गया।

➲ **10 अक्टूबर 2026 को 'विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस'** के अवसर पर जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और उत्कृष्ट गतिविधियों के लिए **राजस्थान में करौली जिले ने प्रथम स्थान किया**- 'मानसिक स्वास्थ्य माह' (10 सितंबर से 10 अक्टूबर 2026) के दौरान जिले में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता, जागरूकता अभियानों के प्रभावी संचालन तथा उत्कृष्ट क्षेत्रीय गतिविधियों हेतु।

- **राजस्थान की पहली सीताफल प्रसंस्करण यूनिट:** चित्तौड़गढ़ (सीताफल उत्कृष्टता केंद्र)-**पूरा होने का लक्ष्य:** मार्च 2027 तक (**कार्य प्रणाली:** यहाँ किसानों से सीताफल खरीदकर गूदा (पल्प) निकाला जाएगा और इसे माइनस 40 डिग्री सेल्सियस तापमान पर सुरक्षित रखा जाएगा)

- **सुपर मॉडल वर्ल्डवाइड-2026:** ग्रैंड फिनाले जयपुर में, 25 अक्टूबर को, **मिस सुपरमॉडल वर्ल्डवाइड** जॉर्जिया की **लिया गुगुशविली** विजेता बनी। **मिसेज सुपरमॉडल वर्ल्डवाइड** अमेरिका की **ल्यूदमिला** विजेता बनी।

- **अक्टूबर 2026** में **गांधीनगर रेलवे स्टेशन** (जयपुर मंडल, उत्तर-पश्चिम रेलवे) को **इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (IGBC)** द्वारा ग्रीन रेलवे स्टेशन रेटिंग में **'प्लैटिनम रेटिंग'** (सर्वोच्च सम्मान) दिया गया।

- **29 अक्टूबर 2026** को राज्यपाल **हरिभाऊ किसनराव बागड़े** ने जयपुर में **इंडियन एकेडमी ऑफ न्यूरोलॉजी (IAN)** के **33वें वार्षिक सम्मेलन (IANCON 2026)** का शुभारंभ किया।
  प्रो. अशोक पनगडिया युवा वैज्ञानिक पुरस्कार- रेणु सुथार

- केंद्र सरकार के **एक जिला एक उत्पाद** कार्यक्रम के तहत **सीकर जिले** की ओर से **बाजरे का चूरमे** का चयन जिला प्रशासन ने प्रमुख भोजन के रूप में किया है।

- केंद्रीय रेल मंत्री **अश्विनी वैष्णव** ने **26 अक्टूबर 2026** को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से **जयपुर (खातीपुरा) - टाटानगर - संतरागाछी एक्सप्रेस** रेलगाड़ी का शुभारंभ किया।

- राजस्थान के बारां जिले में ग्रामीण इलाकों के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के लिए **जिला प्रशासन और NTPC की संयुक्त पहल 'मिशन सामर्थ्य-समर्थ युवा'** के तहत सरकारी स्कूलों में **'स्मार्ट पढ़ाई'** की व्यवस्था शुरू की गई है। इस कार्यक्रम के तहत **बारां के सभी आठ ब्लॉकों** के 12 उच्च माध्यमिक विद्यालयों को 'सामर्थ्य केंद्र' के रूप में विकसित करने के लिए चुना गया था।

- **देवेन्द्र कच्छावाहा:** सितम्बर 2026 में राज्य सरकार ने '**राज्य उपभोक्ता संरक्षण आयोग' के अध्यक्ष** देवेन्द्र कच्छावाहा का कार्यकाल 67 वर्ष तक आयु पूर्ण करने तक बढ़ा दिया है। नियुक्ति: 27 सितम्बर, 2022

- **14-16 सितंबर 2026 को भारतीय वायु सेना के तत्कालीन उप प्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने पहले 'आईएएफ ड्रोनाथॉन-2026' का शुभारंभ कहाँ किया-** पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज, जैसलमेर
  उद्देश्य: 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को मजबूत करना और मानवरहित हवाई प्रणालियों (UAS) तथा काउंटर-ड्रोन तकनीकों में वायु सेना की परिचालन क्षमताओं को बढ़ाना।

- केंद्र सरकार द्वारा **पांचवें राष्ट्रीय मुख्य सचिव सम्मेलन** में निर्धारित **28** आर्थिक, नियामक और प्रक्रियात्मक सुधारों (प्राथमिकताओं) में से **22 प्राथमिकताओं को पूरा कर राजस्थान देश में पहले स्थान पर** रहा। यह रिपोर्ट 9 सितंबर 2026 को राजस्थान के मुख्य सचिव **वी. श्रीनिवास** की अध्यक्षता में हुई राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में सामने आई। छठे राष्ट्रीय मुख्य सचिव सम्मेलन (26 से 28 दिसंबर 2026) के लिए भी राजस्थान ने **'विकसित राजस्थान @ 2047' के तहत अपने 5 मुख्य प्राथमिकता क्षेत्रों** (अक्षय ऊर्जा, पर्यटन, जलवायु अनुकूल कृषि, औद्योगिक विकास और उद्यानिकी) को तैयार किया है।

➲ 1 सितम्बर 2026 को **जोजड़ी, बांडी, लूणी नदी में प्रदूषण रोकने के लिए उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर गठित इंटीग्रेटेड कोऑर्डिनेशन ग्रुप (ICG) की ग्रुप के अध्यक्ष** और मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने बैठक ली। प्रदूषण रोकने के लिए राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को नोडल एजेंसी बनाया गया है।

.....

जयपुर, मंगलवार, 03 नवम्बर, 2026

भारत नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन एवं एक्सपो-2026

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया उद्घाटन, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लिया भाग

प्रदेश की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमताओं को मिल रहा अंतरराष्ट्रीय मंच



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में 'भारत नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन एवं एक्सपो-2026' का उद्घाटन किया।

□ सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में 50 प्रतिशत से अधिक विद्युत क्षमता गैर जीवाश्म ऊर्जा स्रोतों पर आधारित हो चुकी है, जो कि पेरिस समझौते के तहत निर्धारित लक्ष्य वर्ष 2030 से 5 वर्ष पहले वर्ष 2025 में ही हासिल कर लिया गया है।

□ प्रधानमंत्री ने कहा कि 'वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर' की भावना के साथ भारत वैश्विक स्वच्छ ऊर्जा सहयोग को आगे बढ़ा रहा है।

□ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी की उपस्थिति में 50 से अधिक प्रमुख निवेशकों के साथ राउंड टेबल बैठक की।

□ इस दौरान उन्होंने राजस्थान में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में व्यापक संभावनाओं एवं उपलब्ध अवसरों को रेखांकित किया।

□ साथ ही, मुख्यमंत्री ने निवेशकों को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित भी किया।

□ राउंड टेबल बैठक में ब्रुकफील्ड, रिन्यू, आदित्य बिड़ला रिन्यूएबल्स, जिंदल समूह और अवाडा सहित अन्य प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधियों की सहभागिता रही।

□ मुख्यमंत्री ने राजस्थान की स्टॉल्स का उद्घाटन और अवलोकन भी किया।

□ इस दौरान ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर एवं मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास भी उपस्थित रहे।

'निवेश करें, नवाचार करें, प्रेरित करें' थीम पर आयोजन

एक्सपो में प्रदेश की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमताओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया गया।

□ 'निवेश करें, नवाचार करें, प्रेरित करें' की थीम पर आयोजित हो रहे इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में राजस्थान सहित देश के 13 राज्यों एवं केंद्र-शासित प्रदेशों द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं, निवेश के अवसरों और विनिर्माण क्षमताओं को प्रदर्शित किया जा रहा है।

130 से अधिक देशों और 400 से अधिक प्रदर्शकों की भागीदारी

भारत नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन 2 से 5 नवम्बर तक आयोजित हो रहा है।

□ इसमें 130 से अधिक देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

□ साथ ही, 400 से अधिक प्रदर्शक सौर एवं पवन ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, ऊर्जा भंडारण और अन्य उभरते क्षेत्रों की अत्याधुनिक तकनीकों एवं स्वच्छ ऊर्जा समाधानों का प्रदर्शन कर रहे हैं।

□ सम्मेलन का उद्देश्य स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक निवेश, औद्योगिक भागीदारी और तकनीकी साझेदारियों को प्रोत्साहित करना है।

02 राष्ट्रीय समसामयिकी

राजव्यवस्था, शासन एवं प्रशासन

इंटरनेट: बच्चों का भी मौलिक अधिकार

- **निर्णय: सर्वोच्च न्यायालय** ने **जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन अलायंस एवं अन्य** बनाम एस. हरीश एवं अन्य मामले में कहा कि इंटरनेट तक पहुँचने और उसका उपयोग करने का अधिकार हर व्यक्ति का **मौलिक अधिकार** है।
- **बच्चों के लिए: बच्चों** को भी, आयु की परवाह किए बिना, यह **संवैधानिक अधिकार** प्राप्त है।
- **संवैधानिक आधार: अनुच्छेद 21** (जीवन एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता) और **अनुच्छेद 19(1)(a)** (वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता) के तहत एक मौलिक अधिकार है।
- **पूर्व निर्णय**-
  1. **अनुराधा भसीन बनाम भारत संघ (2020):** इंटरनेट के माध्यम से अभिव्यक्ति और व्यापार की स्वतंत्रता को संरक्षित माना गया था।
  2. **प्रज्ञा प्रसून बनाम भारत संघ (अप्रैल 2025) :** डिजिटल पहुँच को **अनुच्छेद 21** का अंग माना गया।

झूठे शपथपत्र पर अब मतदाता भी कर सकेंगे शिकायत

- **निर्णय: सर्वोच्च न्यायालय** ने **राजकुमार माडकी बनाम डॉ. शैलेंद्र बेलदाले** में निर्णय दिया कि कोई भी निजी नागरिक या मतदाता नामांकन-शपथपत्र में झूठी जानकारी देने या जानकारी छिपाने पर उम्मीदवार के विरुद्ध **लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951** की **धारा 125A** के तहत सीधे आपराधिक शिकायत दर्ज करा सकता है।
- **धारा 125A का प्रावधान:** झूठी जानकारी देने या जानकारी छिपाने पर छह माह तक का कारावास, जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

जनगणना (संशोधन) नियम, 2026

- **अधिसूचना: गृह मंत्रालय** ने **16 अक्टूबर 2026** को राजपत्र अधिसूचना जारी करके **जनगणना अधिनियम, 1948** के अंतर्गत **जनगणना (संशोधन) नियम, 2026** लागू कर दिए।
- इनसे **जनगणना नियम, 1990** में संशोधन किया गया है।
- **जारीकर्ता: भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त (RG&CCI) मृत्युंजय कुमार नारायण।**
- **बदलाव:** अब **तीन श्रेणियों** के व्यक्ति **गणनाकर्ता (प्रगणक)** नियुक्त हो सकते हैं-

श्रेणी	कौन आते हैं
प्रथम	सरकारी, स्थानीय प्राधिकरण, सहायता–प्राप्त और गैर–सहायता–प्राप्त निजी संस्थानों तथा समितियों व ट्रस्टों द्वारा संचालित किसी भी **शैक्षणिक संस्थान के शिक्षक**
दूसरी	केंद्र सरकार, राज्य सरकार, स्थानीय प्राधिकरण तथा सार्वजनिक उपक्रमों, वैधानिक निकायों, बैंकों, कंपनियों, संस्थाओं, समितियों और ट्रस्टों के **लिपिक व अन्य अधिकारी**
तीसरी	कोई भी ऐसा व्यक्ति जिसे **राज्य सरकार या केंद्रशासित प्रदेश का प्रशासन** उपयुक्त समझे

मतदाता सूची का पुनरीक्षण (SSR) और प्रपत्र 6–7–8

- **आदेश: 15 अक्टूबर 2026** को **भारत निर्वाचन आयोग (ECI)** ने मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को पत्र भेजकर **विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (SSR)** का आदेश दिया।
- **कानूनी आधार: लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950** की **धारा 21-**मतदाता सूची तैयार करना और उसका पुनरीक्षण करना।

SSR बनाम SIR

- **SSR :** हर वर्ष होने वाला सामान्य पुनरीक्षण- दावे-आपत्तियाँ, नए (विशेषकर युवा) मतदाताओं के नाम जोड़ना, गलत प्रविष्टियाँ सुधारना।
- **SIR:** गहन पुनरीक्षण-घर-घर जाकर गणना करके लगभग नई सूची तैयार की जाती है।
- **प्रपत्र:** निर्वाचकों का रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के अंतर्गत

प्रपत्र	उपयोग
प्रपत्र–6	नाम **जोड़ने** के लिए
प्रपत्र–7	नाम **हटाने** या **आपत्ति** के लिए
प्रपत्र–8	**प्रविष्टि–सुधार** या **पता–परिवर्तन** के लिए

CEC-EC अधिनियम, 2023 की धारा 16 को चुनौती

- **13 अक्टूबर 2026 को सर्वोच्च न्यायालय** में **एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ADR)** याचिका में **मुख्य निर्वाचन आयुक्त (CEC)** और **अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा-शर्तें और पदावधि) अधिनियम, 2023** की **धारा 16** को असंवैधानिक घोषित करने की माँग है।
- **धारा 16 :** किसी अन्य कानून के बावजूद, कोई न्यायालय ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध-जो CEC या निर्वाचन आयुक्त है या रह चुका है-पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में किए गए कार्यों के लिए **दीवानी या आपराधिक कार्यवाही** पर विचार नहीं करेगा या उसे जारी नहीं रखेगा (अर्थात् **विधिक उन्मुक्ति**)।

लद्दाख

संवैधानिक एवं वैधानिक ढाँचे का मसौदा

- **मसौदा: गृह मंत्रालय (MHA)** ने लद्दाख के लिए **"Constitutional and Statutory Framework"** तैयार किया; **लेह एपेक्स बॉडी (LAB)** और **कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (KDA)** को राय हेतु दिया गया।
- **प्रस्ताव:** संविधान में नया अनुच्छेद (371-K) जो पूरे केंद्रशासित प्रदेश (UT) के स्तर पर **निर्वाचित निकाय** को संवैधानिक दर्जा देगा।
- **उपराज्यपाल की भूमिका:** निकाय का हर विनियम (कानून) **उपराज्यपाल (L-G)** की स्वीकृति के बाद ही प्रभावी होगा।
- **विचार हेतु विकल्प:** निर्वाचन-क्षेत्रों का परिसीमन जनसंख्या या जनसंख्या-क्षेत्रफल हो, **महिला आरक्षण**
  - **परिषदों का दर्जा:** लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषदों (LAHDC) को संवैधानिक दर्जा मिले या वे **LAHDC अधिनियम, 1997** के अंतर्गत ही चलें।
- **मुख्य बिंदु:** लद्दाख के लिए **प्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित केंद्रशासित प्रदेश-स्तरीय शासी निकाय** बनाया जाएगा। इसे इन विषयों पर **विधायी शक्तियाँ** मिलेंगी:
  - भूमि, संस्कृति और भाषा
  - वन, पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधन
  - **अनुच्छेद 240** के तहत केंद्रशासित प्रदेश के लिए आरक्षित अन्य विषय
- **संवैधानिक महत्व:** अनुच्छेद 371 के प्रावधान अब तक राज्यों के लिए रहे हैं। किसी केंद्रशासित प्रदेश पर इसे लागू करना एक नया 'सुई जेनेरिस' (अद्वितीय) शासन मॉडल होगा।
- लद्दाख पर लागू होने पर यह किसी केंद्रशासित प्रदेश के लिए **प्रथम** ऐसा प्रावधान होगा।

लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद (संशोधन) विनियम, 2026

- **प्रख्यापन:** राष्ट्रपति **द्रौपदी मुर्मु** ने **16 अक्टूबर 2026** को।
- **विस्तार: सभी आठ जिलों** (नवगठित **सांकू** सहित) में परिषदों का गठन।
  - अब तक परिषदें केवल **लेह और कारगिल** में कार्यरत ।
- **सीटें:** पहले हर परिषद में **26 निर्वाचित सदस्य थे।**
  - अब न्यूनतम **7,** अधिकतम **24 सदस्य होंगे।**
  - अधिकतम **चार** मनोनीत (महिलाएँ/अप्रतिनिधित्व वाले समुदाय)
  - लद्दाख के लोकसभा सांसद सभी परिषदों के पदेन सदस्य होंगे।
- **कार्यकाल:** प्रथम बैठक से **पाँच वर्ष।**

लद्दाख में पाँच परियोजनाओं का उद्घाटन/लोकार्पण

- 15 अक्टूबर 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से **लगभग रु. 3,350 करोड़ की** पाँच परियोजनाओं का उद्घाटन/लोकार्पण किया।
- **लेह हवाई अड्डे का नया टर्मिनल (कुशोक बकुला रिम्पोची हवाई अड्डा) का उद्घाटन।**
- **निम्मू-पदुम-दारचा सड़क का लोकार्पण।**
  - निर्माण: सीमा सड़क संगठन (BRO)
  - लेह के निम्मू को जांस्कर (पदुम)होते हुए हिमाचल प्रदेश के दारचा से जोड़ती है।
- **हनु लघु जलविद्युत परियोजना** (क्षमता: 9 मेगावाट) का उद्घाटन।
- **देश का प्रथम शैलचित्र (पेट्रोग्लिफ) संरक्षण पार्क,** सिंधु घाट, **लेह** का उद्घाटन।
- **लद्दाख के लिए हिम सरोवर परियोजना** (40 गाँवों में 40 जलाशय) की शुरूआत।

लेह में उच्च न्यायालय की नई पीठ

- **उद्घाटन:** भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति **सूर्यकांत** ने **18 अक्टूबर 2026** को **लेह** में **जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय** की **लद्दाख पीठ** का उद्घाटन किया।

- **आधार: राष्ट्रपति** ने **28 अगस्त 2026** को एक विनियम जारी कर लेह में उच्च न्यायालय की अलग पीठ स्थापित करने की अनुमति दी थी।
- **अनुच्छेद 240:** विधानमंडल-रहित केंद्रशासित प्रदेश (जैसे लद्दाख) के लिए राष्ट्रपति **अनुच्छेद 240** के अंतर्गत विनियम बना सकते हैं।

भारतीय प्रेस परिषद का पुनर्गठन: 13 पत्रकार सदस्य नामित

- **सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय** ने **प्रेस परिषद अधिनियम, 1978** की **धारा 5 व 6** के अंतर्गत **13 सदस्य** नामित कर परिषद का पुनर्गठन किया।
- **अध्यक्ष:** न्यायमूर्ति **रंजना प्रकाश देसाई** (सेवानिवृत्त)।
- **संरचना:** अध्यक्ष + **28 सदस्य** - सांसद, समाचारपत्र स्वामी, पत्रकार तथा भारतीय विधिज्ञ परिषद (BCI), विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) व साहित्य अकादमी के प्रतिनिधि।
- **भारतीय प्रेस परिषद (PCI):** वैधानिक, अर्ध-न्यायिक स्वायत्त निकाय। प्रथम प्रेस आयोग की सिफारिश पर **1966** में प्रथम बार गठित।

विभाग-संबंधित संसदीय स्थायी समितियों (DRSC) का पुनर्गठन, 2026-27

- **लोकसभा अध्यक्ष** और **राज्यसभा सभापति** ने वर्ष **2026-27** के लिए **24 विभाग-संबंधित संसदीय स्थायी समितियों** का पुनर्गठन किया।
- **व्यवस्था: 1993** में **17** समितियों के साथ शुरूआत; **2004** से **24** समितियाँ कार्यरत है।
- प्रत्येक समिति में **31 सदस्य** (21 लोकसभा, 10 राज्यसभा) होते; मंत्री सदस्य नहीं हो सकते।
- कार्यकाल-**एक वर्ष।**
- **अध्यक्ष: 8** समितियाँ राज्यसभा और **16** लोकसभा के अधीन; अध्यक्ष की नियुक्ति संबंधित पीठासीन अधिकारी करते हैं।
- **प्रमुख समितियों के अध्यक्ष:**

समिति	अध्यक्ष
विदेश मामले	शशि थरूर
वित्त	भर्तृहरि महताब
रक्षा	राध मोहन सिंह
गृह मामले	राध मोहन दास अग्रवाल

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद का पुनर्गठन

- **अधिसूचना: सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH) ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988** की धारा 215 के अंतर्गत **राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा** परिषद के पुनर्गठन की अधिसूचना जारी की है।
- **संरचना:**
  - **अध्यक्ष:** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री
  - **उपाध्यक्ष:** मंत्रालय के **दो राज्यमंत्री**
  - कुल: **69 सदस्य**
- **बैठक:** अधिसूचना के अनुसार परिषद की बैठक वर्ष में **कम से कम एक बार** होगी।
- **नोट: अगस्त 2023** में गठित पिछली परिषद का पूरा कार्यकाल **बिना एक भी बैठक के** समाप्त हो गया था।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड (NRSB)

- राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड (NRSB) मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की **धारा 215B** के तहत गठित **वैधानिक सलाहकार निकाय** है। यह प्रावधान **2019 के संशोधन** से जोड़ा गया था।
- सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद इसका औपचारिक गठन **29 जून 2026** को हुआ ।
- **अध्यक्ष: डॉ. नितिन आर. गोकर्ण** (सेवानिवृत्त IAS अधिकारी)।

तीन राज्यों में NIA के विशेष न्यायालय अधिसूचित

- **अधिसूचना:** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 27 अगस्त, 2026 की राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से राजस्थान, बिहार और आंध्र प्रदेश में **राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (NIA)** के मामलों की त्वरित सुनवाई के लिए **जयपुर, पटना(बिहार) और विशाखापत्तनम(आंध्र प्रदेश)** में तीन विशेष न्यायालय अधिसूचित किए।
- **कानूनी आधार: राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण अधिनियम, 2008** की के तहत, संबंधित उच्च न्यायालयों एवं राज्य सरकारों से परामर्श के बाद।
- **क्षेत्राधिकार:** तीनों न्यायालयों का अधिकार क्षेत्र संबंधित **पूरे राज्य** पर होगा।

भारत के तीन नए स्थल UNESCO की अस्थायी सूची में शामिल

- **प्रस्ताव: 28 सितंबर 2026** को भेजे गए थे।

❐ **संख्या:** इन स्थलों के UNESCO की अस्थायी सूची में शामिल होने से भारत के स्थलों की **संख्या 81** हो गई है।

1. बाराटांग का कार्स्ट-मड-वॉल्केनो कॉम्प्लेक्स, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह

- **स्वरूप: बाराटांग द्वीप** पर स्थित; इसमें **चूना-पत्थर की गुफाएँ** तथा सक्रिय **मड वॉल्केनो (कीचड़ ज्वालामुखी)** शामिल हैं।
- **भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI)** ने **2025** में इसे **भू-विरासत स्थल** घोषित किया था।

2. अंडमान सबडक्शन ज्वालामुखी, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह

- **ज्वालामुखी: बैरन द्वीप** और **नारकोंडम द्वीप** के ज्वालामुखी शामिल।
- बैरन द्वीप **भारत का एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी** है और **श्री विजयपुरम** से लगभग **138 किमी दूर** है।

3. सिरपुर सांस्कृतिक एवं पुरातात्विक परिदृश्य

- **स्थिति: छत्तीसगढ़ में महानदी** के तट पर स्थित।
- प्राचीन काल में **श्रीपुर** नाम से प्रसिद्ध।
- **इतिहास:** संरचनाएँ **5वीं से 12वीं शताब्दी ई.** की हैं; **शरभपुरीय** और **पांडुवंशी** राजवंशों के शासनकाल में प्रमुख केंद्र।

शास्त्रीय भाषाओं के लिए पाँच उत्कृष्टता केंद्र

❐ **मंजूरी: शिक्षा मंत्रालय** के **उच्च शिक्षा विभाग** ने पाँच शास्त्रीय भाषाओं के अध्ययन के लिए **पाँच उत्कृष्टता केंद्र (CoEs)** स्थापित करने को मंजूरी दी।

शास्त्रीय भाषा	उत्कृष्टता केंद्र का संस्थान,राज्य
असमिया	तेजपुर विश्वविद्यालय, असम
बांग्ला	विश्व-भारती विश्वविद्यालय (शांतिनिकेतन), पश्चिम बंगाल
मराठी	डेक्कन कॉलेज पोस्ट-ग्रेजुएट एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट (मानित विश्वविद्यालय), पुणे महाराष्ट्र
पाली	ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय, ओडिशा
प्राकृत	गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय, गुजरात

शास्त्रीय भाषाएँ

❐ **11 शास्त्रीय भाषाएँ (दर्जा):** तमिल **(2004)**, संस्कृत **(2005)**, तेलुगु व कन्नड़ **(2008)**, मलयालम **(2013)**, ओड़िया **(2014)**; मराठी, पाली, प्राकृत, असमिया, बांग्ला **(3 अक्टूबर 2024)।**

निधन एवं व्यक्तित्व

वुम्मिडी एथिराज: सेंगोल के शिल्पकार

❐ **निधन:** ऐतिहासिक **सेंगोल** के निर्माण में भूमिका निभाने वाले प्रमुख जौहरी **वुम्मिडी एथिराज** का **21 अक्टूबर 2026** को **चेन्नई** में निधन हो गया।

❐ **परिवार:** वे **125 वर्ष पुराने वुम्मिडी बंगारु ज्वेलर्स** के मालिक **वुम्मिडी परिवार** के मुखिया थे।

❐ **योगदान:** लगभग **20 वर्ष** की आयु में वे **चाँदी पर सोने की परत चढ़े राजदंड सेंगोल** के निर्माण में शामिल रहे।

❐ **सेंगोल:** सेंगोल चांदी से बना है और इस पर सोने की परत चढ़ाई गई है।

(i) इसकी लंबाई लगभग 5 फीट है।

(ii) इसके शीर्ष पर भगवान शिव के वाहन 'नंदी' (Nandi) विराजमान हैं, जो न्याय और दृढ़ता का प्रतीक माने जाते हैं।

(iii) इसे मद्रास (चेन्नई) के प्रसिद्ध जौहरी 'वुम्मिडी बंगारू चेट्टी' (Vummidi Bangaru Chetty) द्वारा बनाया गया था।

(iv) **इतिहास: 14 अगस्त 1947** को **तमिलनाडु** के **तिरुवावडुतुरै अधीनम मठ** के पुजारियों ने यह सेंगोल **जवाहरलाल नेहरू** को सौंपा था थ।

(v) **स्थापना:** प्रधानमंत्री **नरेंद्र मोदी** ने **28 मई 2023** को सेंगोल को **नए संसद भवन (लोकसभा)** में स्थापित किया था।

पद्मश्री शेफ के. दामोदरन (शेफ दामू)

❐ **निधन:** प्रसिद्ध पाक-विशेषज्ञ **के. दामोदरन,** जिन्हें **'शेफ दामू'** के नाम से जाना जाता था, का **25 अक्टूबर 2026** को **चेन्नई** में निधन हो गया।

❐ **उपलब्धि:** वह होटल प्रबंधन और कैटरिंग प्रौद्योगिकी में **डॉक्टरेट** पाने वाले **प्रथम भारतीय शेफ** थे।

- उन्हें 2025 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।
- **रिकॉर्ड: दिसंबर 2010** में उन्होंने **24 घंटे 30 मिनट 12 सेकंड** में **617 व्यंजन (190 किग्रा भोजन)** बनाकर **'सबसे लंबी कुकिंग मैराथन-व्यक्तिगत'** का **गिनीज विश्व रिकॉर्ड** बनाया था।

प्रख्यात चित्रकार जोगेन चौधरी

- **निधन:** प्रसिद्ध भारतीय चित्रकार **जोगेन चौधरी** का **25 अक्टूबर 2026** को **कोलकाता** में।
- **जन्म: 16 फरवरी 1939, फरीदपुर (अब बांग्लादेश)।**
- **पहचान:** वह **'अनब्रोकन लाइन के मास्टर'** के रूप में जाने जाते थे; उनकी प्रसिद्ध कृतियों में **टाइगर इन द मूनलिट नाइट, डे ड्रीमिंग** आदि शामिल हैं।
- **कार्य:** उन्होंने **राष्ट्रपति भवन** में **कला संरक्षक (1972–87)** और **शांतिनिकेतन के कला** भवन में **प्रोफेसर** के रूप में।

अभिनेता-फिल्मकार नाना पाटेकर: महाराष्ट्र

- **निधन:** 8 अक्टूबर 2026, गोवा।
- **सम्मान:** पद्मश्री (2013); 3 राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार
- **सामाजिक कार्य:** 2015 में मकरंद अनासपुरे के साथ **'नाम फाउंडेशन'** की स्थापना-सूखा-प्रभावित किसानों की सहायता।

स्वतंत्रता सेनानी पी. वासु 'सोशियो वासु'

- **निधन: 8 अक्टूबर 2026,** चेरुवन्नूर, कोझिकोड (केरलम)
- **भारत छोड़ो आंदोलन** में कुंडाथोडु से चेरुवन्नूर तक विरोध-मार्च का नेतृत्व किया और जेल गए।
- स्वतंत्रता के बाद **जयप्रकाश नारायण** से सदस्यता लेकर **समाजवादी आंदोलन** से जुड़े।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

- **उपलब्धि:** मोदी ने 7 अक्टूबर, 2001 से 7 अक्टूबर, 2026 तक राज्य और केंद्र सरकार के प्रमुख के रूप में बिना किसी अंतराल के 25 वर्ष पूरे किए।
- **संबंधित तथ्य:** नरेन्द्र मोदी गुजरात के सबसे लंबे समय तक पद पर रहने वाले मुख्यमंत्री रहे तथा वर्ष 2024 में तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले जवाहरलाल नेहरू के बाद दूसरे व्यक्ति बने।

नियुक्तियाँ एवं त्यागपत्र

एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित

- **6 अक्टूबर 2026** को वायुसेना उप-प्रमुख **एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित** को **एयर चीफ मार्शल** के पद पर वायुसेना का **29वाँ प्रमुख** नियुक्त किया।
  - पद भार ग्रहण: **31 अक्टूबर 2026**
  - कार्यकाल: **31 दिसम्बर 2028** तक
  - **पूर्ववर्ती:** एयर चीफ मार्शल **अमर प्रीत सिंह।**

सुप्रीम कोर्ट में अक्टूबर 2026 में नई नियुक्तियाँ

- **नियुक्ति अधिसूचना:** 5 अक्टूबर 2026 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने तीन हाईकोर्ट मुख्य न्यायाधीशों को सुप्रीम कोर्ट जज नियुक्त किया।
- **शपथ ग्रहण:** 6 अक्टूबर 2026 को मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने तीनों को शपथ दिलाई।
- **नए न्यायाधीश:**
  1. **जस्टिस सुनीता अग्रवाल** (गुजरात हाईकोर्ट CJ)
  2. **जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय** (दिल्ली हाईकोर्ट CJ)
  3. **जस्टिस अपरेश कुमार सिंह** (तेलंगाना हाईकोर्ट CJ)
- जस्टिस सुनीता अग्रवाल की नियुक्ति से सुप्रीम कोर्ट में महिला न्यायाधीशों की **संख्या तीन** हो गई है।
  1. जस्टिस बी.वी. नागरत्ना
  2. जस्टिस वी. मोहना
  3. जस्टिस सुनीता अग्रवाल

केंद्रीय राज्य मंत्री एल. मुरुगन का इस्तीफा

- सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री और मध्यप्रदेश से राज्यसभा सदस्य एल. मुरुगन ने 13 अक्टूबर 2026 को केंद्रीय मंत्रिपरिषद और **राज्यसभा की सदस्यता,** दोनों से इस्तीफा दिया।
- **प्रावधान:** मंत्री का इस्तीफा प्रधानमंत्री के माध्यम से राष्ट्रपति को **(अनुच्छेद 75)**।
  - राज्यसभा सदस्यता से इस्तीफा सभापति को **(अनुच्छेद 101(3)(b))।**

दवा-विपणन पर लगाम: नई समिति

- **गठन: सर्वोच्च न्यायालय** के निर्देश पर **23 अक्टूबर 2026 को औषध विभाग द्वारा।**
- **अध्यक्ष: डॉ. एम. श्रीनिवास** (सदस्य, NITI आयोग)।
- **कार्य: दो माह** में अनैतिक विपणन रोकने के लिए वैधानिक, विनियामक या अन्य उपायों की सिफारिश करेगी।

छह राज्यों में राज्यपालों की नियुक्ति/स्थानांतरण

- **नियुक्ति प्राधिकारी:** राष्ट्रपति **द्रौपदी मुर्मू।**

राज्य	नए राज्यपाल	पिछला पद/परिचय
केरलम	ओम प्रकाश माथुर	सिक्किम के राज्यपाल (स्थानांतरण)
तमिलनाडु	राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर	केरलम के राज्यपाल (स्थानांतरण); 12 मार्च से तमिलनाडु का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे – अब पूर्णकालिक
कर्नाटक	डॉ. सुधा यादव	राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की सदस्य (2019–2022); थावरचंद गहलोत का स्थान लेंगी
ओडिशा	ब्रज मोहन राम	पलामू (झारखंड) से लोकसभा सदस्य (1996–2004)
उत्तराखंड	डॉ. ढाल सिंह बिसेन	ले. जन. गुरमीत सिंह (से.नि.) का स्थान
सिक्किम	दुष्यंत (कुमार) गौतम	पूर्व राज्यसभा सदस्य

ओम प्रकाश माथुर

- **शपथ: ओम प्रकाश माथुर** ने **23 अक्टूबर** को **केरलम के 29वें राज्यपाल** के रूप में शपथ ली।
- **पूर्ववर्ती : राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर** का स्थान लिया।
- माथुर इससे पहले **सिक्किम के राज्यपाल** थे।
- मूलत: **राजस्थान** के **पाली जिले** से हैं।

समझौता ज्ञापन

HAL, राष्ट्रीय संस्कृति कोष और ASI का समझौता

- **हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL), राष्ट्रीय संस्कृति कोष (NCF) और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI)** ने समझौता (MoA) किया। **(तिथि मूल में अंकित नहीं।)**
- **उद्देश्य:** विरासत संरक्षण और विकास के काम करना।
- **स्थल:**
  - हम्पी (कर्नाटक; यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल)
  - **ताजमहल** (आगरा, उत्तर प्रदेश) और **बेकल किला** (केरलम)।

संस्कृति मंत्रालय और BnF के बीच पांडुलिपि-विरासत पर MoU

- **संस्कृति मंत्रालय** और **बिब्लियोथेक नास्योनाल द फ्रांस (BnF)** (फ्रांस का राष्ट्रीय पुस्तकालय) के बीच **26 अक्टूबर 2026** को **पेरिस** में **ज्ञान भारतम् मिशन** के अंतर्गत समझौता ज्ञापन हुआ।
- **उद्देश्य:** दोनों पक्ष BnF में रखी **भारतीय मूल की पांडुलिपियों** की पहचान और डिजिटलीकरण करेंगे; भारतीय लिपियों के लिए **OCR/HTR उपकरण**, कैटलॉगिंग-मानक और डिजिटल मानविकी में विशेषज्ञता का आदान-प्रदान भी होगा।
- **ज्ञान भारतम् मिशन:** संस्कृति मंत्रालय की प्रमुख पहल, जो भारत की पांडुलिपि-विरासत की **पहचान, प्रलेखन, संरक्षण, डिजिटलीकरण, अनुवाद और प्रसार** के लिए है।

पोर्टल, ऐप एवं डिजिटल पहल

'चक्रवात चेतावनी एवं समुद्री मौसम सेवा निर्णय सहायता प्रणाली'

- **12 अक्टूबर 2026 को भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD)** ने इंटरैक्टिव **WebGIS-आधारित निर्णय सहायता प्रणाली (DSS)** राष्ट्र को समर्पित की।
  - शुभारंभ: **उत्तर-मानसून ऋतु (अक्टूबर-दिसंबर)** की द्वि-वार्षिक **प्री-साइक्लोन अभ्यास बैठक** में
  - अध्यक्षता: मौसम विज्ञान महानिदेशक **डॉ. मृत्युंजय** महापात्रा (विश्व मौसम विज्ञान संगठन **(WMO)** के तीसरे उपाध्यक्ष)।
- **प्रणाली का आधिकारिक नाम:** 'साइक्लोन वार्निंग और मरीन वेदर सर्विसेज डिसीजन सपोर्ट सिस्टम'।

उन्नत एग्री वेलफेयर पोर्टल

- **शुभारंभ:** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री **शिवराज सिंह चौहान** ने **19 अक्टूबर 2026** को।
- **उद्देश्य:** सरकारी योजनाओं, आर्थिक सहायता और खेती से जुड़ी प्रामाणिक जानकारी को **बिचौलियों के बिना** सीधे किसानों के मोबाइल फोन तक पहुँचाना।
- **एकल खिड़की:** यह पोर्टल **पीएम-किसान, एग्रीस्टैक** और **प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना** जैसी प्रमुख पहलों के लिए **एकल खिड़की (सिंगल विंडो)** का काम करेगा।
- **सुविधाएँ:** किसान इस पर **ऑनलाइन पात्रता जाँच** और सीधे आवेदन कर सकेंगे; सहायता राशि **प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT)** से खाते में आएगी।

'पुनः भरण' मोबाइल ऐप का शुभारंभ

- **गंगा बाढ़ नियंत्रण बोर्ड (GFCB)** की **19वीं बैठक 27 अक्टूबर 2026** को भारत मंडपम, नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री **सी.आर. पाटिल** की अध्यक्षता में हुई।
- **ऐप:** बैठक में केंद्रीय मंत्री ने **'पुनः भरण'** मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया।
  - **विकास: भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग एवं भू-सूचना विज्ञान संस्थान (BISAG-N)** ने **राष्ट्रीय जल मिशन** के सहयोग।
  - **उद्देश्य:** कृत्रिम भूजल पुनर्भरण के लिए उपयुक्त स्थलों की **वैज्ञानिक पहचान** में मदद करना।

दिल्ली का इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (ITMS)

- **मंजूरी: 30 सितंबर 2026** को **केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (CCEA)** ने दिल्ली में ITMS लागू करने के लिए **रु. 1,789.52 करोड़** की मंजूरी दी।
- **क्रियान्वयन एजेंसी: दिल्ली पुलिस।**
- **तकनीकी सहायता:** C-DAC पुणे प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंट के रूप में तकनीकी सहायता देगा।

राष्ट्रीय रणनीतिक व्यापार कमान केंद्र (NSTCC)

- वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री **पीयूष गोयल** ने नई दिल्ली के **वाणिज्य भवन** में **NSTCC** का शुभारंभ किया
- **विकास:** वाणिज्य विभाग ने **विदेश व्यापार महानिदेशालय (DGFT)** के साथ मिलकर विकसित किया।
- **क्या है:** उच्च-तकनीकी केंद्र, जो व्यापार के विभिन्न आँकड़े एक ही डैशबोर्ड पर वरिष्ठ नीति-निर्माताओं के लिए दिखाता है।

पर्यावरण, वन्यजीव एवं जैव विविधता

प्रभावी वन प्रबंधन हेतु क्षमता संवर्धन परियोजना

- **शुभारंभ:** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने 25 सितम्बर 2026 को। (नई दिल्ली)
- **उद्देश्य:** वन एवं वन्यजीव प्रबंधन की बदलती आवश्यकताओं, उभरती जलवायु/पर्यावरणीय चिंताओं और बढ़ती जिम्मेदारियों के अनुरूप अग्रिम पंक्ति के वन कर्मियों की क्षमता बढ़ाना।
  - भारत सरकार और जापान अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (JICA) के बीच एक सहयोगात्मक परियोजना है।
- **क्रियान्वयन:** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
- **अवधि:** 2025-26 से 2031-32 (7 वर्ष)
- **चरण:** दूसरा (JICA की पूर्व पहल पर आधारित)।
- **कवरेज:** भारत के सभी राज्य।
- **वित्तीय ढाँचा:**

मद	राशि
कुल परिव्यय	₹537.10 करोड़
JICA का योगदान	₹440.42 करोड़
भारत सरकार का हिस्सा	₹96.68 करोड़

बुक्सा टाइगर रिजर्व, पश्चिम बंगाल

- **चर्चा में क्यों?** केंद्रीय पर्यावरण मंत्री और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ने **'बाघ पुनर्वास कार्यक्रम'** के अंतर्गत बुक्सा टाइगर रिजर्व में प्रथम बाघिन T138 को छोड़ा।
- इसी के साथ वन्यजीव सप्ताह 2026 (2-8 अक्टूबर) का उद्घाटन हुआ।
  - विषय: **"Connecting Habitats, Thriving Wildlife" (गलियारों पर बल)।**
- बाघिन T138 को वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (बिहार) से स्थानांतरित किया गया है।
- **रायमोना राष्ट्रीय उद्यान :** बाघिन T-138 संकोश नदी पार करके असम के रायमोना राष्ट्रीय उद्यान में पहुँच गई है।
- रायमोना राष्ट्रीय उद्यान असम में भूटान सीमा के पास स्थित।

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व, मध्य प्रदेश

- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री **डॉ. मोहन यादव** ने **7 अक्टूबर** को **वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व** (पूर्व नाम: **नौरादेही**) में कूनो से लाए गए चीतों **'व्योम'** और **'नीरा'** को छोड़ा।
- **कूनो राष्ट्रीय उद्यान और गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य** के बाद यह मध्य प्रदेश में चीतों का **तीसरा आवास** होगा।

जवाहर द्वीप, मुंबई

- **भारत का प्रथम प्लास्टिक-मुक्त ऑयल टर्मिनल**
- **घोषणाकर्ता संस्था: मुंबई पोर्ट अथॉरिटी** (पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय)।
- **अवसर:** गांधी जयंती (2 अक्टूबर 2026); स्वच्छता अभियान 2026।

सुखना आर्द्रभूमि और सौज झील रामसर स्थल घोषित

- **15 अक्टूबर 2026** को **सुखना आर्द्रभूमि** और **सौज झील** रामसर सूची (अंतरराष्ट्रीय महत्त्व की आर्द्रभूमियाँ) में शामिल किया गया।
- भारत में कुल रामसर स्थल=103
- **सर्वाधिक रामसर स्थलों वाला राज्य: तमिलनाडु = 20, उत्तरप्रदेश =14**
- **सुखना आर्द्रभूमि, चंडीगढ़ (रामसर स्थल क्रमांक 2602)**
  - चंडीगढ़ का **प्रथम रामसर स्थल।**
  - 1988 में राष्ट्रीय आर्द्रभूमि का दर्जा दिया गया।
  - शिवालिक की तलहटी में **1958** में मौसमी धारा **सुखना चो** पर बाँध बनाकर बनी उपनगरीय झील।
  - **न्यायिक संदर्भ:** पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने **2020** में झील को **'जीवित विधिक इकाई'** घोषित किया (झील को कानूनी रूप से व्यक्ति जैसे अधिकार)।
- **सौज झील, उत्तर प्रदेश (रामसर स्थल क्रमांक 2603)**
  - **मैनपुरी** जिले के करहल सौज गाँव में स्थित।
  - **गंगा के बाढ़-मैदान** में स्थित उथली झील। पास में रामसर स्थल **समान पक्षी विहार,** मैनपुरी स्थित है।
- **नवीनतम रामसर स्थल:**

रामसर स्थल	अवस्थिति
सिलिसेढ़ झील	राजस्थान
कोपरा जलाशय	छत्तीसगढ़
छारी–ढांढ	गुजरात,कच्छ
पटना पक्षी अभयारण्य	उत्तर प्रदेश, एटा
शेखा झील पक्षी अभयारण्य	उत्तर प्रदेश, अलीगढ़
जयप्रकाश नारायण पक्षी अभयारण्य/सुरहाताल	उत्तर प्रदेश, बलिया
101वाँ ग्लॉव/ग्लॉव तुर्वी	अरूणाचल प्रदेश लोहित

चक्रवात अर्नब (Cyclone Arnab)

- **लैंडफॉल: 28 अक्टूबर 2026** को **आंध्र प्रदेश और यानम (पुडुचेरी)** के तट पर **काकीनाडा** के पास (बापटला और विशाखापत्तनम के बीच)।
- यह **बंगाल की खाड़ी में** बना और आंध्र प्रदेश तथा ओडिशा के तटीय क्षेत्रों को प्रभावित किया।
- **नामकरण: बांग्लादेश** द्वारा दिया गया नाम "अर्नब"।
- **श्रेणी: अत्यंत भीषण चक्रवाती तूफान**
- 2026 के उत्तर भारतीय महासागर चक्रवात सीजन का पहला नामित चक्रवात था।

ग्रीन दिवाली अभियान

- **आयोजक: केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय** के सहयोग से **WWF-इंडिया** के **EIACP कार्यक्रम केंद्र - संसाधन भागीदार (PC-RP)** ने।
- **अवधि:** 20 अक्टूबर से 8 नवंबर 2026 तक।
- अभियान नागरिकों से **पटाखों से बचने** और मिशन LiFE (पर्यावरण के लिए जीवनशैली) के अनुरूप स्वच्छ व हरित दिवाली मनाने की अपील करता है।
- **फोकस: राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP)** के अंतर्गत आने वाले **130 शहरों पर ।**
- **EIACP (पर्यावरण सूचना, जागरूकता, क्षमता निर्माण एवं आजीविका कार्यक्रम)** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की एक योजना है, जिसके केंद्र विभिन्न संस्थानों में काम करते हैं।

कमला जलविद्युत परियोजना

- **प्रस्ताव:** NHPC ने कमला जलविद्युत परियोजना के लिए **23 लाख से अधिक पेड़ काटने** हेतु **पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय** से **वन-स्वीकृति** माँगी है।
- **क्षमता : 1,720 मेगावाट** की **भंडारण-आधारित** परियोजना।
- **नदी: कमला नदी** पर, जो **सुबनसिरी** की दाहिने तट की सहायक नदी है; सुबनसिरी स्वयं **ब्रह्मपुत्र** की सहायक है।

विमानन ईंधन: जनवरी 2027 से 1% SAF अनिवार्य

- **फैसला:** भारत **जनवरी 2027** से सभी **अंतरराष्ट्रीय उड़ानों** के **विमानन टरबाइन ईंधन (ATF)** में **1% सतत विमानन ईंधन (SAF)** मिलाना **अनिवार्य** करेगा।
  - **सांकेतिक लक्ष्य:** 2028 में 2% व 2030 में 5% तक मिश्रण करना। भारत ने ये राष्ट्रीय लक्ष्य **CORSIA** के अंतर्गत स्वीकार किए हैं।
- **कार्बन ऑफसेटिंग एंड रिडक्शन स्कीम फॉर इंटरनेशनल एविएशन (CORSIA): अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (ICAO)** की योजना।
  - दो **स्वैच्छिक** चरण **(2021-2023 और 2024-2026)** थे।
  - **अनिवार्य चरण: 1 जनवरी 2027** से शुरू होगा।
- **SAF:** ऐसा विमानन ईंधन जो जीवाश्म कच्चे तेल के बजाय **प्रयुक्त खाद्य तेल, कृषि-अवशेष, गन्ने के शीरे** जैसे स्रोतों से बनता है।
  - ICAO के अनुसार अंतरराष्ट्रीय विमानन से CO_2 **उत्सर्जन** घटाने की सबसे अधिक क्षमता SAF में है।

'निर्मल सागर'

- NIRMaL Sagar: नेशनल इनिशिएटिव फॉर रेमेडिएशन ऑफ मरीन लिटर सागर।
- **19 सितम्बर 2026** को **विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश)** में समुद्री प्रदूषण से निपटने के लिए **निर्मल सागर** के **पायलट चरण** का शुभारंभ हुआ।
- **मूल घोषणा: 8 जून 2026** (विश्व महासागर दिवस) को INCOIS ने की थी।
- **क्रियान्वयन: भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (INCOIS),** हैदराबाद ने आंध्र विश्वविद्यालय और स्वैच्छिक विज्ञान संगठन **विज्ञान भारती (VIBHA)** के सहयोग से लागू किया है।
- **उद्देश्य:** हिंद महासागर क्षेत्र के लिए **प्रथम एकीकृत समुद्री कचरा ट्रैकिंग ढाँचा/प्रणाली** विकसित करना, जो समुद्री प्लास्टिक के **स्रोत, गति और संभावित जमाव क्षेत्रों** की पहचान करेगी।

खेती विरासत मिशन (पंजाब)

- सराहना: प्रधानमंत्री **मोदी** ने **25 अक्टूबर 2026** को **'मन की बात'** में इसकी **'नव-त्रिन्जन'** पहल की सराहना की।
- **नव-त्रिन्जन पहल:** इसके तहत **मालवा मैदान क्षेत्र** में बिना रसायन के **ऑर्गेनिक और प्राकृतिक रंग वाली कपास** उगाई जाती है।
- **संस्था: खेती विरासत मिशन** पंजाब के **फरीदकोट जिले (जैतो)** में स्थित **गैर-सरकारी संगठन** है।

लद्दाख

- **घोषणा:** लद्दाख के उपराज्यपाल **विनय कुमार सक्सेना** ने **25 अक्टूबर 2026** को लद्दाख को भारत का **प्रथम 100 प्रतिशत जैविक केंद्रशासित प्रदेश** घोषित किया।
- **सिक्किम जनवरी 2016** में देश का **प्रथम पूर्णत: जैविक राज्य** घोषित हुआ था।

भारत की पहली हाई-एल्टीट्यूड स्नो लेपर्ड (हिम तेंदुआ) वाइल्डलाइफ सफारी

- **शुभारंभ:** लद्दाख के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने लेह में **(7 अक्टूबर 2026)**।
- **वन क्षेत्र:** लेह का चोगलाम्सर संरक्षित वन क्षेत्र।

हिम तेंदुआ

- **वैज्ञानिक नाम:** पैंथेरा अन्शिया (Panther auncia)
- **संरक्षण स्थिति : IUCN Red List** (Vulnerable) (संवेदनशील), **वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची-1** में शामिल। **CITES** परिशिष्ट-I में।
- **संख्या:** लद्दाख में 477 हिम तेंदुए हैं, जो देश के 718 में सबसे अधिक हैं (भारत की पहली स्नो लेपर्ड **पॉपुलेशन असेसमेंट (SPAI) 2024** के अनुसार)।

फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों के लिए E85/E100 को मान्यता

- **सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH)** ने **केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989** में संशोधन अधिसूचित किया।
- **उद्देश्य: E85** और अधिक एथेनॉल वाले ईंधनों पर चलने वाले **फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों** को बढ़ावा देना है।
- **E85:** आयतन के अनुसार **85% तक एथेनॉल।**
- **E100** मुख्यत: एथेनॉल से बना ईंधन है।
- "E" एथेनॉल को और संख्या उसके अनुपात को दर्शाती है।
- **उपयोग की शर्त:**
  - E85/E100 केवल उन्हीं वाहनों में चलेगा जिन्हें निर्माताओं ने **फ्लेक्स-फ्यूल वाहन** के रूप में डिजाइन और प्रमाणित किया है।
  - E10 या E20 के अनुकूल होना E85 के लिए उपयुक्तता का प्रमाण नहीं है।

राष्ट्रीय तटीय मिशन 2.0 (NCM 2.0)

- पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री **भूपेंद्र यादव** ने **30 सितंबर 2026** को **नई दिल्ली** में NCM 2.0 के क्रियान्वयन दिशानिर्देश जारी किए।
- **उद्देश्य:** तटीय क्षेत्रों का लचीलापन और स्थिरता बढ़ाना, और **नीली अर्थव्यवस्था** को बढ़ावा देना; **एकीकृत तटीय क्षेत्र प्रबंधन योजनाएँ (ICZMP)** और **तटीय एवं समुद्री स्थानिक योजनाएँ (CMSP)** बनाना।
- **कुल परिव्यय:** रु. 767 करोड़
- **प्रकार:** केंद्रीय क्षेत्र योजना
- **अवधि:** 2025-26 से 2030-31।
- **दायरा:** सभी **9 तटीय राज्य** और **4 तटीय केंद्र शासित प्रदेश** (दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव, अंडमान एवं निकोबार, पुडुचेरी, और लक्षद्वीप)।

भारत के प्रथम 'प्रमाण'- (PRAMAAN) प्रमाणपत्र

- **29 सितंबर 2026** को **नई दिल्ली** में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री **भूपेंद्र यादव** ने **भारतीय वन एवं लकड़ी प्रमाणन योजना (IFWCS)** के तहत भारत के प्रथम **'प्रमाण' प्रमाणपत्र सौंपे।**
- **प्रथम प्राप्तकर्ता:**
  - **आंध्र प्रदेश वन विकास निगम (APFDC): 33,000 हेक्टेयर** बागानों के लिए (प्रथम संस्थागत प्रमाणपत्र)।
  - **गोविंद महापात्र:** ओडिशा बाँस विकास एजेंसी (OBDA) से जुड़े **ओडिशा के बाँस किसान** (प्रथम लघु-धारक प्रमाणपत्र)।
- **आयोजक व संचालन एजेंसी: भारतीय वन प्रबंधन संस्थान (IIFM), भोपाल।**
- **PRAMAAN का पूरा नाम:** प्रोग्राम फॉर रिकग्निशन एंड एक्रेडिटेशन ऑफ सस्टेनेबल मैनेजमेंट प्रैक्टिसेज फॉर एग्रोफॉरेस्ट्री एंड नेचुरल फॉरेस्ट्री रिसोर्सेज।

गुनेरी अंतर्देशीय मैंग्रोव, गुजरात

- **13 सितंबर 2026** को **भुज, कच्छ (गुजरात)** में मैंग्रोव संरक्षण, पुनर्स्थापना और सतत प्रबंधन पर कार्यशाला हुई ।
- केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने **गुनेरी अंतर्देशीय मैंग्रोव ग्राम जैव विविधता प्रबंधन** समिति को सम्मानित किया है।
- गुनेरी भारत का अंतिम **शेष अंतर्देशीय (Inland) मैंग्रोव** स्थल है; यह एक दुर्लभ पारितंत्र है और दुनिया में केवल 8 ऐसे स्थलों में से एक है।
- इसे **जनवरी 2025 में गुजरात का प्रथम जैव विविधता विरासत स्थल** घोषित किया गया था।

इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस (IBCA) का नया मुख्यालय

- **उद्घाटनकर्ता:** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री **भूपेंद्र यादव** ने 12 अक्टूबर 2026, को नई दिल्ली में।
- **उद्देश्य: 7 प्रमुख बिग कैट्स** का वैश्विक संरक्षण।

IBCA के बारे में

- यह भारत की पहल पर स्थापित **संधि-आधारित अंतर-सरकारी संगठन** है।
- **9 अप्रैल 2023: प्रोजेक्ट टाइगर** के 50 वर्ष पूरे होने पर **मैसूरु (कर्नाटक)** में प्रधानमंत्री ने IBCA का **शुभारंभ** किया। इसमें **95 बिग कैट रेंज देश,** रुचि रखने वाले गैर-रेंज देश, संरक्षण साझेदार, वैज्ञानिक संगठन और कॉर्पोरेट समूह शामिल हो सकते हैं।
  - भारत सरकार ने 2023-24 से **2027-28** तक ₹150 करोड़ की प्रारंभिक सहायता दी है।
- **सदस्य:** अक्टूबर 2026 तक 30 देश सदस्य, 5 देश पर्यवेक्षक हैं।
- **सात बड़ी बिल्लियों की प्रजातियाँ:** बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, चीता, जगुआर और प्यूमा।

राष्ट्रीय सम्मेलन/बैठकें

शिल्प समागम मेला 2026

संस्करण	स्थान	तिथियां
पहला	दशहरा प्रदर्शनी मैदान, मैसूर, कर्नाटक	11-19 अक्टूबर 2026
दूसरा	फार्म गेट, खानापारा, गुवाहाटी	21-28 अक्टूबर 2026
तीसरा विषय : " प्रकाश और परंपरा – ज्योति से ज्योति जलाएँ"	दिल्ली हाट, IsNA, नई दिल्ली	1-15 नवंबर 2026

- **आयोजक :** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
- **उद्देश्य :** पारंपरिक कारीगरों के लिए बाजार तक पहुँच, उद्यमिता और टिकाऊ आजीविका के अवसर प्रदान करना।
- **पहलें:**
  - **भारत ट्यूलिप:** पारंपरिक कारीगरों का उत्थान आजीविका कार्यक्रम-लक्षित समूह के कारीगरों द्वारा बनाए गए उत्पादों को भारत और विदेशों में भौतिक बिक्री केंद्रों तथा ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से बढ़ावा देता है।
  - **पर्पल फेस्ट:** दिव्यांगजनों की रचनात्मकता, प्रतिभा, भागीदारी और समावेशन को बढ़ावा देता है।

5वाँ कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन (KEC) 2026

- **आयोजन:** 3-5 अक्टूबर 2026, नई दिल्ली
- **उद्घाटनकर्ता:** उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन

- **विषय:** "परिवर्तनशील दौर में लचीलापन"
- **आयोजक:** इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक ग्रोथ (IEG), भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के साथ साझेदारी में।

"जनजातीय समुदायों के संवैधानिक अधिकार और कानूनी प्रावधान" पर राष्ट्रीय सम्मेलन

- **आयोजन:** 6 से 7 अक्टूबर 2026, नई दिल्ली
- **उद्घाटनकर्त्ता:** जुएल ओराम, माननीय केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री।
- **उद्देश्य:** विभिन्न राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के जनजातीय कल्याण और राजस्व विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को एक साथ लाना, ताकि संवैधानिक अधिकारों का लाभ उठाने में जनजातीय समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया जा सके।

ESTIC (उभरते विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सम्मेलन) 2026

- **आयोजन:** 27-29 अक्टूबर को भारत मंडपम, नई दिल्ली में।
- **विषय:** सृजनात्मक मस्तिष्क, विज्ञान को उत्प्रेरित करना और प्रौद्योगिकियों को सशक्त बनाना।
- **आयोजक:** वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR)
- **सहयोगी:** CSIR-राष्ट्रीय अंतर्विषयी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (NIIST)
- **उद्देश्य:** शिक्षा जगत, उद्योग और सरकार के बीच सहयोग को बढ़ावा देना। वैज्ञानिक खोजों को प्रयोगशालाओं से व्यावसायिक अनुप्रयोगों तक पहुँचाने की प्रक्रिया (लैब-टू-मार्केट) में तेजी लाना।
- **दो महत्वपूर्ण दस्तावेज जारी किए गए:**
  1. ESTIC 2026 के लिए राष्ट्रीय विजन दस्तावेज (National Vision Document for ESTIC 2026)-विकसित भारत 2047 के अनुरूप, 12 विषयगत क्षेत्रों में 12 मंत्रालयों/विभागों की दीर्घकालिक विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार (STI) संबंधी प्राथमिकताओं को एकीकृत करता है।
  2. **भारत:** विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार आउटलुक 2026 (India: Science, Technology and Innovation Outlook 2026)

8वाँ विंडर्जी इंडिया 2026

- **आयोजन:** 7-9 अक्टूबर, चेन्नई
- **उद्घाटन:** केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी।
- **आयोजक:** इंडियन विंड टर्बाइन मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (IWTMA) और PDA वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड, MNRE और MoP के सहयोग से।
- **उद्देश्य:** भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एकजुट प्रतिबद्धता को रेखांकित करना।

14वाँ इंडिया केम 2026

- **आयोजन:** 22 से 24 अक्टूबर, मुंबई
- **उद्घाटन:** केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल।
- **विषय:** "एडवांटेज भारत: एक उभरता वैश्विक केंद्र"
- **उद्देश्य:** वैश्विक साझेदारी को मजबूत करना, तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देना और रसायन व पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में निवेश आकर्षित करना है।

10वाँ इंडिया मोबाइल कांग्रेस

- **आयोजन:** 7-10 अक्टूबर, यशोभूमि (इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर), नई दिल्ली।
- **विषय:** "सीमाओं से परे विस्तार"
- **उद्घाटनकर्ता:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी
- **आयोजक:** दूरसंचार विभाग (DoT) और सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (COAI) द्वारा संयुक्त रूप से।
- **उद्देश्य:** भारत के डिजिटल परिवर्तन के अगले चरण को आकार देने के लिए 100 से अधिक देशों के वैश्विक प्रौद्योगिकी नेताओं, नवप्रवर्तकों, स्टार्टअप और नीति-निर्माताओं को एक मंच पर लाना।
- **नोट: IMC 2026 के चार प्रमुख स्तंभ** -
  1. सृष्टि: भविष्य का निर्माण।
  2. संवर्धन: विकास को गति देना।
  3. सशक्त: अवसरों का विस्तार।
  4. सुरक्षा: विश्वास को मजबूत करना।

तीसरा अंतरराष्ट्रीय भारत 6G संगोष्ठी 2026 (7-9 अक्टूबर)

- **आयोजक:** भारत मोबाइल कांग्रेस 2026 के साथ भारत 6G एलायंस (B6GA) द्वारा आयोजित।
- **प्रमुख परिणाम:** GSMA, one6G, GTI Alliance, 6G Innovation Forum (6G IF) Taiwan और VOICE के साथ पाँच नए समझौता ज्ञापनों (MoUs) का आदान-प्रदान, जिससे अंतरराष्ट्रीय सहयोग, संयुक्त अनुसंधान, परीक्षण और ज्ञान के आदान-प्रदान के अवसर मजबूत हुए।

महिला एवं बाल विकास विभागीय शिखर सम्मेलन

- **आयोजन:** 8-9 अक्टूबर 2026, नई दिल्ली में।
- **आयोजक:** भारत सरकार का महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
- **समापन सत्र:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया।
- **उद्देश्य:** पोषण, बाल संरक्षण, महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण से जुड़ी प्रमुख प्राथमिकताओं पर विचार-विमर्श के लिए केंद्र और राज्यों को एक साथ लाना।

ब्रिक्स थिएटर महोत्सव

- **आयोजन:** 12 से 14 अक्टूबर 2026, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (NSD), नई दिल्ली में।
- **आयोजक:** भारत सरकार का संस्कृति मंत्रालय।
- **विषय:** 'साझा कहानियाँ, साझा भविष्य'।
- **उद्देश्य:** नाट्य उत्कृष्टता का प्रदर्शन करना और ब्रिक्स सहयोग के व्यापक उद्देश्यों के अनुरूप सांस्कृतिक संवाद, पेशेवर आदान-प्रदान तथा लोगों के बीच संपर्क का मंच प्रदान करना।
- **भाग लेने वाले देश:** भारत, थाईलैंड, इंडोनेशिया, रूस, ईरान, वियतनाम, दक्षिण अफ्रीका, कजाकिस्तान और इथियोपिया।

8वाँ ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम (BNEF)

कार्यक्रम	13-15 अक्टूबर, 2026 नई दिल्ली, भारत
महत्व	पहली बार इस फोरम की मेजबानी भारत में की गई।
विषय	"A World in Play: Defining the New Levers of Power"
उद्देश्य	अर्थव्यवस्था, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा वैश्विक मामले और वैश्विक शक्ति के उभरते स्त्रोत
प्रतिभागी	प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी माइकल आर.ब्लूमबर्ग तथा वैश्विक राजनीतिक, व्यावसायिक और नीति-निर्माण क्षेत्र के नेता

कौमारभृत्य (आयुर्वेदिक बाल चिकित्सा) पर तीसरा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन - कौमाराकॉन-2026

- **उद्घाटनकर्ता:** भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने 15 अक्टूबर को अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (AIIA), नई दिल्ली में।
- **विषय:** "बाल स्वास्थ्य का भविष्य गढ़ना: **कौमारभृत्य** में वैश्विक दृष्टिकोण, अनुसंधान नवाचार और नैदानिक सीमाएं"।
- **परिणाम:**
  - उपराष्ट्रपति ने आयुष स्टार्ट-अप पोर्टल, AIIA-iCAINE वेबसाइट और आयुर्वेद **डिजिटल इनोवेशन एंड वेंचर एक्सेलेरेशन फैसिलिटी (AyuDIVA)** का उद्घाटन किया। **वमन ऐप** और **पंचकर्म आकलन ऐप** भी लॉन्च किए।
  - महर्षि इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी (MIU), अमेरिका और AIIA, नई दिल्ली के बीच एक अंतरराष्ट्रीय समझौता ज्ञापन (MoU) का भी आदान-प्रदान किया गया।

ई-गवर्नेंस सुधारों पर राष्ट्रीय सम्मेलन

- **आयोजन:** 16-17 अक्टूबर 2026, धर्मशाला, कांगड़ा जिला, हिमाचल प्रदेश।
- **आयोजक:** प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (DARPG), कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, हिमाचल प्रदेश सरकार के सहयोग से।

हिमाचल प्रदेश द्वारा प्रदर्शित पहलें:

- हिम परिवार - डिजिटल परिवार डेटाबेस एवं सेवा वितरण पहल।
- सुख आश्रय - अनाथ एवं कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए सहायता एवं कल्याणकारी पहल।
- विद्या समीक्षा केंद्र - शिक्षा की डेटा-आधारित निगरानी।
- ग्रीन हिमाचल -पर्यावरणीय स्थिरता से संबंधित पहल।
- राजीव गांधी वन संवर्धन योजना -वन संरक्षण एवं पुनर्स्थापन पहल।

विधिक माप विज्ञान पर अंतरराष्ट्रीय समिति की 61वीं बैठक (भारत में पहली बार)

- **आयोजन:** 26 से 28 अक्टूबर 2026 तक नई दिल्ली में।
- **आयोजक:** भारत सरकार का उपभोक्ता मामले विभाग, अंतरराष्ट्रीय विधिक माप विज्ञान संगठन (OIML) के सहयोग से।

'सहकारी संघवाद और कानून सुधार: राष्ट्रीय एवं राज्य परिप्रेक्ष्य' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन

- **आयोजन:** 22 अक्टूबर 2026 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में
- **उद्घाटनकर्ता:** भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन
- **आयोजक:** अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) दिनेश माहेश्वरी के नेतृत्व में भारत का 23वाँ विधि आयोग।

मत्स्य निवेशक एवं निर्यातक सम्मेलन 2026

- **आयोजन:** 23 अक्टूबर 2026 को भोपाल, मध्य प्रदेश में

- **आयोजक:** मध्य प्रदेश सरकार का मत्स्य विभाग तथा भारत सरकार के मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय (MoFAHD) का मत्स्य विभाग।
- **उद्देश्य:** अंतर्देशीय मत्स्य उत्पादन और निवेश, प्रसंस्करण, कोल्ड-चेन अवसंरचना, मूल्य संवर्धन तथा निर्यात बाजारों के बीच संबंधों को मजबूत करना।

सरकारी रेलवे पुलिस (GRP) प्रमुखों का 8वाँ अखिल भारतीय सम्मेलन

- **आयोजन:** 23 अक्टूबर 2026, नई दिल्ली
- **आयोजक:** रेलवे सुरक्षा बल (RPF)
- **उद्देश्य:** उभरती सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा करना, सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को साझा करना तथा RPF, GRP और राज्य पुलिस के बीच समन्वय को मजबूत करना।
- **परिणाम:**
  - GRP कर्मियों को RailMadad प्लेटफॉर्म पर शामिल किया गया।
  - दक्षिण मध्य रेलवे के SHAKTI फ्रेमवर्क "पिंक पेट्रोल: आसमान में निगाहें, जमीन पर SHAKTI¸ पर विचार-विमर्श।
  - DISHA (Dedicated Initiative for Safety, Harmony & Awareness) को रेखांकित किया गया। यह मध्य रेलवे के पुणे मंडल की पहल है, जिसका उद्देश्य रेलवे पटरियों के पास रहने वाले बच्चों को शैक्षिक और मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से जोड़ना है।

विश्व खाद्य पुरस्कार फाउंडेशन संगोष्ठी 2026

- **आयोजन:** 20-22 अक्टूबर, आयोवा, अमेरिका में।
- **भारत की भागीदारी:**
  - राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी (NAAS), नई दिल्ली ने भारत की कृषि अनुसंधान उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया।
  - NAAS-YUVA चयन अभियान के माध्यम से चुने गए भारत के विभिन्न हिस्सों के सात हाई स्कूल विद्यार्थियों ने GYI (ग्लोबल यूथ इंस्टीट्यूट) कार्यक्रम में भाग लिया।
- **परिणाम:**
  - NAAS और अमेरिका की काउंसिल फॉर एग्रीकल्चरल साइंस एंड टेक्नोलॉजी (CAST) के बीच समझौता ज्ञापन (MoU)।
  - **अमीना नाजरीन ए. एस.** ने 500 अमेरिकी डॉलर का GYI पुरस्कार जीता।

19वाँ शहरी गतिशीलता भारत सम्मेलन एवं प्रदर्शनी 2026

- **आयोजन:** 23-24 अक्टूबर को भुवनेश्वर, ओडिशा में
- **आयोजक:** भारत सरकार का आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (MoHUA), इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन ट्रांसपोर्ट (भारत) और ओडिशा सरकार के साथ।
- **विषय:** 'डिजिटल युग में शहरी पहुँच और रहने की सुगमता'

दूसरा राष्ट्रीय शहरी सम्मेलन 2026

- **आयोजन:** 24-25 अक्टूबर 2026 को भुवनेश्वर, ओडिशा में
- **आयोजक:** आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय तथा राष्ट्रीय शहरी कार्य संस्थान
- **विषय:** "शहरी उत्थान - शहरी प्रणालियों, समाधानों और सेवा-प्रदाय पर पुनर्विचार"।
- **परिणाम:**
  - HUDCO द्वारा अर्बन इन्वेस्ट विंडो (UiWIN) जर्नल का विमोचन।
  - **CPHEEO के लिए समर्थ्य प्लेटफॉर्म:** ठोस अपशिष्ट/प्रयुक्त जल/जल क्षेत्र में ज्ञान प्रबंधन और क्षमता निर्माण के लिए एकीकृत पोर्टल।
  - **अंकुर पुस्तिका:** अटल नेटवर्क फॉर नॉलेज, अर्बनाइजेशन एंड रिफॉर्म (ANKUR) की प्रगति और उपलब्धियों को प्रस्तुत करती है।
  - **ई-पुस्तक: मेरा घर मेरा अभिमान:** प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (PMAY-U) के लाभार्थियों के विचारों और अनुभवों का संकलन।
  - **PMAY-U 2.0 मोबाइल एप्लिकेशन** का ई-लोकार्पण।
  - जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (JICA) और केंद्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं पर्यावरण अभियांत्रिकी संगठन (CPHEEO) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

7वाँ एग्रीवोल्टाइक्स विश्व सम्मेलन 2026

- **आयोजन:** 21-23 अक्टूबर को भारत मंडपम, नई दिल्ली।
- **आयोजक:** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा आयोजित, जर्मनी के संघीय पर्यावरण, जलवायु कार्रवाई, प्रकृति संरक्षण और परमाणु सुरक्षा मंत्रालय के सहयोग से।
- **विषय:** "वैश्विक दक्षिण को ऊर्जा प्रदान करना"।
- **परिणाम:**
  - **तीन ज्ञान-संसाधन लॉन्च किए गए:** इंडिया एग्रीवोल्टाइक्स एलायंस (IAA) द्वारा विकसित निर्णय-निर्माण टूल,

इंटरनेशनल वाटर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट (IWMI) द्वारा विकसित शोध-सार संग्रह और MNRE की एग्री PV नीति पुस्तिका।

दूसरा ARISE सिटीज फोरम 2026

- **आयोजन:** 27-28 अक्टूबर को इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली।
- **विषय:** भारत से अंताल्या तक-प्रतिबद्धता, कार्यान्वयन और परिणाम।
- **आयोजक:** ICLEI साउथ एशिया।
- **सहयोगी संस्थान:** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स ।
- **समर्थन:** आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार।
- **उद्देश्य:** ग्लोबल साउथ के शहरों की आवाज को अंतरराष्ट्रीय जलवायु शासन में शामिल करना और स्थानीय स्तर पर संचालित जलवायु समाधानों को बढ़ावा देना।

29वीं ऊर्जा प्रौद्योगिकी बैठक (ETM) 2026-गोवा

- **अवधि:** 27-29 अक्टूबर 2026 (तीन दिन)।
- **विषय:** ऊर्जा नवाचार को गति देना: अनुसंधान से व्यावसायीकरण तक।
- **आयोजक:** सेंटर फॉर हाई टेक्नोलॉजी (CHT)।
- **सह-आयोजक:** हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (HPCL)।
- **उद्देश्य:** नीति-निर्माताओं, शोधकर्ताओं, ऊर्जा कंपनियों, स्टार्ट-अप और प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों के लिए स्वदेशी ऊर्जा प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने तथा उनके वाणिज्यिक उपयोग को गति देने हेतु एक मंच प्रदान करना।
- ETM 2026 में प्रदान किए गए पुरस्कार। इस आयोजन में रिफाइनरी प्रदर्शन एवं नवाचार पुरस्कार 2025-26 के माध्यम से रिफाइनरी के प्रदर्शन और तकनीकी नवाचार को भी सम्मानित किया गया।

पुरस्कार श्रेणी	पुरस्कार विजेता
सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली रिफाइनरी (3 MMTPA से अधिक)	रिलायंस इंडस्ट्रीज–SEZ रिफाइनरी
सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली रिफाइनरी (3 MMTPA तक)	इंडियन ऑयल–गुवाहाटी रिफाइनरी

PMAY-G के अंतर्गत क्षेत्रीय ग्रामीण कार्यशाला, लखनऊ

- **आयोजन:** 27-28 अक्टूबर, ग्रामीण विकास मंत्रालय।
- **प्रतिभागी:** नौ राज्यों-उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, पंजाब, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल- के लगभग 150 अधिकारी।
- **लक्ष्य:** PMAY-G का लक्ष्य मार्च 2029 तक 4.95 करोड़ ग्रामीण आवास उपलब्ध कराना है।

12वाँ सुजल ग्राम संवाद

- **आयोजन:** 28 अक्टूबर 2026 के अंतर्गत: पेयजल एवं स्वच्छता विभाग (DDWS), जल शक्ति मंत्रालय।
- **मुख्य ध्यान:** स्थानीय स्वामित्व, संचालन एवं रखरखाव (O-M) तथा जल स्रोतों की स्थिरता।
- **भागीदार:** हिमाचल प्रदेश, झारखंड, दादरा एवं नगर हवेली, मिजोरम तथा नागालैंड।

19वाँ सिंगापुर अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा सप्ताह 2026

- **आयोजन:** 26-30 अक्टूबर को मरीना बे सैंड्स, सिंगापुर में।
- **विषय:** ऊर्जा प्रणालियों को जोड़ना, भविष्य को ऊर्जा प्रदान करना।
- **भारतीय प्रतिनिधिमंडल:** विद्युत तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपाद येसो नाइक के नेतृत्व में।

14वाँ अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मार्ट

- **आयोजन:** 29-31 अक्टूबर 2026 को तवांग में।
- **आयोजक:** पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार। अरुणाचल प्रदेश सरकार और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों के सहयोग से।
- **उद्देश्य:** पूर्वोत्तर के आठ राज्यों की पर्यटन क्षमता को प्रदर्शित करना। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन बाजारों में इस क्षेत्र को बढ़ावा देना।

पुरस्कार

प्रथम भारत रत्न भूपेन हजारिका राष्ट्रीय पुरस्कार 2026

- **प्राप्तकर्ता :** उषा मंगेशकर (23 अक्टूबर 2026 को घोषित)
- **पुरस्कार घटक:** ₹10 लाख + प्रशस्ति-पत्र; हर 3 वर्ष में एक बार
- **पुरस्कार समारोह:** 29 नवंबर 2026 - प्रधानमंत्री मोदी द्वारा, भारत मंडपम, नई दिल्ली हजारिका की वर्ष भर चलने वाली जन्म शताब्दी के समापन समारोह में।

नोबेल पुरस्कार 2026

संस्थापक	अल्फ्रेड नोबेल (1833–1896), स्वीडिश आविष्कारक (डायनामाइट का आविष्कार), इंजीनियर और उद्योगपति।
पहली बार प्रदान किया गया	1901
श्रेणियाँ (मूल)	पाँच श्रेणियाँ–भौतिकी, रसायन विज्ञान, शरीर क्रिया विज्ञान या चिकित्सा, साहित्य और शांति
अर्थशास्त्र पुरस्कार	स्वेरिगेस रिक्सबैंक द्वारा 1968 में स्थापितः पहली बार 1969 में प्रदान किया गया।
वर्तमान में कुल श्रेणियाँ	छह, जिनमें आर्थिक विज्ञान शामिल है।
पुरस्कार समारोह	अल्फ्रेड नोबेल की पुण्यतिथि 10 दिसंबर को (घोषणा अक्टूबर में)।
समारोह स्थल	**स्टॉकहोम,** स्वीडन, **शांति को छोड़कर सभी** श्रेणियों के लिए। **शांति पुरस्कार समारोह ओस्लो में**, नॉर्वे।
पुरस्कार के घटक	पदक, व्यक्तिगत डिप्लोमा और पुरस्कार राशि।
अधिकतम प्राप्तकर्ता	एक पुरस्कार को अधिकतम तीन व्यक्ति साझा कर सकते हैंः शांति पुरस्कार किसी संगठन को भी दिया जा सकता है।

श्रेणी	2026 के पुरस्कार विजेता	प्रमुख योगदान
शरीर क्रिया विज्ञान या चिकित्सा	कार्ल डाइसेरोथ, पीटर हेगेमैन और जॉर्ज नागेल	प्रकाश–नियंत्रित आयन चौनलों से संबंधित खोजें तथा **ऑप्टोजेनेटिक्स** का विकास।
भौतिकी	फ्रांसिस हैल्ज़ेन	**आइसक्यूब न्यूट्रिनो वेधशाला** में निर्णायक योगदान तथा खगोल–भौतिकीय मूल के उच्च–ऊर्जा न्यूट्रिनो की खोज।
रसायन विज्ञान	हेनरी बी. कागन और केन्सो सोई	**असममित संश्लेषण** तथा अणुओं को किसी विशेष दर्पण–प्रतिबिंब रूप में तैयार करने पर शोध।
साहित्य	ऐनी कार्सन	**कनाडाई** कवयित्री, निबंधकार और अनुवादक।
शांति	नवनेथम नवी पिल्लै	**युद्ध अपराधों, मानवता के विरुद्ध अपराधों और नरसंहार** के संदर्भ में अंतरराष्ट्रीय न्याय एवं जवाबदेही को आगे बढ़ाने का कार्य।
आर्थिक विज्ञान	रॉबर्ट ई. हॉल और माइकल वुडफोर्ड	**वृहद आर्थिक स्थिरीकरण** की सूक्ष्म आर्थिक आधारशिला के लिए

रामानुजन पुरस्कार 2026

विजेता: महेश काकडे, भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु में प्रोफेसर, बीजगणितीय संख्या सिद्धांत में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए।

♦ विकासशील देशों के युवा गणितज्ञों के लिए रामानुजन पुरस्कार वर्ष 2005 से प्रतिवर्ष प्रदान किया जा रहा है और इसका संचालन संयुक्त रूप से ICTP (इंटरनेशनल सेंटर फॉर थ्योरेटिकल फिजिक्स) तथा IMU (इंटरनेशनल मैथमेटिकल यूनियन) द्वारा किया जाता है। यह सामान्यतः एक व्यक्ति को दिया जाता है, किंतु एक ही शोध –कार्य में योगदान देने वाले प्राप्तकर्ताओं के बीच इसे बराबर बाँटा भी जा सकता है। यह पुरस्कार विकासशील देश के ऐसे शोधकर्ता को दिया जाता है जिसकी आयु 45 वर्ष से कम हो। गणितीय विज्ञान की किसी भी शाखा में कार्यरत शोधकर्ता पात्र हैं। पुरस्कार में $10,000 की नकद राशि दी जाती है।

11 वाँ संत ईश्वर सम्मान–2026

- **आयोजकः** संत ईश्वर फाउंडेशन और राष्ट्रीय सेवा भारती।
- **मुख्य अतिथिः** उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन।

श्रेणी	पुरस्कार प्राप्तकर्त्ता
संत ईश्वर विशेष सम्मान	• कैप्टन स्मित मछार • ऑपरेशन दृष्टि – भारतीय सेना, जिसका प्रतिनिधित्व ब्रिगेडियर एस. के. मिश्रा ने किया।
संत ईश्वर विशिष्ट सेवा सम्मान	• मिलिंद मधुसूदन जोशी • यहामोगी आदिवासी बहुउद्देशीय विकास संस्था • सरबजीत कौर संधू • बाबा सत्यनारायण मौर्य
संत ईश्वर सेवा सम्मान	**12 प्राप्तकर्त्ता**

पहला भारत लाइफ साइंसेज अवार्ड इनोवेशन समिट 2026

- **समारोह:** 1 अक्टूबर 2026, विज्ञान भवन, नई दिल्ली।
- **आयोजक:** FICCI, एली लिली एंड कंपनी (इंडिया) की साझेदारी में।
- सम्मान और गौरव श्रेणियों में कुल छह सम्मानों की घोषणा की गई।
    - ♦ सम्मान श्रेणी – अनुदान पुरस्कार

पुरस्कार	प्राप्तकर्ता	उद्देश्य
रामानुजन आरोग्य उड़ान सम्मान	डॉ. वामसी मल्लाजोस्युला, नेशनल सेंटर फॉर बायोलॉजिकल साइंसेज (NCBS),TIFR	युवा वैज्ञानिक पुरस्कार
चरक आरोग्य सम्मान	पैसिफाई मेडिकल टेक्नोलॉजीज	रोगियों की अपूर्ण आवश्यकताओं के लिए नवाचार
सुश्रुत आरोग्य सम्मान	भारत सीरम्स एंड वैक्सीन्स	अनुवादात्मक एवं नैदानिक प्रगति
नालंदा आरोग्य विज्ञान सम्मान	BRIC–नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बायोमेडिकल जीनोमिक्स	संस्थागत वैज्ञानिक उत्कृष्टता

- **नोट:**
    - ♦ कुल अनुदान सहायता: ₹7 करोड़।
    - ♦ प्रत्येक सम्मान विजेता को ₹1.5 करोड़ की अनुदान सहायता प्राप्त हुई। डॉ. भारती भाटिया (THSTI) और एल.वी. प्रसाद आई इंस्टीट्यूट क्रमश: रामानुजन और नालंदा श्रेणियों में उपविजेता रहे, जिनमें से प्रत्येक को ₹50 लाख प्राप्त हुए।
    - ♦ **गौरव श्रेणी – मान्यता पुरस्कार**

पुरस्कार	प्राप्तकर्ता	उद्देश्य
जीवक आरोग्य नवप्रवर्तन गौरव	साइवर्स सॉल्यूशंस	स्वास्थ्य सेवा/लाइफ साइंसेज में स्टार्टअप एवं शैक्षणिक नवाचार
साराभाई आरोग्य दृष्टि गौरव	डॉ. रत्नेश जैन, इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी (ICT),मुंबई बायोक्ल स्टर	भारत में वैज्ञानिक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा

♦ 2015 से संत ईश्वर सम्मान ऐसे सौ से अधिक उत्कृष्ट व्यक्तियों और संगठनों को प्रदान किया जा चुका है, जिनके समर्पण ने हमारे समाज, भारत और विश्व को मानव विकास की कुछ सबसे चुनौतीपूर्ण समस्याओं के सफल समाधान दिए हैं।

ऑस्कर क्लेन पदक 2026

- **विजेता: अशोक सेन,** स्ट्रिंग सिद्धांत,S–द्वैत, ब्लैक–होल एंट्रॉपी और स्ट्रिंग फील्ड सिद्धांत में अग्रणी योगदान के लिए।
- **घोषणा:** 22 अक्टूबर 2026
- **विशिष्टता:** यह पदक प्राप्त करने वाले पहले भारतीय भौतिक विज्ञानी।
- **संस्थान:** इंटरनेशनल सेंटर फॉर थ्योरेटिकल साइंसेज (ICTS–TIFR), बेंगलुरु।

ग्लोबल फाइनेंस द्वारा विश्व का सर्वश्रेष्ठ कंज्यूमर बैंक 2026

- **विजेता:** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, लगातार दूसरे वर्ष; साथ ही इसे भारत का सर्वश्रेष्ठ बैंक 2026 भी घोषित किया गया।
- **प्रदानकर्ता:** न्यूयॉर्क स्थित पत्रिका ग्लोबल फाइनेंस
  SBI अध्यक्ष– चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी (28 अगस्त 2024 से)

- **2026 के अन्य विजेता**– विश्व का सर्वश्रेष्ठ बैंक - सैंटेंडर (स्पेन); सर्वश्रेष्ठ कॉरपोरेट बैंक-DBS (सिंगापुर)

28वाँ चार्ल्स कोरिया स्वर्ण पदक

- **प्रदानकर्त्ता:** चार्ल्स कोरिया फाउंडेशन (CCF) द्वारा मुंबई में 22 अक्टूबर 2026 को
- **विजेता:** राधाकृष्णन एम.एस, कोच्चि का एक वास्तुकला छात्र।
- **पुरस्कार** : स्वर्ण पदक और रु. 25,000।
- **2025–27 की थीम:** 'डिजाइन के माध्यम से समता'।

हिलेरी रोडम क्लिंटन पुरस्कार 2026

- **प्रदानकर्ता:** जॉर्जटाउन इंस्टीट्यूट फॉर वीमेन, पीस एंड सिक्योरिटी (GIWPS) द्वारा जॉर्जटाउन में 15 अक्टूबर को आयोजित वार्षिक पुरस्कार समारोह में।
- **उद्देश्य:** महिलाओं के लिए आर्थिक अवसरों को आगे बढ़ाने वाले नेताओं को सम्मानित करना।
- **विजेता:**
  - नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस,
  - डिजाइनर और परोपकारी टोरी बर्च,
  - रीमा नानावटी, सेल्फ-एम्प्लॉयड वीमेंस एसोसिएशन (SEWA) की निदेशक।

अभियान/पर्व/ऑपरेशन

ऑपरेशन डीप मैनिफेस्ट

- **आयोजन:** 11 सितंबर से 22 अक्टूबर 2026 तक राजस्व आसूचना/खुफिया निदेशालय (DRI) द्वारा।
- **उद्देश्य:** पाकिस्तान में उत्पन्न या वहां से निर्यात की गई वस्तुओं के आयात पर भारत के प्रतिबंध से बचने के प्रयासों का पर्दाफाश करना।

नुआखाई पर्व/नौखाई पर्व

- पश्चिमी ओडिशा का एक प्रमुख फसल कटाई पर्व, जिसे नई काटी गई धान की फसल का पहली बार सेवन करने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
- भारत की राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने इस अवसर पर (22 अक्टूबर, 2026 को) छत्तीसगढ़ के रायपुर में 'सेवा सम्मान पर्व' और 'युवा प्रबोधन' कार्यक्रमों की शोभा बढ़ाई।

बथुकम्मा पर्व

- तेलंगाना का राज्य पर्व।
- मुख्य रूप से महिलाओं द्वारा मनाया जाने वाला नौ दिवसीय पुष्पोत्सव। इस वर्ष इसका आयोजन 10–18 अक्टूबर 2026 के बीच हुआ।

संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) के 100 वर्ष

- प्रधानमंत्री **नरेन्द्र मोदी** ने **भारत मंडपम, नई दिल्ली** में आयोजित **शताब्दी समारोह** में भाग लिया।
- यह कार्यक्रम **1 अक्टूबर 2025** से प्रारंभ हुए वर्षभर के समारोहों का समापन था।
- **1 अक्टूबर 2026** को संघ लोक सेवा आयोग ने अपनी स्थापना के **100 वर्ष** पूर्ण किए।
- **स्थापना वर्ष:** 1926 (भारत शासन अधिनियम, 1919 के अन्तर्गत)
- **शताब्दी वर्ष:** 1 अक्टूबर 2025– 1 अक्टूबर 2026।
- **प्रधानमंत्री द्वारा जारी:**
  (i) UPSC शताब्दी स्मारक सिक्का,
  (ii) स्मारक डाक टिकट,
  (iii) **पुस्तक '100 Landmark Judgements – Shaping the Policies of UPSC and Public Service Commissions in India"।**

महत्त्वपूर्ण वन लाइनर

- **CCO की सुविकल्प (SUVIKALP) पहल** सतत खदान पुनर्उपयोग को आगे बढ़ा रही है और उसे **स्कॉच गोल्ड अवार्ड 2026** (श्रेणी 'डिजिटल ऑपरेशनल एफिशिएंसी-डेटा ड्रिवन डिसीजन मेकिंग') प्राप्त हुआ है। सुविकल्प (SUVIKALP) एक इन-हाउस खदान पुनर्उपयोग उपकरण है, जो हितधारकों को संरचित और डेटा-आधारित निर्णय प्रक्रिया के माध्यम से उपयुक्त खदान पुनर्उपयोग परियोजनाओं के चयन में सहायता करता है। उपयुक्त परियोजना की पहचान हो जाने के बाद, उपयोगकर्ता **PRISM** (पोस्ट-माइनिंग रीपर्पजिंग इम्प्लीमेंटेशन स्ट्रैटेजी मॉडल) के माध्यम से क्रियान्वयन के मार्ग तलाश सकते हैं।
- SBI को ग्लोबल फाइनेंस द्वारा लगातार दूसरे वर्ष **विश्व के सर्वश्रेष्ठ उपभोक्ता बैंक 2026 पुरस्कार** से सम्मानित किया गया है।

- ब्रिटिश फोटोग्राफर ऑस्कर व्हिटफील्ड ने **यंग वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर ऑफ द ईयर अवार्ड 2026** जीता।
- **स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान** के अंतर्गत विभिन्न विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों और मंत्रालयों द्वारा शुरू की गई राष्ट्रव्यापी श्रमदान पहल **'एक दिन, एक घंटा, एक साथ'।**
- रक्षा सचिव ने विशेष अभियान 6 के अंतर्गत नई दिल्ली स्थित सेना भवन में **हिंदी पुस्तकालय 'ज्ञानदीप'** का उद्घाटन किया।
- **महापर्व क्षमापना समारोह** (जैन समारोह) का उद्घाटन उपराष्ट्रपति **श्री सी. पी. राधाकृष्णन** ने 4 अक्टूबर को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में किया।
- राष्ट्रीय चिकित्सा पुस्तकालय ने 9 अक्टूबर को **5वें ERMED (मेडिसिन में इलेक्ट्रॉनिक संसाधन) कंसोर्टियम** तथा 'डिजिटल स्वास्थ्य संसाधन: पुस्तकालयों के माध्यम से पहुंच की पुनर्परिभाषा' विषय पर राष्ट्रीय प्रशिक्षण-सह-सम्मेलन का आयोजन किया।
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जे.पी. नड्डा ने 8 अक्टूबर 2026 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित एक राष्ट्रीय कार्यक्रम में युवा-नेतृत्व वाले टीबी उन्मूलन प्रयासों को गति देने के लिए **JOSH टीमों** की शुरुआत की।
- राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, भारत ने **12 अक्टूबर 2026 को अपना 33वां स्थापना दिवस** मनाया, जिसमें भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में **'जल जीवन का अमृत: जल के अधिकार के माध्यम से मानव गरिमा को आगे बढ़ाना'** विषय पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन भी शामिल है।
- **कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पर तीसरा राष्ट्रीय सम्मेलन एवं प्रदर्शनी (NCCSR 2026),** जिसका विषय **'विकसित भारत के लिए सीएसआर की भावना की पुनर्कल्पना: अनुपालन से प्रतिबद्धता तक'** है, 6-7 अक्टूबर को नई दिल्ली में आयोजित हुआ। इसका आयोजन कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत भारतीय कॉर्पोरेट कार्य संस्थान (IICA) के स्कूल ऑफ बिजनेस एनवायरनमेंट ने किया, ताकि सीएसआर पर संवाद, सहयोग और ज्ञान-साझाकरण के लिए एक राष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराया जा सके।
- **एग्रीविजन-2026 का 10वां राष्ट्रीय सम्मेलन** 13-14 अक्टूबर को ICAR-NASC परिसर, पूसा, नई दिल्ली में एग्रीविजन, ICAR के कृषि शिक्षा प्रभाग के तत्वावधान में आयोजित किया गया।
- **तक्षणम** प्रदर्शनी का आयोजन 15 अक्टूबर 2026 को राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय (NGMA), नई दिल्ली में किया गया। इसमें विभिन्न पीढ़ियों, कलात्मक पृष्ठभूमियों और मूर्तिकला अभिव्यक्ति के विविध दृष्टिकोणों का प्रतिनिधित्व करने वाले 150 भागीदार कलाकारों की 250 से अधिक मूर्तियां प्रदर्शित की गई हैं।
- KVIC के अध्यक्ष श्री मनोज गोयल ने मुंबई में **'खादी महोत्सव-2026'** का उद्घाटन किया। इसका उद्देश्य प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' के आह्वान को 'बात खादी की' पॉडकास्ट के माध्यम से जेन-जी तक पहुंचाना है। प्रदर्शनी में देश के 12 राज्यों की 77 इकाइयां खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों की विविध श्रृंखला प्रदर्शित कर रही हैं।
- प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 23 अक्टूबर को भारत मंडपम, नई दिल्ली में **चिन्मय अमृत महोत्सव ग्लोबल सम्मेलन** का उद्घाटन किया, जिसमें चिन्मय मिशन द्वारा स्थापित विस्तृत शिक्षा नेटवर्क को रेखांकित किया गया।
- जनजातीय कार्य मंत्रालय (MoTA), भारत सरकार ने 23 अक्टूबर 2026 को श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर में **अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (FRA)** के क्रियान्वयन पर तीसरा क्षेत्रीय समीक्षा सम्मेलन आयोजित किया। यह 10 सितंबर 2026 को **बेंगलुरु में हुए पहले सम्मेलन** और 9 अक्टूबर 2026 को **कोलकाता में हुए दूसरे सम्मेलन** के बाद आयोजित हुआ।
- **202वां विजय उत्सव** एवं **रानी चेन्नम्मा** की जयंती संसद परिसर के प्रेरणा स्थल पर धूमधाम से मनाई गई। 23 अक्टूबर 1778 को कित्तूर में जन्मीं रानी चेन्नम्मा एक प्रमुख भारतीय रानी थीं, जिन्होंने 1824 में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के विरुद्ध सशस्त्र विद्रोह का नेतृत्व किया।
- सरकारी ई-मार्केटप्लेस (GeM) ने लघु उद्योग भारती (LUB) के सहयोग से 28 अक्टूबर 2026 को नई दिल्ली में GeM संवाद 2026 के अंतर्गत एक कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (MSEs) के लिए सरकारी खरीद को अधिक सुलभ और किफायती बनाने हेतु किए गए सुधारों को रेखांकित किया गया।
- सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH) ने

दिल्ली सरकार के सहयोग से 28 अक्टूबर 2026 को PARIVARTAN योजना (Programme for Accelerated Renewal and Incentivization of Vehicle Assets for Reducing Transport Air Pollution and Network Emissions-परिवहन वायु प्रदूषण और नेटवर्क उत्सर्जन को कम करने के लिए वाहन परिसंपत्तियों के त्वरित नवीनीकरण एवं प्रोत्साहन का कार्यक्रम) के अंतर्गत एक परिवहन मेला आयोजित किया। इसका उद्देश्य पुराने ट्रकों और बसों के मालिकों को अपने वाहनों को कबाड़ में देने तथा उनके स्थान पर कम प्रदूषण फैलाने वाले नए वाहन खरीदने में सुविधा प्रदान करना है।

- केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE), दिल्ली/राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) के सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स के सहयोग से, 26-27 अक्टूबर 2026 को नई दिल्ली में स्कूल से कार्यक्षेत्र में संक्रमण को सुगम बनाने पर चौथे राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का आयोजन कर रहा है।
- वाणिज्य विभाग ने निर्यात संवर्धन मिशन (EPM) के अंतर्गत समयबद्ध पहल RELIEF (Resilience & Logistics Intervention for Export Facilitation-निर्यात सुविधा के लिए लचीलापन एवं लॉजिस्टिक्स हस्तक्षेप) के घटक II के तहत समय-सीमा 31 मार्च 2027 तक बढ़ा दी है।
- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (IGNCA) के सहयोग से बुधवार, 28 अक्टूबर 2026 को नई दिल्ली के मंडी हाउस स्थित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के धरोहर भवन में **'टाइमलेस इंडिया: प्रोटेक्शन एंड रिवाइवल ऑफ इंडियन कल्चरल आइडेंटिटी अंडर द लीडरशिप ऑफ प्राइम मिनिस्टर नरेंद्र मोदी'** पुस्तक का लोकार्पण आयोजित किया। (लेखक/संपादक: श्री तरुण विजय)।
- 2006 बैच की आईपीएस अधिकारी **संजुक्ता पाराशर** ने **सितम्बर, 2026** में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) की विशेष जंगल युद्ध इकाई कोबरा (कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन - CoBRA) के महानिरीक्षक **(IG)** का पद सँभाला(कार्यभार **16 सितम्बर, 2026**) इस इकाई का नेतृत्व करने वाली **प्रथम महिला अधिकारी** बनी हैं।
- जम्मू-कश्मीर के **राजौरी जिले** की **राजौरी भैरव यात्रा** को आधिकारिक रूप से भारत की **राष्ट्रीय अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर** की सूची में शामिल किया गया है। राजौरी क्षेत्र का प्राचीन आध्यात्मिक उत्सव, जो मुख्य रूप से **होली पर्व** के अवसर पर मनाया जाता है।
- **12 जुलाई 2026** को भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) **सूर्यकांत ने गुरुग्राम (हरियाणा)** में अत्याधुनिक **'टावर ऑफ जस्टिस'** (न्यायिक परिसर) का उद्घाटन किया।
- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू** ने **गुजरात समान नागरिक संहिता (UCC) विधेयक, 2026** को स्वीकृति दी; इसके साथ **गुजरात, उत्तराखंड** के बाद, स्वतंत्र भारत में राज्य-स्तरीय UCC अधिनियमित करने वाला **दूसरा राज्य** बना।
- **केरलम सरकार** ने बुजुर्गों के अधिकारों की रक्षा, उनके साथ होने वाले दुर्व्यवहार को रोकने और उनकी सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए देश का प्रथम **व्यापक विधेयक 'केरलम सीनियर सिटीजंस (केयर एंड प्रोटेक्शन ऑफ राइट्स) बिल, 2026'** पेश किया है।
- **12 अक्टूबर 2026** को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री **जगत प्रकाश नड्डा** ने **केलांग** (लाहौल-स्पीति, हिमाचल प्रदेश) में भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICMR) के **सेंटर** फॉर **हाई एल्टीट्यूड मेडिसिन एंड पब्लिक हेल्थ रिसर्च** का **भूमि-पूजन** कर **आधारशिला** रखी।
- **चांग चेनमो अभियान 2026:** पश्चिम बंगाल के सोनारपुर आरोही दल ने पूर्वी लद्दाख की तीन अनाम चोटियों पर प्रथम बार सफल चढ़ाई की।
- **रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह का कार्यकाल विस्तार**
  - **निर्णय:** मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (ACC) ने रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह का कार्यकाल एक वर्ष बढ़ाकर 31 अक्टूबर 2027 या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, कर दिया है।
- **सौराष्ट्र भाषा के लिए TTS मॉडल**
  - **विकास: इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY)** के **डिजिटल इंडिया भाषिणी प्रभाग** ने **भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc), बेंगलुरु** के साथ मिलकर **सौराष्ट्र भाषा** के लिए **टेक्स्ट-टू-स्पीच (TTS)** मॉडल विकसित किए हैं।
- केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने 29 अक्टूबर 2026 को नई दिल्ली में राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (NIEPA) के नए शैक्षणिक भवन का उद्घाटन किया। NIEPA शिक्षा मंत्रालय के अधीन एक डीम्ड विश्वविद्यालय है, जो शैक्षिक योजना और प्रशासन में अनुसंधान व प्रशिक्षण करता है।

माउंट मुकुट (7,045 मीटर) उत्तराखण्ड

- **भारतीय तटरक्षक बल (ICG)** के **17 सदस्यीय** पर्वतारोहण दल ने **हिमालय पर्वतारोहण संस्थान (HMI),** दार्जिलिंग के विशेषज्ञ मार्गदर्शन में **7 अक्टूबर 2026** को **7,045 मीटर** ऊँची माउंट **मुकुट चोटी** पर चढ़ाई पूरी की; **12 अक्टूबर** को **देहरादून** में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री **पुष्कर सिंह धामी** ने दल का स्वागत किया।
- **उद्देश्य:** 2027 में ICG की **स्वर्ण जयंती** पर प्रस्तावित **माउंट एवरेस्ट अभियान** की तैयारी। इस अभियान से मिला परिचालन अनुभव और सीख 2027 के एवरेस्ट अभियान की अंतिम तैयारियों में सहायक होगी।

समिति का नाम	अध्यक्ष एवं सदस्य	उद्देश्य
श्रम सांख्यिकी पर उच्च–स्तरीय तकनीकी विशेषज्ञ समिति	**अध्यक्ष:** प्रो. अलख एन. शर्मा।	देशभर में श्रम सांख्यिकी और सर्वेक्षण पद्धतियों को सुदृढ़ करना, उनकी समीक्षा करना तथा उन्हें सुव्यवस्थित करना।
विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 पर संयुक्त संसदीय समिति	**अध्यक्ष:** संजय जायसवाल (लोकसभा सांसद)। • **सदस्य:** लोकसभा और राज्यसभा, दोनों से चुने गए 31 सदस्य।	विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 की जाँच एवं समीक्षा करना। इसमें पारदर्शिता, जवाबदेही तथा विदेशी अंशदान पर नियामक निगरानी पर विशेष ध्यान देना।
अरावली पर्वतमाला के सीमांकन संबंधी समिति • **सदस्य:** भारतीय वन सर्वेक्षण (FSI) और भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) के पूर्व निदेशक तथा वनस्पति विज्ञान के विशेषज्ञ।	**अध्यक्ष:** कंचन देवी (भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद–ICFRE की महानिदेशक)।	सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित यह समिति अरावली पर्वतमाला के निर्धारण हेतु सरकार के प्रस्तावित मानदंडों, जैसे 100 मीटर की ऊँचाई की सीमा, की स्वतंत्र समीक्षा करती है तथा इसके पारिस्थितिक संतुलन की रक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास करती है।
परीक्षा प्रणाली में सुधार हेतु उच्चाधिकार प्राप्त कार्यबल	**अध्यक्ष:** नंदन नीलेकणि। • **सदस्य:** अनीता करवाल (पूर्व शिक्षा सचिव), एस. सोमनाथ (इसरो के पूर्व अध्यक्ष), डॉ. वी. कामकोटि (निदेशक, आईआईटी मद्रास), तपन डेका (आईबी के पूर्व निदेशक) तथा लॉजिस्टिक्स विशेषज्ञ।	केंद्र सरकार द्वारा गठित इस कार्यबल का उद्देश्य भारत की सार्वजनिक परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी, सुरक्षित और प्रौद्योगिकी–आधारित बनाने के लिए व्यापक सुधारों की सिफारिश करना है। इसमें विशेष रूप से प्रश्नपत्र लीक रोकने और साइबर सुरक्षा मजबूत करने पर ध्यान दिया जाता है।
सर्वोच्च न्यायालय की NEET विरोध–प्रदर्शन समिति	**अध्यक्ष:** न्यायमूर्ति आर. सुभाष रेड्डी (सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश)।	NEET-UG से संबंधित विरोध–प्रदर्शनों के दौरान पुलिस की कार्यप्रणाली और हिंसा की घटनाओं की जाँच करना।
NEET पर तमिलनाडु की उच्च–स्तरीय समिति	**अध्यक्ष:** न्यायमूर्ति ए. के. राजन (मद्रास उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश)।	चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश पर NEET के प्रभाव का अध्ययन करना।
जनसांख्यिकीय परिवर्तन पर उच्च–स्तरीय समिति (HLCDC)	**अध्यक्ष:** न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नाओलेकर (सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश)। • **सदस्य:** भारत के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त, दुर्गा शंकर मिश्रा (सेवानिवृत्त IAS), बालाजी श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त IPS), डॉ. शामिका रवि (अर्थशास्त्री) तथा गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव।	पूरे भारत में जनसांख्यिकीय बदलावों का आकलन करना, विशेष रूप से सीमावर्ती जिलों तथा अवैध घुसपैठ या धार्मिक एवं सामाजिक समुदायों की संरचना में असामान्य बदलाव वाले क्षेत्रों पर ध्यान देना।

आर्थिक-समसामयिकी

योजनाएँ एवं कार्यक्रम

राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम का विस्तार

- **निर्णय:** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने **14 अक्टूबर 2026** को
- **मंत्रालय:** ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय।
- **NSAP का शुभारंभ:** 15 अगस्त **1995**
- **प्रकार: केन्द्रीय क्षेत्रक योजना**
- **परिवर्तन:**
  - **नया नाम:** प्रधानमंत्री सामाजिक सहायता योजना
  - **अवधि:** 2026-27 से 2030-31 (पाँच वर्ष)
  - **कुल परिव्यय:** रु. 53,428 करोड़।
  - **तीन घटक:**

(i) उप-योजनाओं का **नाम-परिवर्तन** (नामों से 'इंदिरा गांधी' उपसर्ग हटाया गया):

मौजूदा नाम	अनुमोदित नाम
राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (NSAP)	प्रधानमंत्री सामाजिक सहायता योजना
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना (IGNOAPS)	प्रधानमंत्री वृद्धावस्था पेंशन योजना
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना (IGNWPS)	प्रधानमंत्री विधवा पेंशन योजना
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांगता पेंशन योजना (IGNDPS)	प्रधानमंत्री दिव्यांगजन पेंशन योजना
राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना (NFBS)	प्रधानमंत्री परिवार लाभ योजना

(ii) दिव्यांगजन पेंशन की पात्रता, कवरेज और सहायता-दर में संशोधन:

- **नई दरें:** 0-79 वर्ष की आयु के लिए रु. **375 प्रतिमाह** और 80 वर्ष व अधिक आयु के लिए **रु. 625**।
- पात्रता में बदलाव: **बेंचमार्क दिव्यांगता 80% से घटाकर 40%।**
  - न्यूनतम आयु अब **जन्म से** मानी जाएगी (पहले 18 वर्ष)।
- दिव्यांगता-संबंधी सहायता को अन्य श्रेणियों की समान योजनाओं से सदैव **25% अधिक** रखने का प्रावधान।
- **नोट:** दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016: 'बेंचमार्क दिव्यांगता' 40%।

(iii) वृद्धावस्था व विधवा पेंशन तथा परिवार लाभ योजना मौजूदा स्वरूप में जारी रहेंगी।

कंटेनर विनिर्माण संवर्धन योजना (CMPS)

- **मंजूरी: केंद्रीय मंत्रिमंडल** ने **28 अक्टूबर 2026** को ।
- **उद्देश्य:** भारत में विश्व-स्तरीय प्रतिस्पर्धी कंटेनर-निर्माण इकोसिस्टम बनाना, आयात पर निर्भरता घटाना और आपूर्ति शृंखला मजबूत करना; **नई निर्माण इकाइयों** को समर्थन और **मौजूदा इकाइयों का विस्तार।**
- **घोषणा: केंद्रीय बजट 2026-27** में।
- कुल परिव्यय: **₹10,000** करोड़
- **मंत्रालय:** पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ।
- **अवधि:** 'वित्त वर्ष 2039-40 तक'।
- जिसमें **3 वर्ष** इकाइयाँ स्थापित करने और **10 वर्ष** उत्पादन-सहायता के लिए हैं ।
- **घटक:** इंटरेस्ट सबवेंशन असिस्टेंस (ISA) , ऑपरेशनल एक्सपेंडिचर असिस्टेंस (OEA) ,टेस्टिंग व प्रमाणन , योजना प्रबंधन।

प्रधानमंत्री विकसित ग्राम स्वराज योजना (PM-VGSY)

- **मंजूरी: केंद्रीय मंत्रिमंडल** ने **28 अक्टूबर 2026** को ।
- **अवधि: 2026-27 से 2030-31** है।
  - **सोलहवें वित्त आयोग** की अवधि के साथ समाप्त होगी।
- कुल परिव्यय: **₹7,395.55 करोड़**
  - इसमें **केंद्र का हिस्सा ₹4,869.48 करोड़** और **राज्यों का हिस्सा ₹2,526.07 करोड़** है।
- **प्रकार: केंद्र प्रायोजित योजना (CSS)**
- मंत्रालय: **पंचायती राज मंत्रालय**
- **क्रियान्वयन:** राज्य सरकारें/केंद्रशासित प्रदेश प्रशासन करेंगे।
- योजना से **2.55 लाख से अधिक पंचायतों और पारंपरिक स्थानीय निकायों** के लगभग **32 लाख निर्वाचित प्रतिनिधियों,** पंचायत पदाधिकारियों और अन्य हितधारकों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

- यह योजना सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में लागू होगी और इसमें संविधान के **भाग IX के दायरे से बाहर के क्षेत्रों** (जहाँ पंचायतें नहीं हैं) के **पारंपरिक स्थानीय निकाय** भी शामिल होंगे।
- **योजना के प्रमुख घटक: समग्र नियोजन, पंचायत-वार विकास विवरण, जागरूकता, क्षमता निर्माण, वित्तीय जवाबदेही।**
- **यह राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (RGSA)** का उन्नत रूप है, जिसमें अलग-अलग योजनाओं के अलग प्रशिक्षण-मॉड्यूल के बजाय **समग्र विकास** पर जोर है।

ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर-III (GEC-III)

- **मंजूरी:** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 30 सितंबर 2026 को।
- **'पीएम-धारा' (PM-DHARA) योजना:** यह 'ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर चरण-III' (GEC-III) का ही नया रूप है।
  - **PM-DHARA** = PM-Developing Harmonized and Accelerated Renewable-energy Access (पीएम-नवीकरणीय ऊर्जा पहुँच का सामंजस्यपूर्ण और त्वरित विकास)।
- **उद्देश्य:** राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में **राज्य-स्तरीय पारेषण प्रणाली (InSTS)** को मजबूत कर बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा का **ग्रिड एकीकरण** और **बिजली निकासी** सुनिश्चित करना।
- **कुल परिव्यय: रु. 1,86,405 करोड़**
  - जिसमें रु. 54082 करोड़ की केन्द्रीय वित्तीय सहायता शामिल है।
- **अवधि:** वित्त वर्ष **2032-33** तक पूरा करने का लक्ष्य।
- **मंत्रालय:** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE)।
- **क्रियान्वयन एजेंसी: राज्य पारेषण उपक्रम (STUs)**
- **लक्ष्य:** राज्यों/UTs में 135 GW तक नवीकरणीय ऊर्जा की निकासी की क्षमता विकसित करना।
- **नवीनता: प्रथम बार** एक समर्पित **बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (BESS)** घटक शामिल।
  - नवीकरणीय ऊर्जा डेवलपर/उत्पादक स्तर या अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर 50 GWh के BESS की स्थापना का प्रावधान।
- इससे **2035** तक **900 GW** गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता हासिल करने के लक्ष्य में मदद मिलेगी।

ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर के पूर्व चरण

- **फेज-I: 8 राज्य** (आंध्र प्रदेश, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, **राजस्थान,** तमिलनाडु)
  - लक्ष्य: **9,461 ckm** ट्रांसमिशन लाइन।
- **फेज-II: 7 राज्य** (गुजरात, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, केरल, **राजस्थान,** तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश)
  - लक्ष्य: **7,863 ckm** लाइन व **24,388 MVA** सबस्टेशन क्षमता विकसित करना।

प्रधानमंत्री यशस्वी (PM-YASASVI) योजना

- **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय** द्वारा संचालित एक **अम्ब्रेला छात्रवृत्ति योजना।**
- **PM-YASASVI**: प्रधानमंत्री यंग अचीवर्स स्कॉलरशिप अवॉर्ड स्कीम फॉर वाइब्रेंट इंडिया (PM Young Achievers Scholarship Award Scheme for Vibrant India)।
- **लाभार्थी वर्ग:** अन्य पिछड़ा वर्ग **(OBC)**, आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग **(EBC)** तथा विमुक्त, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू जनजातियाँ **(DNT)**।
- **वार्षिक आय:** परिवार की आय ₹ 2-5 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए।
- **सहायता राशि: 9वीं** कक्षा के लिए ₹75,000 और **11वीं** कक्षा के लिए ₹1,25,000 प्रति वर्ष।
- **प्रमुख घटक (4 योजनाएँ):**
  - प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना
  - पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना
  - टॉप क्लास एजुकेशन इन स्कूल्स योजना
  - टॉप क्लास एजुकेशन इन कॉलेज्स योजना

रिपोर्ट एवं सूचकांक

उद्योगों के वार्षिक सर्वेक्षण (ASI) 2024-25

- **जारी: सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI)** ने वित्त वर्ष **2024-25** के लिए।
- सर्वेक्षण का क्षेत्र-कार्य **अक्टूबर 2025 से जून 2026** तक हुआ।

- **वृद्धि: 2024–25** में पंजीकृत विनिर्माण क्षेत्र ने पिछले वर्ष की तुलना में **वृद्धि** दर्ज की।
  1. **औद्योगिक उत्पादन – 7.81% वृद्धि**
  2. **कुल रोजगार – 7.19% वृद्धि**
  3. **वेतन–भत्तों – 12.08% वृद्धि**
  4. निवेश की गई **पूँजी** (स्थिर पूँजी + भौतिक कार्यशील पूँजी) – **11.10%**
- **उद्योग:** मूल धातु, मोटर वाहन, रसायन व रासायनिक उत्पाद, फार्मास्युटिकल और खाद्य उत्पाद का विनिर्माण **GVA में मिलाकर 45% से अधिक** योगदान देता है।
- **रोजगार: तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश और हरियाणा** शीर्ष 5 राज्य रहे।
  - ♦ 2024–25 में देश के कुल विनिर्माण रोजगार में इनकी हिस्सेदारी **56%** से ज़्यादा रही।

संकेतक	प्रथम	द्वितीय	तृतीय
कारखाने	तमिलनाडु (41,221)	गुजरात	महाराष्ट्र
सकल मूल्य संवर्धन (GVA)	महाराष्ट्र (15.92%)	गुजरात	तमिलनाडु
रोजगार	तमिलनाडु	महाराष्ट्र	गुजरात

पर्यावरणीय–आर्थिक लेखा रणनीति 2026–2030 (MoSPI)

- **रणनीति:** सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) के अधीन राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) ने यह रणनीति जारी की।
- यह पर्यावरणीय लेखांकन को मजबूत करने, डेटा–गुणवत्ता सुधारने, डेटा–अंतराल भरने और पर्यावरणीय खातों का दायरा बढ़ाने का रोडमैप है।
- **पूर्ववर्ती रणनीति:** यह 2022–2026 की रणनीति पर आधारित है।
- **ढाँचा:** रणनीति संयुक्त राष्ट्र द्वारा समर्थित पर्यावरणीय–आर्थिक लेखांकन प्रणाली (SEEA) पर आधारित है।
- **प्राथमिक क्षेत्र:** नए खाते बनाना और वन, खनिज, मृदा संसाधन, भूमि, जल, कार्बन भंडार, पर्यावरण–संबंधी गतिविधियों, जैव विविधता व पर्यावरण सांख्यिकी का दायरा बढ़ाना।

अर्थव्यवस्था एवं उद्योग

VB-G RAM G: 375 अनुमेय कार्यों की नई अनुसूची अधिसूचित

- ग्रामीण विकास मंत्रालय ने हाल ही में विकसित भारत–रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) **[VB-G RAM G] अधिनियम, 2025** के तहत **अनुमेय कार्यों की अनुसूची** (Schedule of Permissible Works) अधिसूचित की है।
- इसमें **375** प्रकार के कार्य हैं, जबकि पुराने ढाँचे में **266** थे।
- **चार स्तंभ:**

स्तंभ	कार्यों की संख्या
जल सुरक्षा	128
मूल ग्रामीण अवसंरचना	111
आजीविका–संबंधी अवसंरचना	98
चरम मौसम एवं आपदा–तैयारी के विशेष कार्य (नई श्रेणी)	38
कुल	375

- **योजना–प्रक्रिया:** कार्य स्थानीय जरूरत के आधार पर **'विकसित ग्राम पंचायत योजना'** के माध्यम से नियोजित होंगे और ग्राम सभा उन्हें स्वीकृति देगी।
  - ♦ डिजिटल निगरानी: **विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक** से होगी।

उन्नत NMMS ऐप का शुभारंभ

- **शुभारंभ:** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री **शिवराज सिंह चौहान** ने **23 अक्टूबर 2026 को नई दिल्ली** में ।
- **विकसित भारत–रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) [VB-G RAM G]** के लिए **राष्ट्रीय मोबाइल निगरानी प्रणाली (NMMS)** ऐप का **उन्नत संस्करण है ।**
- **विकास: IIT मद्रास** और अन्य एजेंसियों के तकनीकी सहयोग से।

IDBI बैंक का 'रणनीतिक पुनर्गठन'

- **निर्णय:** आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति **(CCEA)** ने **14 अक्टूबर 2026** की बैठक में निर्णय लिया।
- **रणनीतिक खरीदार: मेसर्स 10955230 कनाडा इंक.** (मूल इकाई–**फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स लिमिटेड,** टोरंटो)।

- **बिक्री: रु. 52,878 करोड़ में** कुल **60.72%** इक्विटी बेची जाएगी-(भारत सरकार की 30.48% + भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) की **30.24%।)**
- **बैंक की स्थिति:** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI)-विनियमित अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक।
  - जनवरी 2019-LIC ने **रु. 21,624 करोड़** का निवेश कर नियंत्रण लिया, RBI ने इसे **'निजी बैंक'** के रूप में वर्गीकृत किया।

SME ग्रोथ फंड (SGF)

- **मंजूरी: 6 अक्टूबर 2026** को प्रधानमंत्री **नरेंद्र मोदी** की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने SGF की स्थापना के लिए **रु. 10,000 करोड़** की सरकारी प्रतिबद्धता को मंजूरी दी।
- **घोषणा : केंद्रीय बजट 2026-27** में ।
- **मुख्य उद्देश्य:** छोटे एवं मध्यम उद्यमों (SMEs) को **प्रत्यक्ष इक्विटी निवेश** के माध्यम से **दीर्घकालिक विकास पूँजी** उपलब्ध कराना तथा उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी और उद्योग जगत में अग्रणी कंपनियों के रूप में विकसित करना।
- यह **SEBI (**वैकल्पिक निवेश कोष**)** विनियम 2012 के अन्तर्गत स्थापित **वैकल्पिक निवेश कोष (AIF)** के रूप में कार्य करेगा।
- **विनिर्माण क्षेत्र पर मुख्य ध्यान:** आवंटन का एक बड़ा हिस्सा लघु एवं मध्यम **विनिर्माण-केंद्रित उद्यमों** को सहायता देने के लिए निर्देशित किया जाएगा।
- **औद्योगिक क्लस्टरों तक विस्तार:** फंड **टियर-II** और **टियर-III** शहरों के औद्योगिक क्लस्टरों में कार्यरत SMEs पर भी विचार करेगा।
- **वैकल्पिक निवेश कोष (AIF) :** भारत में स्थापित **निजी रूप से एकत्रित निवेश कोष,** जो निवेशकों से धन जुटाकर निर्धारित निवेश नीति के अनुसार निवेश करता है।

दक्षिणी हिंद महासागर मत्स्यपालन समझौते (SIOFA) में भारत के प्रवेश को मंजूरी

- **14 अक्टूबर 2026 को** केंद्र सरकार ने **दक्षिणी हिंद महासागर मत्स्यपालन समझौते (SIOFA)** में भारत के प्रवेश (पूर्ण अनुबंधित पक्ष बनने) को स्वीकृति दी।
- **मंत्रालय:** मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय।
- **पूर्व स्थिति:** भारत **2022** से SIOFA का **सहयोगी गैर-अनुबंधित पक्ष (CNCP)** था।
  - इसमें निर्णय-प्रक्रिया तथा वैज्ञानिक समिति और अनुपालन समिति में भागीदारी सीमित है।
- **लाभ:**
  - भारतीय ध्वज वाले पोत SIOFA क्षेत्र में स्क्विड, टूथफिश, अल्फोंसिनो तथा अन्य गैर-प्रवासी मछली-भंडारों का अधिकृत दोहन कर सकेंगे-बशर्ते वे लागू संरक्षण उपायों और मत्स्यन-प्राधिकरणों का पालन करें।
  - अब पूर्ण भागीदारी तथा वैज्ञानिक डेटा और भंडार-आकलन तक पहुँच मिलेगी।
  - अवैध, अप्रतिवेदित और अनियमित (IUU) मत्स्यन रोकने में सहयोग।
- **हिंद महासागर के दो क्षेत्रीय मत्स्यपालन प्रबंधन संगठन (RFMO)**
  - हिंद महासागर टूना आयोग (IOTC)- टूना व टूना-जैसी अत्यधिक प्रवासी प्रजातियाँ, भारत 1996 से अनुबंधित पक्ष।
  - **दक्षिणी हिंद महासागर मत्स्यपालन समझौते (SIOFA)।**

एकीकृत परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स प्राधिकरण (ITLA)

- **केंद्रीय मंत्रिमंडल** ने **6 अक्टूबर 2026** को ITLA के गठन को स्वीकृति दी।
- ITLA परिवहन और लॉजिस्टिक्स के एकीकृत नियोजन, अनुसंधान, परियोजना मूल्यांकन, निगरानी, नीतिगत सहायता और डेटा विश्लेषण की **शीर्ष संस्था होगी।**
- **प्रशासनिक मंत्रालय: वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय** ।
- **मुख्य दायित्व:**
  - दीर्घकालिक **राष्ट्रीय परिवहन मास्टर प्लान** बनाना; प्लान **10 वर्ष या उससे अधिक** की अवधि का होगा।
  - क्षेत्रीय व वार्षिक परिवहन योजनाओं का आकलन करना।
  - **रु. 500 करोड़ या अधिक** लागत वाली परियोजनाओं की निगरानी करना।
  - फास्टैग, वाहन और GSTN ई-वे बिल के आँकड़ों से **राष्ट्रीय परिवहन डेटा रिपॉजिटरी (NTDR)** बनाना ।
- **दायरा:** सड़क, रेल, बंदरगाह व जहाजरानी, नागरिक उड्डयन, अंतर्देशीय जलमार्ग, तटीय नौवहन, शहरी परिवहन और लॉजिस्टिक्स।

विकसित भारत के लिए बैंकिंग पर 'उच्च स्तरीय समिति'

- वित्त मंत्रालय ने 30 अक्टूबर 2026 को गठन।
- इसकी घोषणा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण 2026-27 में की थी।
- **उद्देश्य:** बैंकिंग क्षेत्र को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी, वित्तीय रूप से समावेशी और विकसित भारत 2047 के अनुरूप बनाने के लिए संरचनात्मक, संस्थागत, नियामक और विधायी सुधार सुझाना।
- **अध्यक्ष:** पूर्व केंद्रीय सतर्कता **आयुक्त सुरेश एन. पटेल**।
- **सदस्य:** शिरीष चंद्र मुर्मू (उप-गवर्नर, RBI), पद्मजा चुंदरू (पूर्व MD एवं CEO, इंडियन बैंक) और एन. एस. विश्वनाथन (पूर्व उप-गवर्नर, RBI)
- **सदस्य-सचिव:** वित्तीय सेवा विभाग के संयुक्त सचिव (बैंकिंग)।
- **कार्यकाल:** छह माह।
- **समिति के कार्यक्षेत्र (ToR):**
  - वर्तमान बैंकिंग प्रथाओं और प्रूडेंशियल मानदंडों का आकलन; वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बैंक बनाने का रोडमैप प्रदान करना।
  - क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और सहकारी बैंकों सहित बैंकों के नियामक और कानूनी ढाँचे की समीक्षा करना।
  - बैंकों, विकास वित्तीय संस्थानों (DFI) और NBFC की दीर्घकालिक पूँजी आवश्यकताओं का आकलन; ऋण-वृद्धि के लिए वित्तपोषण स्रोत सुझाना
  - व्यवसायों के लिए पूँजी की लागत के अंतरों की जाँच; निजी निवेश बढ़ाने के नीतिगत विकल्प सुझाना
  - बैंकिंग में AI और डिजिटल नवाचार का रोडमैप तैयार करना, साइबर जोखिमों से सुरक्षा और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल की रणनीति सुझाना।
  - प्राथमिक क्षेत्र ऋण (PSL) ढाँचे और लीड बैंक योजना की प्रासंगिकता और प्रभावशीलता की समीक्षा

बैंकर्स बुक्स साक्ष्य अधिनियम, 2026

- **बैंकर्स बुक्स साक्ष्य अधिनियम, 2026 1 अक्टूबर 2026** से प्रभावी हुआ।
  - यह **बैंकर्स बुक्स साक्ष्य अधिनियम, 1891** का स्थान लेता है।
  - राष्ट्रपति की स्वीकृति-**13 अगस्त 2026।**
- **उद्देश्य:** बैंकिंग अभिलेखों को साक्ष्य के रूप में प्रयोग करने हेतु समकालीन बैंकिंग पद्धतियों के अनुरूप आधुनिक ढाँचा स्थापित करना।
- **प्रौद्योगिकी-तटस्थ दृष्टिकोण:** भौतिक, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल, वर्चुअल, क्लाउड-आधारित आदि रूपों में रखे गए अभिलेखों को मान्यता देता।
- बैंकिंग अभिलेखों का **सरलीकृत एवं मानकीकृत प्रमाणन** -मैनुअल, डिजिटल या इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर द्वारा।
- बैंकर्स बुक का इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल अभिलेख साक्ष्य के रूप में **ग्राह्य, वैध और कानूनी रूप से प्रवर्तनीय** होगें।

हरित हाइड्रोजन: भारत की ऑफटेक प्रतिबद्धताएँ 5.5 लाख टन प्रति वर्ष से अधिक

- नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) के अनुसार **अक्टूबर 2026** तक भारतीय कंपनियों की हरित हाइड्रोजन ऑफटेक (खरीद) प्रतिबद्धताएँ **5,55,610 मीट्रिक टन प्रति वर्ष (MTPA)** तक पहुँच गई हैं; यह **विश्व में सर्वाधिक** है।
- **आँकड़े:** वर्ष **2026** में **18 नए** ऑफटेक समझौते हुए जिनमें **4 लाख MTPA से अधिक** हरित हाइड्रोजन के समतुल्य आपूर्ति शामिल है
- 2023 में NGHM के शुभारंभ से अब तक कुल **23** समझौते, जिनमें **70% से अधिक** निर्यात के लिए निर्धारित हैं।
- **निवेश:** इन परियोजनाओं में लगभग ₹90,000 करोड़ **(लगभग $9.5 अरब)** निवेश अपेक्षित है।
- **राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन:** मिशन को कैबिनेट ने **₹19,744 करोड़** के प्रारंभिक परिव्यय **(2029-30 तक)** के साथ स्वीकृति दी थी
  - लक्ष्य - **2030** तक कम-से-कम **50 लाख टन प्रति वर्ष (5 MMTPA)** हरित हाइड्रोजन उत्पादन।
- **ऑफटेक समझौता क्या है?** उत्पादक और खरीदार के बीच बाध्यकारी अनुबंध, जिसमें खरीदार भविष्य में उत्पादित होने वाले माल को पहले से तय शर्तों और कीमतों पर खरीदने की गारंटी देता है।

फार्मर आईडी: 11 करोड़ का लक्ष्य पाँच माह पहले पूरा

- **घोषणा:** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री **शिवराज सिंह चौहान** ने **24 अक्टूबर 2026** को
- देश में **11 करोड़ फार्मर** आईडी बनाने का लक्ष्य पूरा हो गया है।
- **समय-सीमा:** लक्ष्य **23 अक्टूबर 2026** को प्राप्त हुआ, जबकि निर्धारित समय-सीमा **31 मार्च 2027** थी।
- **फार्मर आईडी:** किसान की **विशिष्ट डिजिटल पहचान**, जिसमें किसान का सत्यापित विवरण उसके **भू-अभिलेख** से जुड़ा रहता है।
- कृषि मंत्रालय के **डिजिटल कृषि मिशन** के अंतर्गत बन रही **किसान रजिस्ट्री** का हिस्सा है।

PAIMANA: अवसंरचना प्रदर्शन डैशबोर्ड

- **PAIMANA** - प्रोजेक्ट असेसमेंट, इंफ्रास्ट्रक्चर मॉनिटरिंग एंड एनालिटिक्स फॉर नेशन-बिल्डिंग।
- **जारीकर्ता: सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI)** ने **16 अक्टूबर 2026** को प्रदर्शन डैशबोर्ड का **त्रैमासिक अद्यतन** जारी किया।
- **शुभारंभ: 16 अप्रैल 2026 को।**
- **आयाम:** प्रदर्शन **पाँच आयामों**-पहुँच, गुणवत्ता, राजकोषीय लागत व राजस्व, उपयोग और वहनीयता-पर मापा जाता है।
- डैशबोर्ड में अब **संकेतकों की संख्या बढ़ाकर 184** कर दी गई है।

खेत बचाओ अभियान (रबी -2026)

- **शुभारंभ:** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री **शिवराज सिंह चौहान** ने **22 अक्टूबर 2026** को करनाल, **हरियाणा** से।
- थीम: **'स्वस्थ धरा, समृद्ध किसान'।**
- **अवधि: 22 अक्टूबर से 30 नवंबर 2026 तक ।**
- **उद्देश्य:** रासायनिक उर्वरकों तथा कीटनाशकों के **असंतुलित उपयोग** को रोककर मिट्टी को **बंजर होने से बचाना।**
- उर्वरकों की अधिक खपत वाले **100 जिलों** को प्राथमिकता।
- **मिट्टी बचाने के तीन सूत्र :** मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर संतुलित उर्वरक, फसल-चक्र में बदलाव, कम-से-कम आधा एकड़ में प्राकृतिक खेती।
- **पहला चरण:** अभियान की शुरुआत **1 से 30 जून 2026** को एक माह के देशव्यापी अभियान के रूप में हुई थी।

काउंटर टिकट पर भी रेल यात्रा बीमा

- **आदेश: रेलवे बोर्ड ने 24 अक्टूबर 2026** को आदेश जारी करके **वैकल्पिक यात्रा बीमा योजना** का लाभ **यात्री आरक्षण प्रणाली (PRS)** के **काउंटर** से लिए गए आरक्षित टिकटों तक बढ़ा दिया है।
- नई व्यवस्था **27 अक्टूबर 2026** से देशभर में लागू हुई।
- **पहले:** अब तक यह सुविधा केवल **IRCTC** की वेबसाइट या ऐप से बुक किए गए **ई-टिकट** पर मिलती थी।
- यह बदलाव **सर्वोच्च न्यायालय** के **6 अक्टूबर 2026** के निर्देश **(भारत संघ बनाम राधा यादव)** के अनुपालन में किया गया है; मामला 2003 में ट्रेन-यात्रा के दौरान **दशरथ यादव** की मृत्यु पर मुआवजे से जुड़ा था।

परमाणु ऊर्जा: 25 रिएक्टर, 8.7 GWe क्षमता

- **रिएक्टर:** भारत में अभी **25 सक्रिय परमाणु रिएक्टर** हैं, जिनकी कुल क्षमता 8.7 GWe है।
- **उत्पादन:** इन रिएक्टरों ने **2024-25** में **56,681 मिलियन यूनिट** बिजली बनाई।
- **हिस्सा:** कुल बिजली उत्पादन में परमाणु ऊर्जा का हिस्सा लगभग **3%** रहा है।

अंडमान सागर में दो खनिज-ब्लॉकों की नीलामी

- **शुभारंभ: 1 अक्टूबर 2026** को **खान मंत्रालय** के सचिव **केशव चंद्र** ने **अंडमान सागर** में **दो अपतटीय खनिज ब्लॉकों** की **कंपोजिट लाइसेंस** के लिए नीलामी का **वर्चुअल शुभारंभ** किया।
- इनमें **पॉलीमेटैलिक नॉड्यूल्स और क्रस्ट्स** पाए जाते हैं।

नीलामी वाले ब्लॉक	स्थिति
सेवेल राइज-01 (Sewell Rise-01)	Sewell Rise के दक्षिणी भाग में, अंडमान सागर में
वेस्ट सेवेल रिज-01 (West Sewell Ridge-01)	**ग्रेट निकोबार द्वीप** के निकट, अंडमान सागर में

- **पॉलीमेटैलिक नॉड्यूल्स**
  - **क्या हैं:** समुद्र तल में पाए जाने वाले खनिज निक्षेप , जिनमें कई महत्वपूर्ण धातुएँ हैं - **निकेल, कोबाल्ट, मैंगनीज, ताँबा और दुर्लभ मृदा तत्त्व (REEs);** लौह व मैंगनीज हाइड्रॉक्साइड की परतें।
  - **निर्माण: ऑटोजेनेटिक क्रिस्टलाइजेशन** प्रक्रिया से-गहरे समुद्र तल पर क्रिस्टलीय नाभिक के चारों ओर खनिज जमाव से ।
  - **उपयोग:** EVs, नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियाँ, उन्नत बैटरियाँ, उच्च-प्रौद्योगिकी विनिर्माण।

CAFE-III: कारों के लिए नए ईंधन-दक्षता मानदंड

- **अधिसूचना: विद्युत मंत्रालय** ने यात्री वाहनों के लिए नए **कॉर्पोरेट औसत ईंधन दक्षता (CAFE)-III** मानदंड अधिसूचित किए हैं।
- **अवधि: 1 अप्रैल 2027 से 31 मार्च 2032** तक लागू रहेंगे ।
- **उद्देश्य:** ईंधन-दक्षता बढ़ाना; ईंधन खपत एवं CO2 उत्सर्जन कम करना; स्वच्छ प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा; वैकल्पिक ईंधन, EVs एवं हाइब्रिड वाहनों को प्रोत्साहन देना।
- **किन पर लागू:** भारत में बिक्री के लिए बनाए या आयात किए जाने वाले **नए M1 श्रेणी** के यात्री वाहनों पर।
- **क्रियान्वयन:** CAFE मानदंड **ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001** के अंतर्गत **विद्युत मंत्रालय** और **ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE)** के माध्यम से।
- ये **फ्लीट-स्तरीय** मानक हैं-किसी निर्माता की एक वर्ष में बिकी सभी कारों के औसत ईंधन-उपभोग/CO_2 उत्सर्जन पर आधारित, न कि हर कार या किसी एक मॉडल पर अलग-अलग।
- **लक्ष्य:** ईंधन-खपत का मानक **2027-28** के **3.996 लीटर/100 किमी** से हर वर्ष अधिक प्रभावी होते हुए **2031-32** में **3.3273 लीटर/100 किमी** हो जाएगा।
- **वजन-आधारित लक्ष्य:** संदर्भ भार 1,082 किग्रा से बढ़ाकर 1,229 किग्रा (लगभग 13.6% वृद्धि) किया गया है।
- **कार्बन न्यूट्रैलिटी फैक्टर (CNF):** एथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल, जैव-ईंधन और CBG जैसे नवीकरणीय/कम-कार्बन ईंधनों के योगदान को मान्यता दी गई।
- **ईंधन-संरक्षण तकनीकें:** मान्य तकनीकें **4 से बढ़कर 12** (जैसे सौर-परावर्ती पेंट, उन्नत ग्लेजिंग, उच्च दक्षता AC) की गई ।

CIRCOT: कपास चुनने वालों के लिए सुरक्षात्मक दस्ताने

- **समझौता: ICAR-केंद्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान (CIRCOT), मुंबई** ने **22 अक्टूबर 2026** को **चेंगलपट्टू** की **ट्रस्ट ARS रबर प्राइवेट लिमिटेड** के साथ समझौता-ज्ञापन किया।
- **उद्देश्य: कपास चुनने वाले श्रमिकों** के सुरक्षात्मक दस्तानों की **तकनीक का हस्तांतरण।**

RBI का नया डेटा सेंटर और साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान, भुवनेश्वर

- **उद्घाटन:** प्रधानमंत्री **नरेंद्र मोदी** ने **25 अक्टूबर 2026** को **ओडिशा** के **खुर्दा जिले** में **भुवनेश्वर** के निकट **इन्फो वैली-II (जटनी)** में **भारतीय रिजर्व बैंक (RBI)** के नए डेटा सेंटर और **साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान** का उद्घाटन किया।
- **डेटा सेंटर:** यह RBI की भुगतान एवं निपटान प्रणालियों सहित **मिशन-क्रिटिकल प्रणालियों** को सहायता देगा।
- **प्रशिक्षण संस्थान:** यह साइबर सुरक्षा, एंटरप्राइज कंप्यूटिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) और **क्वांटम कंप्यूटिंग** में विशेष प्रशिक्षण तथा अनुसंधान कराएगा।

रेशम उत्पादन

- **20 सितम्बर, 2026** को बेंगलुरु में **केंद्रीय रेशम बोर्ड (CSB)** के **77वें स्थापना दिवस समारोह** में केंद्रीय वस्त्र मंत्री **गिरिराज सिंह** ने भारत का रेशम उत्पादन **2030-31 तक 60,000 मीट्रिक टन** करने का लक्ष्य घोषित किया
- साथ ही **2028-29 तक** भारत को **विश्व का सबसे बड़ा रेशम उत्पादक** बनाने की घोषणा की।
- **वर्तमान उत्पादन:** लगभग **42,000 मीट्रिक टन।**
- **वैश्विक स्थिति:** भारत चीन के बाद विश्व का **दूसरा सबसे बड़ा** रेशम उत्पादक है और विश्व का प्रमुख रेशम उपभोक्ता भी है।

आरबीआई की 63वीं मौद्रिक नीति समिति बैठक

- **बैठक:** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (MPC) की 63वीं बैठक 5-7 अक्टूबर, 2026 को गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में हुई
- **रेपो दर में वृद्धि:** समिति ने सर्वसम्मति से नीतिगत रेपो दर 25 आधार अंक बढ़ाकर 5.25% से 5.50% कर दी।
- यह फरवरी 2023 के बाद रेपो दर में प्रथम वृद्धि है।

दर	नई दर
रेपो दर	5.50%
स्थायी जमा सुविधा (SDF)	5.25%
सीमांत स्थायी सुविधा (MSF)	5.75%
बैंक दर	5.75%

- **नीतिगत रुख में बदलाव:** समिति ने अपना रुख 'तटस्थ' (Neutral) से बदलकर 'संतुलित सख्ती' (Calibrated Tightening) कर दिया; इसका अर्थ है कि निकट भविष्य में दरों में कटौती की संभावना नहीं है।
- **आर्थिक वृद्धि अनुमान:** वित्त वर्ष 2026-27 की वास्तविक ग्रॉस डोमेस्टिक प्रोडक्ट (GDP) वृद्धि का अनुमान 6.7% से बढ़ाकर 7.1% किया गया।

जीएसटी परिषद की 57वीं बैठक

- वस्तु एवं सेवा कर (GST) परिषद की 57वीं बैठक केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में 8 अक्टूबर, 2026 को नई दिल्ली में हुई
- **गिरफ्तारी शक्तियाँ:** केंद्रीय जीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 69 को हटाकर जीएसटी अधिकारियों की गिरफ्तारी शक्तियाँ समाप्त करने की सिफारिश।
- अभी तक अधिकारी आयुक्त-स्तर के अधिकारी की पूर्व अनुमति से रु. 1 करोड़ से अधिक की कर चोरी, फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (ITC) या गलत रिफंड के मामलों में गिरफ्तारी कर सकते थे।
- **अभियोजन सीमा:** जीएसटी अपराधों में आपराधिक अभियोजन (Prosecution) की मौद्रिक सीमा रु. 1 करोड़ से बढ़ाकर रु. 5 करोड़ करने की सिफारिश।
- **दंड में सुधार:** सामान्य जुर्माने की सीमा रु. 25,000 से घटाकर रु. 10,000 करने तथा न्यूनतम 6 महीने के अनिवार्य कारावास का प्रावधान हटाने की सिफारिश; कारावास, जुर्माना या दोनों का निर्णय न्यायालय के विवेक पर निर्भर होगा।
- **करदाताओं को राहत:** रु. 10,000 या उससे कम राशि के मामलों में नोटिस जारी नहीं करने, जीएसटी पंजीकरण सरल बनाने तथा टैक्स रिफंड प्रक्रिया तेज करने की सिफारिश।
- **जीएसटी दरें:** मौजूदा जीएसटी दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया।

महत्त्वपूर्ण वन लाइनर

- **11 अक्टूबर 2026** को प्रशासक **प्रफुल्ल पटेल ने लक्षद्वीप** को ULLAS नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्ण **साक्षर** केंद्रशासित प्रदेश घोषित किया। ULLAS एक **केंद्र प्रायोजित योजना है।**
- **राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO), MoSPI** ने घोषणा की है कि असंगठित क्षेत्र उद्यमों का वार्षिक सर्वेक्षण (ASUSE) **2027-28** का सर्वेक्षण **अप्रैल 2027 से मार्च 2028** (वित्त वर्ष) तक होगा। अब तक यह सर्वेक्षण कैलेंडर वर्ष **(जनवरी-दिसंबर)** के अनुसार होता था।
- फोर्ब्स **(Forbes)** ने 9 सितम्बर, 2026 को बाजार अनुसंधान संस्था **स्टैटिस्टा (Statista)** के सहयोग से **प्रथम बार** 'वर्ल्ड्स टॉप परफॉर्मिंग बैंक्स 2026' सूची जारी की। इसमें **एचडीएफसी बैंक** ने सबसे बड़े ग्लोबल बैंक **(Tier-1)** वर्ग में विश्व में **तीसरा स्थान** प्राप्त किया। एचडीएफसी शीर्ष-10 में शामिल **एकमात्र भारतीय बैंक** था।
- **RBI** ने **7 अक्टूबर 2026** को **पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (PPBL)** का बैंकिंग लाइसेंस रद्द होने के बाद उसे मान्यता-प्राप्त अनुसूचित (शेड्यूल्ड) बैंकों की सूची, अर्थात **RBI अधिनियम, 1934** की **द्वितीय अनुसूची,** से हटा दिया।
- **उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने 14 अक्टूबर 2026** को **गन्ना किसानों** की चिंताओं की जाँच करने और उपाय सुझाने के लिए एक समिति गठित की।
  - ♦ **अध्यक्ष**-नीति आयोग के पूर्व सदस्य **प्रो. रमेश चंद।**

- **WASH क्षेत्र का भारत का प्रथम सोशल बॉन्ड सूचीबद्ध**
  - **नैबकिसान फाइनेंस लिमिटेड ने 1 अक्टूबर 2026** को मुंबई स्थित **नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE)** पर जल, सफाई एवं स्वच्छता **(WASH)** क्षेत्र को समर्पित भारत का **प्रथम सोशल बॉन्ड** सूचीबद्ध किया।
  - नैबकिसान-**राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड)** की सहायक कंपनी।
- **जियो प्लेटफॉर्म्स का रु. 30,213 करोड़ का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (IPO)-देश का अब तक का सबसे बड़ा IPO** जो ह्युंडई मोटर इंडिया के रु. 27,859 करोड़ के IPO से बड़ा है।
- **मूल्य स्थिरीकरण कोष:** उपभोक्ता मामले विभाग के **मूल्य स्थिरीकरण कोष** के अंतर्गत सरकार **प्याज और दालों** जैसी वस्तुओं का **बफर भंडार** बनाती है और कीमतें बढ़ने पर उसे बाजार में जारी करती है।
- **PMMSY: प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY)** के अंतर्गत केंद्र ने देश में **34 मत्स्यपालन क्लस्टर** अधिसूचित किए हैं।
- **कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) ने नई माफी योजना,** 2025 (1 अक्टूबर 2025-30 सितंबर 2026) को तीन माह बढ़ाकर 31 दिसंबर 2026 तक कर दिया गया है। यह योजना पूर्ववर्ती ESI अधिनियम के अंतर्गत लंबित मुकदमों को न्यायालय से बाहर निपटाने की एकमुश्त विवाद-समाधान योजना है।
- केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने 4 अक्टूबर, 2026 को गुंटूर जिले के बुर्रीपालेम गाँव में भारत की प्रथम 3डी कंक्रीट प्रिंटिंग (3DCP) आधारित ग्रामीण आवास पायलट परियोजना की आधारशिला रखी। इसके अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (PMAY-G) 2.0 में 177 घर छह महीने में बनाए जाएँगे।
- तमिलनाडु के तूतीकोरिन (थूथुकुडी) स्थित वी.ओ. चिदंबरनार बंदरगाह के तूतीकोरिन अन्तर्राष्ट्रीय कंटेनर टर्मिनल (TICT) को 22 अक्टूबर, 2026 को 'ग्रीन टर्मिनल' (Green Terminal) घोषित किया गया।
- भारत की पारंपरिक सांस्कृतिक एवं स्थानीय विरासत को संरक्षण देने के उद्देश्य से गुजरात के 'अंबाजी मोहनथाल' प्रसाद और झारखंड के पारंपरिक वाद्ययंत्र 'मांदर' को वर्ष 2026 में भौगोलिक संकेतक (GI) टैग प्रदान किया गया।

Springboard Academy

03 अंतरराष्ट्रीय समसामयिकी

भारत-स्विट्जरलैंड: स्विस राष्ट्रपति गी पार्मेलां की राजकीय यात्रा

- **तिथि एवं स्थान:** 5-7 अक्टूबर 2026, नई दिल्ली; स्विस परिसंघ (Swiss Confederation) के राष्ट्रपति गी पार्मेलां (Guy Parmelin) बड़े व्यापारिक प्रतिनिधि मंडल के साथ भारत आए।
- **TEPA का संदर्भ:** भारत-EFTA व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौता (TEPA) अक्टूबर 2025 से लागू; यह किसी यूरोपीय आर्थिक समूह के साथ भारत का पहला मुक्त व्यापार समझौता है।
- **लक्ष्य:** अगले 15 वर्षों में भारत में 100 अरब डॉलर निवेश और 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार।
- **प्रॉस्पेरिटी समिट:** 7 अक्टूबर को भारत-EFTA व्यापारिक नेताओं के साथ 'प्रॉस्पेरिटी समिट' का आयोजन।
- **AI सहयोग:** स्विट्जरलैंड 2027 में 'जिनेवा AI समिट' आयोजित करेगा (भारत ने फरवरी 2026 में AI इम्पैक्ट समिट की मेजबानी की थी); भारत को आमंत्रण।

यात्रा के प्रमुख परिणाम (Outcomes)

1. **प्रवासन एवं आवागमन साझेदारी (MMP) पर MoU:** 5 वर्ष तक का बहु-प्रवेश वीजा (प्रत्येक यात्रा में 6 माह तक प्रवास) तथा नवीकरणीय 1-वर्षीय छात्र परमिट; अनियमित प्रवासन व मानव तस्करी की रोकथाम।
2. **युवा पेशेवर योजना :** प्रत्येक देश से प्रतिवर्ष 300 युवा पेशेवर (500 तक बढ़ाया जा सकता है)।
3. **परिवहन सहयोग MoU:** स्विस संघीय आर्थिक मामले, शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग (EAER) तथा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के बीच- इलेक्ट्रिक वाहन, रोपवे, सुरंग, चक्रीय अर्थव्यवस्था।
4. **DST-SNSF आशय पत्र:** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा स्विस राष्ट्रीय विज्ञान फाउंडेशन (SNSF) के बीच दीर्घकालिक शोध सहयोग।
5. **DST-ज्यूरिख एप्लाइड साइंसेज विश्वविद्यालय कार्यान्वयन समझौता:** प्रारंभिक स्टार्टअप्स हेतु 'भारत-स्विस अकादमिक-उद्योग प्रशिक्षण (AIT India)' कार्यक्रम।
6. **घोषणा:** भारत-स्विट्जरलैंड अनुसंधान नेतृत्व कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र आयोजित।

विज्ञान-प्रौद्योगिकी वार्ता (डॉ. जितेंद्र सिंह-राष्ट्रपति पार्मेलां, 6 अक्टूबर)

- स्विट्जरलैंड ने भारत-स्विस अनुसंधान साझेदारी के लिए अतिरिक्त 4.5 करोड़ स्विस फ्रैंक (CHF 45 million) निर्धारित किए और भारत से समान प्रतिबद्धता की अपेक्षा की।
- भारत-स्विट्जरलैंड अनुसंधान ढाँचा (ISRF) तथा संयुक्त वैज्ञानिक बोर्ड की प्रगति का स्वागत; द्विपक्षीय S&T अंतर-सरकारी समझौता 2003 में हुआ था।
- **नोट (NOTE)**
  - **EFTA सदस्य:** स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड, लिकटेंस्टीन; TEPA पर हस्ताक्षर 10 मार्च 2024 को हुए।

भारत-पोलैंड: प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क की राजकीय यात्रा

- **तिथि:** 21-23 अक्टूबर 2026; पोलैंड गणराज्य के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत आए।
- **पृष्ठभूमि:** अगस्त 2024 में प्रधानमंत्री मोदी की पोलैंड यात्रा में संबंध **रणनीतिक साझेदारी** तक उन्नत; भारत-पोलैंड कार्ययोजना 2024-2028 अपनाई गई।
- **परिणामों की सूची (Outcomes)**
  1. 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार **दोगुना** करने का लक्ष्य।
  2. पोलैंड **आपदा-रोधी अवसंरचना गठबंधन (CDRI)** में शामिल।
  3. **रक्षा उद्योग संवाद** की स्थापना।
  4. **आतंकवाद-रोधी वार्ता** पर सहमति।
- **संयुक्त वक्तव्य के प्रमुख बिंदु**
  - **व्यापार एवं प्रौद्योगिकी:** भारत-पोलैंड स्टार्ट-अप

ब्रिज; AI, सेमीकंडक्टर व क्वांटम पर संयुक्त अनुसंधान; युवाओं के लिए टेक्नोलॉजी हैकाथॉन।

- **महत्वपूर्ण खनिज:** बैटरी पुनर्चक्रण, दुर्लभ मृदा (Rare Earth) परिष्करण, भूविज्ञान व खनन में सहयोग; MoU पर बातचीत जारी; कोल गैसीकरण में साझेदारी।
- **रक्षा:** सितंबर 2026 में **वारसॉ** में रक्षा संयुक्त कार्य समूह की 8वीं बैठक; गोपनीय सूचना संरक्षण समझौता शीघ्र सम्पन्न करने की घोषणा।
- **भारत-EU संदर्भ:** 27 जनवरी 2026 का भारत-EU शिखर सम्मेलन (नई दिल्ली), **"Towards 2030: संयुक्त भारत-EU व्यापक रणनीतिक एजेंडा',** भारत-EU FTA वार्ता का समापन, तथा जनवरी 2026 में हस्ताक्षरित भारत-EU सुरक्षा एवं रक्षा साझेदारी।
- **संपर्क:** सीधी उड़ानें, बंदरगाह सहयोग तथा IMEC (भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा) का समर्थन; ध्रुवीय विज्ञान (Polar affairs) में सहयोग।
- **बहुपक्षीय:** पोलैंड ने सुधारित UNSC में भारत की स्थायी सदस्यता तथा **2028-29** हेतु अस्थायी सदस्यता की उम्मीदवारी का समर्थन किया; पहलगाम हमले (22 अप्रैल 2025) की निंदा; CCIT को शीघ्र अपनाने का आह्वान।
- **आमंत्रण:** भारत ने पोलैंड को हिंद-प्रशांत महासागर पहल (IPOI), अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) तथा वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन (GBA) में शामिल होने का निमंत्रण दिया।
- **V4+भारत:** भारत और विसेग्राद समूह (V4) के विदेश मंत्रियों की पहली बैठक का स्वागत।

❐ **सांस्कृतिक संबंध:** क्राको के यागेलोनियन विश्वविद्यालय में ICCR भारतीय अध्ययन पीठ; राष्ट्रीय अभिलेखागार सहयोग समझौता; जाम साहेब स्मृति युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का दूसरा संस्करण अक्टूबर 2026 में।

❐ **नोट (NOTE)**

- **ऑपरेशन गंगा (2022):** यूक्रेन से 2,000 से अधिक भारतीय विद्यार्थियों की निकासी में पोलैंड ने सहायता की।
- **विसेग्राद समूह (V4):** पोलैंड, हंगरी, चेक गणराज्य, स्लोवाकिया (स्थापना 1991)।

विदेश मंत्री की अफ्रीका यात्रा: घाना, कोट डी आइवर एवं इथियोपिया

❐ **तिथि:** 6-10 अक्टूबर 2026; विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की तीन देशों की आधिकारिक यात्रा; अदीस अबाबा में क्षेत्रीय मिशन प्रमुखों (Regional Heads of Mission) के सम्मेलन की अध्यक्षता।

❐ **घाना (अक्रा)**

- **IBCA में घाना:** 7 अक्टूबर 2026 को घाना के विदेश मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय बिग कैट गठबंधन (IBCA) की स्वीकृति का दस्तावेज (Instrument of Acceptance) सौंपा-**घाना IBCA का नवीनतम सदस्य बना।**
- **कृषि सहयोग MoU:** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) तथा CSIR-फसल अनुसंधान संस्थान (CSIR-CRI), घाना के बीच 5 वर्षीय समझौता।

भारत-कनाडा: विदेश मंत्री अनीता आनंद की प्रधानमंत्री से भेंट

❐ **तिथि:** 14 अक्टूबर 2026, नई दिल्ली; कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की।

❐ **CEPA:** प्रधानमंत्री ने व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (CEPA) की वार्ता शीघ्र पूर्ण करने पर बल दिया।

भारत-बांग्लादेश: ब्रह्मपुत्र मार्ग से डिब्रूगढ़-ढाका पहली अंतरराष्ट्रीय माल यात्रा

❐ **तिथि:** 5 अक्टूबर 2026; केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री **सर्बानंद सोनोवाल** ने बोगीबील टर्मिनल (डिब्रूगढ़, असम) से हरी झंडी दिखाई; असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा वर्चुअल रूप से शामिल।

❐ **माल:** नामरूप स्थित **असम पेट्रो-केमिकल्स लिमिटेड (APCL)** द्वारा उत्पादित **540 मीट्रिक टन मेथनॉल;** जहाज-DLB पटकाई।

❐ **मार्ग: राष्ट्रीय जलमार्ग-2 (ब्रह्मपुत्र),** ढाका के पानगाँव बंदरगाह तक; कुल दूरी लगभग 1,300 किमी।

❐ **ऐतिहासिक महत्त्व:** स्वतंत्रता के बाद ऊपरी असम से किसी विदेशी बंदरगाह के लिए पहली जलमार्ग खेप।

भारत-भूटान: 770 मेगावाट चमखरछु-I जलविद्युत परियोजना

- **समझौता:** 6 अक्टूबर 2026, थिम्पू; **अडानी पावर** तथा भूटान की **ड्रुक ग्रीन पावर कॉर्पोरेशन (DGPC)** के बीच शेयरधारक समझौता।
- **परियोजना: 770 मेगावाट** पीकिंग रन-ऑफ-द-रिवर परियोजना; चमखरछु नदी, झेमगांग जिला (मध्य भूटान)।
- **स्वरूप:** इक्विटी 49:51 (अडानी:DGPC); **BOOT मॉडल,** वाणिज्यिक संचालन से 30 वर्ष की रियायत।
- **विद्युत व्यापार:** ग्रीष्मकाल में अधिशेष हरित बिजली भारत को निर्यात; शीतकाल में भूटान की चरम माँग की पूर्ति।
- **समय-सीमा:** निर्माण 2027 की पहली छमाही से; लगभग 6 वर्ष में चालू करने का लक्ष्य।

भारत-सिंगापुर: 'नमस्ते भारत 2026' प्रदर्शनी

- **तिथि एवं स्थान:** 22-25 अक्टूबर 2026, सिंगापुर; भारतीय उत्पादों की प्रदर्शनी-सह-व्यापार मेला।
- **सहभागिता:** लगभग 150 भारतीय प्रदर्शक; महाराष्ट्र की 50 महिला उद्यमियों का प्रतिनिधिमंडल।
- **उत्पाद:** हस्तशिल्प, वस्त्र, आभूषण, पारंपरिक खाद्य तथा मिलेट-आधारित उत्पाद।
- **उद्देश्य:** सिंगापुर के माध्यम से व्यापक एशियाई बाजार तक भारतीय उत्पादों की पहुँच; महानगरों से इतर भारतीय राज्यों और सिंगापुर के बीच व्यापारिक नेटवर्क को सुदृढ़ करना।
- **नोट (NOTE)**
  - **भारत-सिंगापुर: CECA (2005)**- किसी देश के साथ भारत का पहला व्यापक आर्थिक सहयोग समझौता; सितंबर 2024 में प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान संबंध 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' तक उन्नत।

पांडुलिपि विरासत कूटनीति: फ्रांस (BnF) के साथ MoU एवं श्रीलंका में 'SAMHiTA' परियोजना

भारत-फ्रांस: ज्ञान भारतम् मिशन के अंतर्गत BnF से समझौता

- **तिथि एवं स्थान:** 26 अक्टूबर 2026, पेरिस; संस्कृति मंत्रालय तथा बिब्लियोथेक नास्योनाल द फ्रांस (BnF-फ्रांस का राष्ट्रीय पुस्तकालय) के बीच MoU
- **भारतीय साझेदार:** संस्कृति मंत्रालय (ज्ञान भारतम् के माध्यम से), राष्ट्रीय अभिलेखागार (नई दिल्ली) तथा राष्ट्रीय पुस्तकालय (कोलकाता)।
- **सहयोग के 5 क्षेत्र:** डिजिटलीकरण; राष्ट्रीय डिजिटल रिपॉजिटरी पर साझाकरण; प्रौद्योगिकी का आदान-प्रदान; संरक्षण; अनुसंधान एवं विकास।
- **प्रमुख कार्य:** BnF में संग्रहीत भारतीय मूल की पांडुलिपियों की पहचान व डिजिटलीकरण; भारतीय लिपियों हेतु OCR/HTR उपकरण, कैटलॉगिंग मानक, डिजिटल मानविकी; संयुक्त कार्यशालाएँ, प्रदर्शनियाँ व विद्वानों का आदान-प्रदान।

भारत-श्रीलंका: SAMHiTA परियोजना

- **परिचय:** SAMHiTA-South Asian Manuscript Histories and Textual Archive (दक्षिण एशियाई पांडुलिपि इतिहास एवं पाठ्य अभिलेखागार)
- **क्रियान्वयन:** इंडिया इंटरनेशनल सेंटर (IIC), नई दिल्ली, भारत सरकार के अनुदान से।
- **श्रीलंका में शुभारंभ:** अक्टूबर 2026, **गंगारामया मंदिर,** कोलंबो- परियोजना से जुड़ने वाली श्रीलंका की **पहली संस्था** (MoU- जुलाई 2026)।
- **कार्य:** मंदिर की 100 प्राचीन पांडुलिपियों (धर्म, दर्शन, भाषा व सांस्कृतिक परंपराएँ) का स्थानीय विशेषज्ञों द्वारा डिजिटलीकरण; नवंबर 2026 के अंत तक पूर्ण होने की संभावना।

क्षेत्रीय एवं बहुपक्षीय मंच

बिम्सटेक गृह मंत्रियों की पहली बैठक एवं 'दिल्ली घोषणा'

- **तिथि एवं स्थान:** 13 अक्टूबर 2026, नई दिल्ली।
- **अध्यक्षता:** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह।
- **सहभागिता:** बिम्सटेक के सभी 7 सदस्य- बांग्लादेश, भूटान, भारत, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका, थाईलैंड।
- **सहयोग के 5 क्षेत्र (भारत का प्रस्ताव):** मादक पदार्थ नियंत्रण; आतंकवाद-रोधी व कानूनी सहयोग; भगोड़े अपराधियों की वापसी; साइबर सुरक्षा व साइबर अपराध जाँच; संस्थागत सहयोग व क्षमता निर्माण।
- **आपदा प्रबंधन:** प्रस्तावित बिम्सटेक आपदा प्रबंधन केंद्र गुजरात के **जामनगर** में स्थापित करने की योजना।

बैठक में स्वीकृत दस्तावेज

1. मानव तस्करी के विरुद्ध बिम्सटेक कन्वेंशन।
2. मादक पदार्थ नियंत्रण हेतु बिम्सटेक कार्ययोजना।
3. मनी लॉन्ड्रिंग एवं आतंकी वित्तपोषण (प्रसार वित्तपोषण सहित) से निपटने हेतु क्षमता निर्माण पर MoU।
4. अवैध वित्तीय प्रवाह (Illicit Financial Flows) की रोकथाम हेतु कार्ययोजना।
5. बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में प्राकृतिक आपदाओं (सुनामी जोखिम सहित) की तैयारी व समन्वय हेतु कार्ययोजना।

दिल्ली घोषणा (Delhi Declaration)

- सीमा-पार आतंकवाद सहित आतंकवाद के सभी रूपों की कड़ी निंदा; **UNSC 1267 प्रतिबंध समिति** के उपायों के प्रभावी कार्यान्वयन का आह्वान।
- ऑनलाइन धोखाधड़ी केंद्रों (Scam Centres) में जबरन काम कराए जा रहे मानव तस्करी के पीड़ितों के प्रति पीड़ित-केंद्रित दृष्टिकोण।
- अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद, संगठित अपराध व मादक पदार्थ तस्करी से निपटने पर **बिम्सटेक कन्वेंशन (मार्च 2021 से प्रभावी)** तथा आपराधिक मामलों में पारस्परिक कानूनी सहायता कन्वेंशन **(मार्च 2022, कोलंबो)** का प्रभावी कार्यान्वयन।
- प्रत्यर्पण तथा सजायाफ्ता व्यक्तियों के स्थानांतरण संबंधी समझौतों को शीघ्र अंतिम रूप देना; **बिम्सटेक मादक पदार्थ अपराध निगरानी डेस्क (BDOMD)** का विकास।

शंघाई सहयोग संगठन: शासनाध्यक्ष परिषद की 25वीं बैठक, दुशान्बे

- **तिथि एवं स्थान:** 19-20 अक्टूबर 2026, दुशान्बे (ताजिकिस्तान); भारत का प्रतिनिधित्व- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।
- **संस्थागत सुधार:** बिश्केक शिखर सम्मेलन (अगस्त-सितंबर 2026) के निर्णयों- ताशकंद में सार्वभौमिक केंद्र तथा दुशान्बे में मादक पदार्थ-रोधी केंद्र को स्थायी निकाय बनाने का स्वागत।
- **आर्थिक सहयोग:** 2026-2030 के लिए बहुपक्षीय व्यापार एवं आर्थिक सहयोग कार्यक्रम (PMTEC) की कार्ययोजना का समर्थन।
- **भारत की पहलें:** इस वर्ष के अंत में भारत द्वारा आयोजित **पहले SCO सभ्यता संवाद मंच** में भाग लेने का आमंत्रण। (20-22 नवम्बर, 2026 को, पुराना किला, नई दिल्ली)
- **नोट (NOTE)**
  - **SCO:** स्थापना 15 जून 2001, शंघाई; सचिवालय- बीजिंग; RATS- ताशकंद; भारत व पाकिस्तान 2017 से पूर्ण सदस्य।

भारत-आसियान: बहुआयामी सहयोग

पहला आसियान-भारत रक्षा थिंक टैंक फोरम

- **तिथि एवं स्थान:** 14-15 अक्टूबर 2026, **मनोहर पर्रिकर रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान (MP-IDSA),** नई दिल्ली; रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का संबोधन।
- **उत्पत्ति:** 31 अक्टूबर 2025 को कुआलालंपुर में **12वें ADMM-PLUS** के दौरान दूसरी आसियान-भारत रक्षा मंत्रियों की अनौपचारिक बैठक में रक्षा मंत्री द्वारा घोषणा।
- **2026 आसियान-भारत समुद्री सहयोग वर्ष।**

20वीं पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन ऊर्जा मंत्रियों की बैठक

- 8 अक्टूबर 2026, **मनीला (फिलीपींस);** भारत की ओर से विद्युत एवं नवीन-नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री **श्रीपद येसो नाइक।**
- आसियान ऊर्जा सहयोग कार्ययोजना (APAEC) 2026-2030 तथा आसियान-भारत कार्ययोजना 2026-2030 का स्वागत; **आसियान पावर ग्रिड** के लिए 400 पेशेवरों के प्रशिक्षण की घोषणा (22वाँ आसियान-भारत शिखर सम्मेलन, 2025)।
- **नोट (NOTE)**
  - AITIGA: आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौता- 2009 में हस्ताक्षरित, 2010 से प्रभावी; इसकी समीक्षा वार्ता जारी।
  - आसियान (10+1): 2025 में तिमोर-लेस्ते 11वाँ सदस्य बना; 2026 में अध्यक्षता- फिलीपींस।

13वीं आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस (ADMM-Plus), सेबू

- **तिथि एवं स्थान: 28-29 अक्टूबर 2026,** सेबू (फिलीपींस); अध्यक्ष- फिलीपींस; भारतीय प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व- **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह** ('क्षेत्रीय एवं

अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान' विषय पर संबोधन)।

- **संरचना:** आसियान के **11 सदस्य** (ब्रूनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओ PDR, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, तिमोर-लेस्ते, वियतनाम) तथा **8 संवाद साझेदार** (भारत, अमेरिका, चीन, रूस, जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड)।
- **भारत की भूमिका:** 2024-2027 के लिए **मलेशिया के साथ आतंकवाद-रोधी विशेषज्ञ कार्य समूह** की सह-अध्यक्षता; एक्ट ईस्ट नीति के अंतर्गत रक्षा कूटनीति।

12वाँ ब्रिक्स संसदीय फोरम, नई दिल्ली

- **तिथि एवं स्थान:** 26-27 अक्टूबर 2026; संविधान सदन का केंद्रीय कक्ष, नई दिल्ली; **आयोजक**- भारत की संसद; उद्घाटन 26 अक्टूबर को।
- **मुख्य विषय:** "Fostering Parliaments for People-Centric Development" (जन-केंद्रित विकास हेतु संसदों का सुदृढ़ीकरण)।
- **उद्घाटन:** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा संविधान सदन में।
- **अध्यक्षता हस्तांतरण:** 2027 हेतु ब्रिक्स संसदीय मंच की अध्यखता चीन को सौपी।
- **ब्रिक्स संसदीय मंच:** पहली बैठक 2015, मॉस्को (रूस)।
- **चार सत्र:**
  1. **रेजिलिएंस**- संस्थाओं को सुदृढ़ करने में संसदों की भूमिका;
  2. **नवाचार**- AI व डिजिटल तकनीक में मानव-केंद्रित नवोन्मेष;
  3. **सहयोग**- अधिक प्रातिनिधिक वैश्विक शासन;
  4. **सस्टेनेबिलिटी**।

अंतर-संसदीय संघ (IPU) की 153वीं सभा, तंजानिया

- **तिथि एवं स्थान:** 5-9 अक्टूबर 2026, अरूशा (संयुक्त गणराज्य तंजानिया)।
- **विषय:** "Enhancing good governance and empowering communities through inclusiveness, trust and opportunities for all" (सभी के लिए समावेशिता, विश्वास और अवसरों के माध्यम से सुशासन बढ़ाना और समुदायों को सशक्त बनाना)।
- **भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व:** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश।
- **नोट (NOTE)**
  - IPU: स्थापना 1889; मुख्यालय- जिनेवा; विश्व की संसदों का वैश्विक संगठन।

एशिया में अंत:क्रिया एवं विश्वास-निर्माण उपाय सम्मेलन (CICA) का 7वाँ शिखर सम्मेलन

- **तिथि एवं स्थान:** 15 अक्टूबर 2026, बाकू (अजरबैजान);
- **अध्यक्ष:** राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव।
- **निर्णय:** अजरबैजान की अध्यक्षता (2024-26) को 2028 तक बढ़ाने का समर्थन; लाओस को नए सदस्य के रूप में शामिल किया गया।

अंतरराष्ट्रीय विधिक मापविज्ञान समिति (CIML) की 61वीं बैठक, नई दिल्ली

- **तिथि:** 26-28 अक्टूबर 2026; भारत **पहली बार** मेजबानी
- **आयोजक:** उपभोक्ता मामले विभाग, अंतरराष्ट्रीय विधिक मापविज्ञान संगठन (OIML) के सहयोग से।
- **उद्घाटन संगोष्ठी:** 26 अक्टूबर, विषय- 'विधिक माप विज्ञान में विकास'
- **भारत के सुधार:** जन विश्वास सुधार (2023 व 2026)- अपराधों का गैर-अपराधीकरण; सरकार द्वारा स्वीकृत परीक्षण केंद्र (GATC); ई-माप (eMaap) राष्ट्रीय पोर्टल; OIML प्रमाणन प्रणाली (OIML-CS) में भारत को 'जारीकर्ता प्राधिकरण' की मान्यता; 'एक राष्ट्र, एक समय'- राष्ट्रीय समय प्रसार परियोजना (सटीक IST)

समुद्री कूटनीति एवं महासागर शासन

सागरमंथन 2026: द ग्रेट ओशन्स डायलॉग (तीसरा संस्करण)

- **आयोजन:** 6-7 अक्टूबर 2026, नई दिल्ली; **पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय (MoPSW)** तथा ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ORF) द्वारा।
- **भारतीय नाविक विश्व की दूसरी सबसे बड़ी समुद्री श्रमशक्ति।**
- **सहभागिता:** ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, भूटान, EU, फ्रांस, नॉर्वे, कोरिया, UAE, नाइजीरिया, इथियोपिया, घाना,

मिस्र, सेशेल्स, इक्वाडोर तथा OECD, UN Trade - Development, AIIB व अफ्रीकी संघ।

- **उद्घाटन सत्र:** "Waves of Trust: Ports, Partnerships and Building a New Maritime Century"
- **परिणाम:** भारत-EU हरित शिपिंग कॉरिडोर हेतु उद्योग गठबंधन का औपचारिक शुभारंभ (RMI के साथ; हरित अमोनिया व मेथनॉल व्यापार); भारत-कोरिया गोलमेज (KIEP के साथ)

हिंद-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद (IPRD) 2026

- **तिथि एवं स्थान:** 3-5 नवंबर 2026, नई दिल्ली; भारतीय नौसेना का वार्षिक शीर्ष अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक संवाद; **ज्ञान साझेदार**- नेशनल मैरीटाइम फाउंडेशन (NMF)।
- **विषय:** 'हिंद-प्रशांत क्षेत्र में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और शैक्षणिक सहयोग'।
- **सत्र: 5 विषयगत सत्र**- शैक्षणिक नेटवर्क व मानव पूँजी; समुद्री स्थितिजन्य जागरूकता व महत्वपूर्ण समुद्री अवसंरचना की सुरक्षा; समुद्र विज्ञान व जलवायु लचीलापन; महासागर शासन; परिवर्तनकारी समुद्री प्रौद्योगिकियाँ व दोहरे उपयोग के निहितार्थ।

दक्षिणी हिंद महासागर मत्स्य समझौते (SIOFA) में भारत का प्रवेश

- **निर्णय:** अक्टूबर 2026 में केंद्र सरकार ने **SIOFA** में भारत के अनुबंधित पक्ष (Contracting Party) के रूप में प्रवेश (Accession) को स्वीकृति दी।
- **पूर्व स्थिति:** भारत 2022 से सहयोगी गैर-अनुबंधित पक्ष (CNCP) था।

समुद्र-स्तर वृद्धि पर संयुक्त राष्ट्र महासभा की पहली घोषणा

- **तिथि:** 24 सितंबर 2026; UNGA के 81वें सत्र के उच्च-स्तरीय खंड में **सर्वसम्मति** से अंगीकृत।
- **मुख्य प्रावधान:** समुद्र-स्तर वृद्धि के जोखिम 'संचयी, गंभीर एवं अपरिवर्तनीय'; आपदा जोखिम न्यूनीकरण, पूर्व चेतावनी प्रणाली व दीर्घकालिक योजना; **वैश्विक महासागर अवलोकन प्रणाली (GOOS)** व **वैश्विक समुद्र-स्तर अवलोकन प्रणाली (GLOSS)** के प्रति प्रतिबद्धता; द्वीपीय देशों की **राज्यत्व की निरंतरता (Continuity of Statehood)** तथा समुद्री क्षेत्रों के संरक्षण का समर्थन।

विश्व घटनाक्रम

इराक से अमेरिकी सेना की पूर्ण वापसी

- **तिथि:** 30 सितंबर 2026; अमेरिकी केंद्रीय कमान (CENTCOM) ने वापसी पूर्ण होने की घोषणा की; अंतिम सैनिकों ने उत्तरी इराक के **एरबिल (कुर्दिस्तान क्षेत्र)** का अड्डा छोड़ा।
- **समाप्त अभियान:** इस्लामिक स्टेट (ISIS) के विरुद्ध 2014 से चल रहा 12 वर्षीय अमेरिकी-नेतृत्व गठबंधन मिशन **(ऑपरेशन इन्हेरेंट रिजॉल्व)।**

अल-अलमीन संयुक्त घोषणा: लाल सागर, नील जल एवं क्षेत्रीय एकता

- **तिथि एवं स्थान:** 4 अक्टूबर 2026, न्यू अलमीन (मिस्र)।
- **सहभागी:** मिस्र, इरीट्रिया, सोमालिया, सूडान।
- **लाल सागर:** लाल सागर का शासन केवल तटीय (Littoral) देशों का दायित्व।
- **नील जल:** अंतरराष्ट्रीय नदियों पर कोई हानि नहीं (No Harm)', पूर्व सूचना व परामर्श का सिद्धांत; निचले तटवर्ती देशों (मिस्र, सूडान) को हानि पहुँचाने वाले एकतरफा उपायों का विरोध (**संदर्भ**- GERD)।
- **सूडान व सोमालिया:** सूडान की एकता का समर्थन व समानांतर सत्ता संरचनाओं की अस्वीकृति; **स्व-घोषित 'सोमालीलैंड'** को मान्यता का विरोध।

कनाडा: यूरोपीय संघ का पहला 'सहयोगी सदस्य' बनने का प्रस्ताव

- **घोषणा:** 16 सितंबर 2026, स्ट्रासबर्ग; यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला फॉन डेर लेयेन ने 'स्टेट ऑफ द यूनियन' भाषण में कनाडा को **EU का पहला 'सहयोगी** सदस्य' (Associate Member) बनने का निमंत्रण दिया।

तुर्किये, कतर, पाकिस्तान एवं इंडोनेशिया के बीच 'बद्र' रक्षा सहयोग MoU

- **तिथि एवं स्थान:** 21 अक्टूबर 2026, दोहा (कतर)।
- **स्वरूप:** रक्षा विनिर्माण सहयोग पर समझौता ज्ञापन- पारस्परिक रक्षा प्रतिबद्धता नहीं, बल्कि औद्योगिक सहयोग।

- **विषय:** संयुक्त उत्पादन, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, एकीकृत आपूर्ति श्रृंखला, तकनीकी प्रशिक्षण एवं अनुसंधान-विकास।
- **संदर्भ: सऊदी अरब, पाकिस्तान व तुर्किये के बीच अगस्त 2026 का मक्का संयुक्त रक्षा समझौता।**

मोरक्को को पहली महिला शासनाध्यक्ष: फातिमा जहरा अल-मंसूरी

- **नियुक्ति:** 29 सितंबर 2026, राजा मोहम्मद VI ने फातिमा अज्जहरा अल-मंसूरी को शासनाध्यक्ष (प्रधानमंत्री) नियुक्त कर नई सरकार बनाने का दायित्व सौंपा।

ब्राजील: लूला डा सिल्वा चौथी बार राष्ट्रपति निर्वाचित

- **चुनाव:** प्रथम चरण- 4 अक्टूबर 2026 (फ्लावियो बोल्सोनारो ~47.0%, लूला ~45.2%); द्वितीय चरण (रन-ऑफ)- 25 अक्टूबर 2026।
- **परिणाम:** लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा **(वर्कर्स पार्टी-PT)** लगभग 51.8% मतों से विजयी; **प्रतिद्वंद्वी**- फ्लावियो बोल्सोनारो (पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के पुत्र)।
- **कार्यकाल:** लूला का चौथा (गैर-लगातार) कार्यकाल; पूर्व कार्यकाल- 2003-2010 (दो कार्यकाल) व 2023-2026; नया कार्यकाल 5 जनवरी 2027 से।

ग्रीस: 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों हेतु सोशल मीडिया पर प्रतिबंध

- **कानून:** ग्रीस की संसद ने 23 अक्टूबर 2026 को विधेयक पारित किया; 1 जनवरी 2027 से प्रभावी।
- **प्रावधान:** 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों के सोशल मीडिया उपयोग पर रोक।
- **कारण:** 'अंतहीन स्क्रॉलिंग', डिजिटल लत, बच्चों की नींद व एकाग्रता पर दुष्प्रभाव।
- **अन्य देश: ऑस्ट्रेलिया**- 16 वर्ष से कम आयु पर प्रतिबंध (दिसंबर 2025 से) लागू करने वाला पहला देश; **यूरोपीय आयोग का प्रस्तावित 'EU Kids Act'** (सितंबर 2026)- 13 वर्ष से कम पर प्रतिबंध, स्वयं का खाता बनाने हेतु न्यूनतम आयु 15 वर्ष; फ्रांस का ऐसा कानून अगस्त 2026 में संवैधानिक परिषद ने निरस्त किया।

यूरोप में सामाजिक असंतोष की लहर (अक्टूबर 2026)

- **पृष्ठभूमि:** अक्टूबर 2026 के मध्य से यूरोप के कई देशों में व्यापक विरोध-प्रदर्शन; **मुख्य कारण**- बढ़ती महँगाई व जीवन-यापन लागत, आवास संकट, शिक्षा-स्वास्थ्य जैसी सार्वजनिक सेवाओं में गिरावट तथा युवाओं में अनिश्चितता।
- **फ्रांस:** जीर्ण-शीर्ण व कम कर्मचारियों वाले स्कूलों के विरुद्ध विद्यार्थियों से शुरू आंदोलन।
- **अल्बानिया:** राजधानी तिराना में भ्रष्टाचार-विरोधी प्रदर्शन; **'फ्लेमिंगो' आंदोलन** द्वारा प्रधानमंत्री एदी रामा के इस्तीफे की माँग।
- **इटली:** 'इटालिया इन पियाजा' आंदोलन- बेहतर रोजगार, वेतन, आवास व स्वास्थ्य की माँग; सितंबर में मुद्रास्फीति 4.2% (यूरोजोन 3.8%)।
- **पुर्तगाल:** लिस्बन व पोर्टो में आवास व किराये की बढ़ती लागत के विरुद्ध प्रदर्शन।
- **बेल्जियम:** सरकार के मितव्ययिता (Austerity) उपायों व पेंशन सुधारों के विरुद्ध श्रमिक संघों की हड़तालें व प्रदर्शन।

संयुक्त सैन्य अभ्यास एवं रक्षा कूटनीति

पहला बिम्सटेक समुद्री सुरक्षा अभ्यास

- **तिथि एवं स्थान: 30 अक्टूबर-3 नवंबर 2026, श्री विजयपुरम (अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह);** मेजबान- **अंडमान एवं निकोबार कमान (ANC)**- भारत की पहली एकीकृत त्रि-सेवा कमान।
- **सहभागी:** बिम्सटेक के सभी **7 सदस्य**- बांग्लादेश, भूटान, भारत, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका व थाईलैंड।
- **स्वरूप:** तीन दिवसीय **टेबलटॉप अभ्यास**, उसके बाद दो दिवसीय **हार्बर चरण।**
- **उद्देश्य:** पारस्परिक परिचालन समन्वय, **समुद्री क्षेत्र जागरूकता,** समन्वय तंत्र का सुदृढ़ीकरण व सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान; मूल मंत्र- **'साझा समुद्र, साझा सुरक्षा और साझा समृद्धि'।**

भारत-कोरिया गणराज्य नौसैनिक द्विपक्षीय अभ्यास (IN-ROKN), बुसान

- **पोत:** भारत- INS सह्याद्रि (स्वदेशी निर्देशित मिसाइल स्टील्थ फ्रिगेट, शिवालिक-श्रेणी); कोरिया- ROKS मुनमु द ग्रेट।

- **तिथि एवं स्थान:** 26 अक्टूबर 2026 को दक्षिण कोरिया के बुसान नौसैनिक बंदरगाह पहुँचा; 29 अक्टूबर 2026 को अभ्यास संपन्न।
- **चरण:** बंदरगाह चरण- पेशेवर चर्चा, पोत भ्रमण, विषय विशेषज्ञों का आदान-प्रदान, खेल व सांस्कृतिक गतिविधियाँ; समुद्री चरण- समन्वित नौवहन, हेलीकॉप्टर संचालन व संयुक्त युद्धाभ्यास।

भारत-अमेरिका त्रि-सेवा HADR अभ्यास 'टाइगर ट्रायम्फ 2026' (5वाँ संस्करण)

- **उद्घाटन:** 2 नवंबर 2026, समुद्री युद्ध केंद्र (MWC), विशाखापत्तनम; अध्यक्षता- पूर्वी बेड़े के FOC रियर एडमिरल विशाल बिश्नोई व अमेरिकी प्रशांत बेड़े के उप-कमांडर रियर एडमिरल जोकिन जे. मार्टिनेज डी पिनिलोस।
- **स्वरूप:** इस वर्ष चर्चा-आधारित टेबलटॉप अभ्यास (TTX); बड़े पैमाने के मानवीय सहायता एवं आपदा राहत (HADR) अभियानों में संयुक्त योजना, समन्वय व अंतर-संचालनीयता; संयुक्त बहु-क्षेत्रीय अभियानों पर बल।
- **सहभागी:** भारत- नौसेना, थल सेना, वायुसेना व तीनों सेनाओं के विशेष बल; पहली बार NDRF का दल; अमेरिका- वायुसेना, थल सेना, मरीन कोर, नौसेना तथा अंतरिक्ष, साइबर, चिकित्सा व बम-निरोधक विशेषज्ञ।

द्वितीय आसियान-भारत समुद्री अभ्यास (AIME-2026)

- **तिथि एवं स्थान:** 28 सितंबर-2 अक्टूबर 2026 (उद्घाटन 29 सितंबर), **सुबिक खाड़ी/जाम्बालेस तट, फिलीपींस; सह-मेजबान**- भारतीय नौसेना व फिलीपींस नौसेना।
- **विषय (Theme):** "Anchored in Trust, United at Sea"
- **भारतीय पोत:** INS सह्याद्रि व INS कुलिश।
- **चरण:** बंदरगाह चरण, समुद्री चरण।

भारत-यूएई संयुक्त सैन्य अभ्यास 'माउंटेन गार्डियन 2026'

- **तिथि एवं स्थान:** 5-18 अक्टूबर 2026, **फॉरेन ट्रेनिंग नोड, चौबटिया (उत्तराखंड)।**
- **सहभागिता:** कुल 92 सैनिक (समान प्रतिनिधित्व); **भारतीय सेना**- भैरव बटालियन; **UAE**- माउंटेन इन्फैंट्री बटालियन; दोनों ओर से महिला अधिकारी भी।
- **उद्देश्य:** पर्वतीय युद्ध (Mountain Warfare) पर केंद्रित अंतर-संचालनीयता।

भारत-ब्रिटेन नौसैनिक अभ्यास 'कोंकण-2026'

- **तिथि एवं स्थान:** 8-15 अक्टूबर 2026, **प्लायमाउथ (ब्रिटेन)** के निकट; बंदरगाह चरण व समुद्री चरण (12-15 अक्टूबर)।
- **पोत:** भारत- **INS** त्रिशूल; ब्रिटेन- INS सदरलैंड।
- **संचालन:** रॉयल नेवी का **फ्लीट ऑपरेशनल सी ट्रेनिंग (FOST)** विभाग।

भारत-रूस नौसैनिक अभ्यास 'इंद्र-2026'

- **तिथि एवं स्थान:** 13-18 अक्टूबर 2026, **व्लादिवोस्तोक (रूस); INS सह्याद्रि** 10 अक्टूबर को पहुँचा।
- **सहभागी:** भारतीय नौसेना तथा रूसी संघ की नौसेना (RuFN)।

भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका समुद्री अभ्यास 'IBSAMAR-IX 2026'

- **स्थान एवं समापन:** दक्षिण अफ्रीका; 20 अक्टूबर 2026 को **साइमन्स टाउन** में संपन्न (10 दिवसीय)।
- **विषय:** "Unity and Resilience towards a Shared Future in the Maritime Domain"
- **पोत:** भारत- **INS तरकश**
- **अभ्यास:** सतही, वायु-रोधी व पनडुब्बी-रोधी युद्ध, VBS, समुद्री डकैती-रोधी अभियान, खोज-बचाव, क्षति नियंत्रण।

भारत-ऑस्ट्रेलिया संयुक्त सैन्य अभ्यास 'ऑस्ट्राहिंद 2026' (5वाँ संस्करण)

- **तिथि एवं स्थान:** 19 अक्टूबर-1 नवंबर 2026, **फॉरेन ट्रेनिंग नोड, तिरुवनंतपुरम (केरल)।**
- **सहभागिता:** प्रत्येक पक्ष से लगभग 120 सैनिक; **भारत**- गढ़वाल राइफल्स; **ऑस्ट्रेलिया**- 13वीं ब्रिगेड।
- **फोकस:** संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय VII के अंतर्गत द्वीपीय एवं तटीय क्षेत्रों में संयुक्त उप-पारंपरिक अभियान; निगरानी-टोही, महत्त्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा, HADR
- **विशेष:** पहली बार **न्यूजीलैंड** का पर्यवेक्षक दल शामिल।

भारत–इंडोनेशिया संयुक्त विशेष बल अभ्यास 'गरुड़ शक्ति' (11वाँ संस्करण)

- **तिथि एवं स्थान:** 27 अक्टूबर–6 नवंबर 2026, **बान्यूवांगी (इंडोनेशिया)।**
- **सहभागी: भारत**– पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल); इंडोनेशिया–विशेष बल।
- **फोकस:** जंगल क्षेत्र में विशेष सैन्य अभियान– बाधा पार करना, युद्धक निशानेबाजी, पर्वतारोहण, हवाई आक्रमण प्रशिक्षण; अंतिम चरण में सत्यापन अभ्यास।

भारत–सिंगापुर समुद्री द्विपक्षीय अभ्यास 'SIMBEX–2026'

- **संस्करण:** 33वाँ; 21–26 अक्टूबर 2026, **विशाखापत्तनम** (बंदरगाह चरण 21–23, समुद्री चरण 24–26 अक्टूबर, बंगाल की खाड़ी)।
- **पोत:** भारत– **INS नीलगिरि** व **INS कमोर्ता।**
- **समापन (26 अक्टूबर 2026):** सिंगापुर की ओर से **RSS सुप्रीम,** भारत की ओर से P-8I, डोर्नियर, हॉक व MH-60R विमान भी शामिल; समुद्री चरण में समुद्री अवरोध अभियान, पनडुब्बी–रोधी युद्ध (ASW), हवाई व सतही खतरों से निपटने के अभ्यास।

12वाँ राष्ट्रीय समुद्री खोज एवं बचाव अभ्यास (SAREX–2026)

- **तिथि एवं स्थान:** 8 अक्टूबर 2026, **पारादीप (ओडिशा)** के निकट; उद्घाटन 7 अक्टूबर को रक्षा राज्य मंत्री **संजय सेठ** द्वारा।
- **आयोजक:** भारतीय तटरक्षक बल, राष्ट्रीय समुद्री खोज एवं बचाव बोर्ड (NMSARB) की देखरेख में।
- **विषय:** "Leveraging technology to enhance SAR preparedness and maritime safety"
- **सहभागिता:** 30 मित्र देशों के 32 पर्यवेक्षक।
- **नोट (NOTE)**
  - ♦ भारतीय तटरक्षक बल का आदर्श वाक्य: ''वयम् रक्षाम:''।

संयुक्त समुद्री बल: CTF–154 की कमान का भारतीय कार्यकाल पूर्ण

- **कार्यकाल:** भारतीय नौसेना ने 11 फरवरी 2026 को पहली बार संयुक्त कार्य बल–154 (CTF–154) की कमान संभाली; 14 अक्टूबर 2026 को मनामा में बहरीन को कमान सौंपी।

अन्य रक्षा सहभागिताएँ

- **एक्सरसाइज कैम्ब्रियन पेट्रोल 2026:** भारतीय सेना की **असम रेजिमेंट की टीम ने स्वर्ण पदक जीता;** 2–12 अक्टूबर 2026, **वेल्स (ब्रिटेन);** 100 से अधिक टीमें–विश्व के **कठिनतम सैन्य गश्ती** अभ्यासों में से एक।
- **भारत–मंगोलिया:** रक्षा संयुक्त कार्य समूह की 14वीं बैठक, उलानबाटार (16 अक्टूबर)।

सूचकांक एवं रिपोर्ट

वैश्विक भूखमरी सूचकांक (GHI) 2026

- **भारत की स्थिति:** 122 देशों में **100वाँ स्थान;** स्कोर 24.1– **'गंभीर (Serious)' श्रेणी** (2012 से); **पिछले वर्ष** 123 में 102वाँ।
- **थीम: "No security without food security"**
- **भारत के संकेतक:** अल्पपोषण 9.8%; **बाल वेस्टिंग 19.0% (रिपोर्ट में सर्वाधिक);** बाल स्टंटिंग 29.3% (पहली बार 'बहुत उच्च' से 'उच्च' श्रेणी में); 5 वर्ष से कम आयु मृत्यु दर 2.7%।
- **तुलना:** दक्षिण एशिया का स्कोर 23.4; विश्व 18.1; भारत पाकिस्तान (25.5) व अफगानिस्तान से बेहतर, बांग्लादेश से पीछे।

हेनले पासपोर्ट इंडेक्स (अक्टूबर 2026)

- **भारत:** 84वाँ स्थान (पिछले 85वें से सुधार), अल्जीरिया व मॉरिटानिया के साथ संयुक्त; वीजा–मुक्त पहुँच– 55 गंतव्य (अक्टूबर 2025 में 57)।
- **शीर्ष:** सिंगापुर (1, 193 गंतव्य); जापान, दक्षिण कोरिया, UAE (संयुक्त 2, 188); स्वीडन (3)।

UNEP उत्सर्जन अंतराल रिपोर्ट 2026

- **जारी:** 21 अक्टूबर 2026, संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)।
- **शीर्षक:** "The Point of Return: Urgent emissions cuts needed to come back from overshoot of 1.5°C"

- **तापवृद्धि अनुमान (2100 तक):** वर्तमान नीतियाँ- **2.8°C;** बिना शर्त NDC- 2.7°C; सशर्त NDC- 2.6°C; NDC + नेट-जीरो प्रतिज्ञाएँ- 2.1°C।
